✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 206 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 23 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी एसआई प्रारंभिक परीक्षा 21 जनवरी को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने पुलिस अवर निरीक्षक प्रारंभिक परीक्षा 2025 की तारीखों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। आयोग के अनुसार यह परीक्षा 18 जनवरी और 21 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। दोनों ही दिनों में परीक्षा दो पालियों (शिफ्ट) में होगी। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि बीपीएससी सीसीई 2025 का एडमिट कार्ड 30 दिसंबर 2025 को जारी किया जाएगा।

### शिक्षक नियुक्ति के लिए सभी जिलों से नहीं मिली रिक्ति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए सभी जिलों से रिक्ति नहीं मिल सकी है। अबतक 30 जिलों ने ही रिक्ति भेजी है। शिक्षा विभाग को आठ जिलों से रिक्ति मिलना बाकी है। शिक्षा विभाग पिछले लगभग छह माह से कक्षा एक से 12 तक के शिक्षकों की रिक्ति मांग रहा है लेकिन रिक्ति मिलने में देरी हो रही है। अबतक पश्चिम चंपारण, सीवान, मधेपुरा, अररिया, कटिहार और शेखपुरा सहित आठ जिलों से रिक्ति मिलना शेष है। सोमवार तक पटना, भागलपुर और मुजफ्फरपुर सहित 30 जिलों की रिक्ति मिली है।

### पांच अभियंता निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जलापूर्ति से जुड़ी शिकायतों के समाधान में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने एक कार्यपालक अभियंता और चार सहायक अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। निलंबित अभियंताओं में दरभंगा के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार झा, लालगंज के सहायक अभियंता राकेश कुमार रंजन, सीतामढ़ी के सहायक अभियंता महेश कुमार, पुपरी के सहायक अभियंता (यांत्रिक) मनीष कुमार प्रियदर्शी तथा लहेरियासराय के सहायक अभियंता शिव कुमार शामिल हैं।

## सरकारी जमीन पर कब्जा की सूचना देने पर मिलेगा इनाम : विजय सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को जनसुनवाई की। इसमें शिकायतें सुनकर एक बार फिर उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को काम में सुधार की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि काम टालने की प्रवृत्ति से अधिकारी-कर्मी बाज आएं। समस्या का समाधान करें। जनता तो इतनी दिलदार होती है कि अच्छे पदाधिकारियों के जाने पर रोती है। इसलिए ईमानदारी से काम करें ताकिजनता के मन में आपके लिए सम्मान हो। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सीओ, आरओ या कर्मचारी कार्यालय में दलालों की सक्रियता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने डीएम को निर्देश दिया कि ऐसे लोगों को रैंडम पकड़वाइए। यह सब सिस्टम बंद होगा। उन्होंने कहा कि अभी दाखिल-खारिज, परिमार्जन और मापी उनकी प्राथमिकता है। जो इसे 15 दिनों में निपटा देंगे, उन्हें सम्मानित करेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि इसके बाद सरकारी जमीन पर चलेंगे। जिन लोगों ने पाप किया है, वे बचेंगे नहीं। नेतृत्व ने सोच-समझकर उन्हें यह विभाग दिया है। कौन-कौन कब्जा किया है, इसकी सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जिस तरह बालू माफिया की सूचना देने पर ईनाम का प्रावधान किया है, उसी तरह सरकारी जमीन मामले में भी करेंगे। एक कृषि भूमि का गलत तरीके से दाखिल-खारिज कराने के मामले में कोर्ट से फैसला देने पर उन्होंने कहा कि इस मामले में एडवोकेट जनरल से प्रधान सचिव बात करेंगे कि इतनी हड़बड़ी में फैसला कैसे आ गया। मुजफ्फरपुर से कई शिकायतें आईं। मुसहरी अंचल के मामले को 10 दिन में निपटाने का निर्देश दिया। एडीएम को उन्होंने एक-एक मामले की निगरानी का निर्देश दिया। फर्जी दस्तावेज लगाकर सही जमीन को विवादित करेंगे, उनपर कार्रवाई की जाएगी। सात साल की सजा भी होगी। सभी सीओ फर्जी दस्तावेज लगाने वाले की पहचान करें। उनपर एफआइआर कराएं।



## 19 माफिया की संपत्ति होगी जब्त इओयू ने इडी को भेजा प्रस्ताव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी के माफियाओं के खिलाफ चलाए गए अभियान का असर दिखने लगा है। आर्थिक अपराध इकाई ने सूबे के 8 भूमि माफियाओं और 11 बालू माफियाओं की संपत्ति जब्ती का प्रस्ताव प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भेजा है। इन माफियाओं की करीब 55 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जाएगी। सोमवार को ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लों ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार में बालू माफिया और भू माफिया के विरुद्ध आर्थिक अपराध इकाई ने कार्रवाई तेज कर दी है। विशेष टीम का गठन किया गया है जो इस मामले को देखेगी। अब तक 11 बालू माफिया की सूच ना इकट्ठी की गई है और उनके द्वारा अर्जित संपत्ति को चिन्हित किया गया है। 11 बालू माफिया की 15.09 करोड़ की संपत्ति चिन्हित की गई है। वहीं 8 भू माफिया की 40 करोड़ संपत्ति है। उनका आपराधिक इतिहास भी रहा है जिसकी जानकारी भी इडी को दी गई है। उनकी चल और अचल संपत्ति की जानकारी भी इडी को दी गई है। संपत्ति जब्त करने को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है। इससे पहले नीतीश सरकार के नए गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने खुले मंच से ऐलान किया था कि राज्य में तीन तरह के माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। इसमें जमीन माफिया, शराब माफिया और बालू माफिया शामिल है। सम्राट ने कहा कि अभी तक 400 माफिया को चिह्नित किया जा चुका है। 1200 की नई लिस्ट भी बन गई है। कोर्ट से आदेश लेकर ऐसे लोगों को पस्त करूंगा और जेल में डालने का काम करेंगे।

## 71863 प्रारंभिक विद्यालयों में कमजोर बच्चों की होगी विशेष निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश के सभी 71,863 प्रारंभिक विद्यालयों में कमजोर बच्चों की विशेष निगरानी होगी। इसके लिए हर विद्यालय प्रखंड शिक्षा कार्यालय के साथ समन्वय कायम करेगा। 24 दिसंबर को प्रत्येक विद्यालय में हर बच्चा श्रेष्ठ थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग का यह मानना है कि हर बच्चा विशेष है, उसमें प्रतिभा और श्रेष्ठ बनने की क्षमता है। इसके मद्देनजर इस बार होने वाले अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का थीम भी यही रखा गया है। यह थीम इसलिए रखा गया है ताकि प्रत्येक बच्चे के सीखने की क्षमता और प्रगति को उसकी अपनी गति के अनुसार पहचाना और सराहा जा सके। सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन को लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (एसएसए) को निर्देश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी, अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहभागी बनाते हुए घर और विद्यालय के बीच सार्थक संवाद एवं सहयोग को सशक्त करता है। इसके माध्यम से बच्चों मे आत्मविश्वास का विकास तथा सीखने के लिए सकारात्मक, समावेश वातावरण का निर्माण सुनिश्चित किया जाता है। संगोष्ठी में अधिक से अधिक अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित किया जाना चाहिए। संगोष्ठी में शिक्षक प्रत्येक बच्चों की शैक्षणिक एव उसकी उपलब्धियों और सीखने की आवश्यकताओं पर अभिभावकों के साथ चर्चा कर सकें।

## पीएम मोदी और अमित शाह से मिले नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** बिहार में नई एनडीए सरकार के गठन के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह बैठक 30 मिनट तक चली। पीएम आवास पर हुई मुलाकात में नीतीश के साथ केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। इस दौरान बिहार सरकार की प्राथमिकताओं और राजनीतिक बातें हुई। वहीं बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने बताया कि मुलाकात के दौरान सात निश्चय योजना 3.0 को लेकर बातचीत हुई। इसके साथ ही यह भी विचार-विमर्श किया गया कि केंद्र सरकार बिहार की और किस तरह से मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद इस तरह की बैठकें सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा होती हैं, जिसमें भविष्य की योजनाओं और सहयोग पर चर्चा होती है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम नीतीश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। शाह ने नीतीश कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया। बता दें कि नीतीश कुमार बिहार में नई एनडीए सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री पहली बार दिल्ली पहुंचे हैं। इससे पहले पटना में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मुलाकात हुई थी। तब मुख्यमंत्री समेत सरकार के अन्य मंत्रियों ने गांधी मैदान में प्रधानमंत्री की मौजूदगी में शपथ ली थी।



## बंदे कमरे से मिला मां-बेटी का शव

**लखीसराय(नबिटा ब्यूरो)।** सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के मानो इंग्लिश बिंद टोली में सोमवार को मां-बेटी का शव उनके घर के कमरे से बरामद किया गया है। परिजनों का कहना है कि खाना खाने के बाद दोनों अपने कमरे में सोने चले गए थे। सुबह करीब 8 बजे परिजन उन्हें जगाने गए तो उनकी लाश पड़ी थी। बेड पर दोनों के वॉमिटिंग के साक्ष्य भी मिले हैं। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक, आशंका है कि दोनों ने आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान दिवंगत छोटू बिंद की विधवा पत्नी गौरी देवी और उनकी 16 साल की बेटी काजल कुमारी के रूप में हुई है। सूर्यगढ़ा थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।




# मनरेगा को बंद करने की साजिश के तहत राज्यों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही केंद्र सरकार : राजेंद्र पाल गौतम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के एससी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में कांग्रेस के एससी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि जब संविधान लिखा जा रहा था तो ड्राफ्टिंग कमिटी के चेयरमैन के तौर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाना चाहते थे, लेकिन उस वक्त देश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इसे वे बनाने में असमर्थ थे, लेकिन 2005 में हमारी कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने सौ दिनों के रोजगार को स्थापित करने की आवश्यकता समझते हुए इस योजना को लागू कराया ताकि गांव में ही लोगों को काम मिले और कोई भूखा न रहे। साथ ही इसको लागू करते ही इसकी बजट का 90% खर्च केंद्र सरकार उठाएगी। ग्राम सभाओं की मजबूती के लिए और गांव की जरूरत के हिसाब से इस योजना को लागू करने के लिए ग्राम सभाओं को इसका पूर्ण अधिकार दिया गया, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे पूरी तरीके से खत्म करने पर उतारू हो गई। महिलाओं, मजदूरों और युवाओं के लिए हर तरीके से इस सरकार ने छलने का काम किया। कानून में दिखाने के लिए इस सरकार ने सौ की जगह 125 दिन का काम तो दिखा दिया, लेकिन पंचायती राज से इस योजना को छिन लिया और साथ ही मजदूरों के रोजगार की गारंटी को भी छीन लिया और केंद्र की सरकार पर इसके कार्यों को तय करने का अधिकार दे दिया गया है। पहले से आर्थिक बोझ सह रहे राज्य सरकारों को अतिरिक्त बोझ देकर इस योजना को बंद करने की पूरी योजना इस सरकार ने लगाया है क्योंकि 40% आर्थिक बोझ वहन करने में कोई राज्य सरकार सक्षम नहीं है। देश के तमाम सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को यह सरकार बेच रही है या पूंजीपतियों के हाथों गिरवी रख रही है। नाम बदलने पर वर्तमान सरकार पर करारा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली राज्य में कांग्रेस के द्वारा संचालित प्रतिभा विकास विद्यालय का नाम बदलकर आम आदमी पार्टी ने डॉ अंबेडकर स्पेशलाइजेशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस किया और अब भाजपा की इस सरकार ने उसी योजना का नाम सीएम श्री स्कूल ऑफ एजुकेशन कर दिया। ये नाम बदलने वाली सरकार है जो नई योजना नहीं लाती है केवल पुराने योजनाओं का नाम बदल देती है। नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन का नाम बदलकर दिन दयाल उपाध्याय ग्रामीण अंत्योदय योजना कर दिया, नेशनल अर्बन लाइवलीहुड मिशन का नाम बदलकर दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना कर दिया, राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना का नाम बदलकर दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, निर्मल भारत अभियान को स्वच्छ भारत अभियान कर दिया, जवाहरलाल नेहरू अर्बन रिनिवल मिशन जिसका नाम बदलकर अटल मिशन कर दिया, इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना को बदलकर प्रधानमंत्री सहयोग योजना कर दिया।

# मौलाना मजहरुल हक की जयंती पर स्मृति व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आज महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना मजहरुल हक एवं विश्वविख्यात गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर स्मृति व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि मौलाना मजहरुल हक और श्रीनिवास रामानुजन व्यक्तित्व एवं कार्यक्षेत्र की दृष्टि से भिन्न होते हुए भी समाज के लिए समान रूप से प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि जहां मौलाना मजहरुल हक राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन के प्रबल पक्षधर थे, वहीं श्रीनिवास रामानुजन गणित के प्रति अद्वितीय समर्पण और साधना के प्रतीक थे। उनके जीवन से हमें राष्ट्रभक्ति, साधना, अनुशासन और कर्मनिष्ठा की सीख मिलती है। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन में मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए तथा कठिन परिस्थितियों को अदम्य साहस और उत्साह के साथ पार करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा दोनों विभूतियों की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने स्वागत भाषण के माध्यम से सभी आगत अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर बी.एड. प्रशिक्षुओं द्वारा गणितीय अवधारणाओं पर आधारित रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं जिन्होंने दर्शकों को न केवल ज्ञानवर्धन किया बल्कि सांस्कृतिक चेतना से भी जोड़ा। बिहार विद्यापीठ के संयुक्त सचिव डॉ. अवधेश कुमार नारायण ने अपने स्वरचित काव्य-पाठ के माध्यम से मौलाना मजहरुल हक के जीवन, संघर्ष और योगदान को अत्यंत प्रभावशाली एवं भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत कर वातावरण को प्रेरणास्पद बना दिया। कार्यक्रम के अंत में बी.एड. प्रशिक्षु अमितेश ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नेचर विलेज के संस्थापक निर्भय सिंह ने दी नितिन नवीन को शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमुई।** जमुई के चर्चित नेचर विलेज के संस्थापक और पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी निर्भय प्रताप सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के बिहार आगमन पर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन बिहार की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं और बिहार की मिट्टी से गहरे जुड़े हुए हैं। निर्भय प्रताप सिंह ने कहा कि नितिन नवीन लगातार कार्यकर्ताओं के संपर्क में रहते हैं और यही कारण है कि पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उन पर अटूट विश्वास है। उन्होंने बताया कि संगठन और कार्यकर्ताओं की नब्ज को समझने की उनकी क्षमता उन्हें एक मजबूत और प्रभावी नेतृत्व प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने नितिन नवीन पर भरोसा जताकर बिहार की माटी का गौरव बढ़ाया है। यह निर्णय न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने वाला है, बल्कि इससे युवा पीढ़ी को भी आगे बढ़ने और संगठन से जुड़कर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। निर्भय प्रताप सिंह ने उम्मीद जताई कि नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी बिहार में और अधिक सशक्त होगी तथा संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति बिहार की राजनीति और संगठनात्मक मजबूती के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

# सरकार कुपोषित बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान कराने के प्रति गंभीर: मंगल पांडे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में नवजात एवं 5 वर्ष तक के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर कई सेवाएं उपलब्ध करायी गई है जिसमें एसएनसीयू, एनआईसीयू सहित एनआरसी सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। इस दिशा में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) के माध्यम से राज्य में कुपोषण की गंभीर चुनौती से निपटने के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव किया गया है। अब तक पोषण पुनर्वास केंद्रों में केवल चिकित्सीय जटिलता युक्त सीवियर एक्यूट मालन्यूट्रिशन (सैम) से पीड़ित बच्चों को ही भर्ती किया जाता था। अब इन पोषण पुनर्वास केंद्रों में चिकित्सीय जटिलतायुक्त मध्यम तीव्र कुपोषित (मैम) बच्चों को भी भर्ती किया जाएगा। इस पहल के जरिए मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों को समय पर उपचार एवं पोषण संबंधी सहायता देकर सैम में परिवर्तित होने से रोका जा सकेगा। राज्य में कुल 41 एनआरसी संचालित हैं। श्री पांडेय ने कहा कि मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों में रिकेट्स, अनीमिया और विटामिन की कमी या अन्य चिकित्सीय जटिलताएं पायी जाती है। इस कारण उनके सैम में परिवर्तित होने का जोखिम अधिक रहता है।

# दैनिक जीवन में ध्यान को अपनाने की जरुरत : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर द्वारा कराई गई ध्यान साधना पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने गहरी प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि चित्त या मन की एकाग्रता के लिए ध्यान साधना अत्यंत आवश्यक है। मन स्वभाव से चंचल होता है और क्षण भर में संसार भर की यात्रा कर लेता है, इसलिए मन की शांति और संतुलन के लिए ध्यान का अभ्यास जरूरी है। उन्होंने कहा कि ध्यान केवल आध्यात्मिक साधना ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। वैज्ञानिकों के अनुसार ध्यान से तनाव कम होता है, सिरदर्द जैसी समस्याओं से राहत मिलती है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। प्रेम कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रातःकाल स्नान के बाद और संध्या समय किसी एक इष्ट का ध्यान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तन की शुद्धि आवश्यक है, उसी प्रकार मन की शुद्धि भी उतनी ही जरूरी है और यह शुद्धि ध्यान साधना से ही संभव है। उन्होंने विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में ध्यान को अपनाने की अपील की।

# मौलाना मजहरूल हक की 159 वीं जयंती सदाकत आश्रम में मनायी गयी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना मजहरूल हक की 159 वीं जयन्ती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर मौलाना मजहरूल हक के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राजेश राम ने कहा कि हक साहेब महात्मा गांधी के मित्र थे और महात्मा गांधी जब चम्पारण यात्रा पर पटना आये थे वे मजहरूल हक साहेब के आवास पर ही ठहरे थे। मजहरूल हक कौमी एकता के प्रबल समर्थक थे तथा डा. राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ 1921 में प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय का नाम सदाकत आश्रम रखा था।

# अपनी सशक्त पहचान बना चुका - 'टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स'

**▸ सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी बना मंच ▸ कक्षा शिक्षण और छात्र अधिगम में भी ठोस और सकारात्मक बदलाव**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बदलते समय के साथ शिक्षा व्यवस्था में नवाचार, तकनीक और शिक्षक सहयोग की भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में बिहार से शुरू हुआ मंच टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स आज देश की सबसे बड़ी प्रोफ़ेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। यह मंच न केवल शिक्षकों को आपस में जोड़ रहा है, बल्कि कक्षा शिक्षण और छात्र अधिगम में भी ठोस और सकारात्मक बदलाव ला रहा है। टीचर्स ऑफ बिहार मंच का मूल उद्देश्य शिक्षकों द्वारा शिक्षकों के लिए सहयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा देना है। यहां शिक्षक अपने अनुभव, नवाचार, शिक्षण सहायक सामग्री, गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियां और कक्षा में किए गए सफल प्रयोग साझा करते हैं। इसका सीधा प्रभाव सरकारी विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में देखा जा रहा है। मंच के शैक्षिक प्रयासों को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा सराहा जाना इसकी राष्ट्रीय पहचान को दर्शाता है। डिजिटल माध्यम से शिक्षा के विस्तार की दिशा में मंच द्वारा कई ई-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित की जा रही हैं। दैनिक ज्ञानकोश के माध्यम से समसामयिक और सामान्य ज्ञान, प्रज्ञानिका के जरिए शैक्षिक नवाचार, साहित्य और शोध, जबकि बालमंच और बालमन बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति और लेखन को मंच प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा पद्यपंकज और गद्यगुंजन जैसी पत्रिकाएं भी शिक्षकों और छात्रों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार और तकनीकी टीम लीडर शिवेंद्र प्रकाश सुमन के नेतृत्व में यह मंच निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार और प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार के अनुसार यह मंच अब केवल डिजिटल प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि शिक्षा सुधार का एक सशक्त आंदोलन बन चुका है। इवेंट लीडर केशव कुमार ने बताया कि मंच द्वारा वेबिनार, ऑनलाइन शिक्षक संवाद, नवाचार प्रदर्शन और कार्यशालाओं का नियमित आयोजन किया जाता है जिससे शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों, डिजिटल टूल्स और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पद्धतियों की जानकारी मिलती है।

# 39 वां वर्द्धमान महावीर स्मृति अन्तर्जालीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन-धर्म में अहिंसा परमो धर्मः तथा सत्यं धर्मस्य मूलम पर विशेष बल दिया गया है। जीव हत्या निषिद्ध है। शाकाहारी भोजन पर्यावरण के आवश्यक है। महावीर ने अपने सिद्धांतों में समन्वयवादी दर्शन को अपनाया जिसका वर्णन योगशास्त्र और गीता में भी है। विश्व में शांति स्थापित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है तथा सनातन संस्कृति के लिए भी-ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक और माननीय सदस्य (प्रशासकीय) लोक सेवा न्यायाधीकरण उत्तर प्रदेश सरकार के डा. अनिल कुमार सिंह ने वर्द्धमान महावीर स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण के निरन्तर 39 वें समापन समारोह का उद्घाटन करते हुए कही। अपने अध्यक्षीय भाषण में विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवम आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा का ज्ञान भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कार को जानने के लिए आवश्यक है। संस्कृत भारत की आत्मा,प्राण, प्रज्ञा, जीवन -दर्शन, दृष्टि एवं कलेवर है। संस्कृत के बिना भारत की कल्पना भी संभव नहीं है।

# उन्नत बीज और गहन खेती से दलहन-तेलहन का उत्पादन बढ़ा सकते हैं किसान : पंकज कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार की अध्यक्षता में आज कृषि भवन, पटना के सभागार में राज्य में दलहन, तिलहन एवं मक्का फसलों के क्षेत्र विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि वैज्ञानिकों एवं किसानों के साथ एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग और गहन खेती की तकनीकों को अपनाकर किसान दलहन एवं तिलहन के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में कृषि को केवल जीवन निर्वहन का साधन न मानकर किसानों की समृद्धि का सशक्त माध्यम बनाने की दिशा में कृषि विभाग निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बिहार में हमने पिछले 20 वर्षों में बहुत-सी उपलब्धियां हासिल की हैं। धान और गेहूं का उत्पादन बढ़ाने में हमने बड़ी कामयाबी हासिल की है। अब हमें दलहन और तिलहन के उत्पादन को बढ़ाना है। साथ ही बिहार में चिया सीड के उत्पादन को बढ़ावा देने और अंतरवर्तीय खेती को प्रोत्साहित करने से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे। आज बिहार के कोसी क्षेत्र में काफी अधिक मात्रा में मक्का उत्पादित हो रहा है और यहां अब यह नकदी फसल का रूप ले चुका है। मक्का के उत्पादन में वृद्धि और इससे जुड़े व्यवसाय में विकास की काफी संभावना है।

# 25 को धूमधाम से निकलेगी जैन महामुनि सेठ सुदर्शन स्वामी की रथ यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन महामुनि सेठ सुदर्शन स्वामी के निर्वाणोत्सव 25 दिसम्बर की तैयारी हेतु महामुनि सुदर्शन निर्वाणोत्सव समिति की बैठक दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित की गयी। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद सचिव पराग जैन ने बैठक में बताया कि जैन महामुनि सुदर्शन स्वामी के निर्वाणोत्सव पर एक भव्य शोभा रथ यात्रा पूरे धूम धाम के साथ 25 दिसम्बर को दिगंबर जैन मंदिर गुरारा से निकाली जायेगी जो चौक, मछरहट्टा, खांजेकला, पश्चिम दरवाजा, नवाब बहादुर रोड, गुलजारबाग, सुदर्शन पथ होते हुए तुलसी मंडी स्थित श्री कमलदहजी सिद्ध क्षेत्र स्थित दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचेगी। रथ यात्रा प्रारंभ के पहले सुबह 8:30 बजे भगवान का अभिषेक एवं पूजन होगा। सुबह 10:30 बजे रथ यात्रा प्रारंभ होगा। रथ यात्रा में भजनों की अमृत कलाकारों द्वारा किया जाएगा। संध्या 3 बजे कमलदह स्थित स्वामी सुदर्शन जैन मंदिर पर भगवान का 108 कलशों से अभिषेक किया जाएगा तथा इसके बाद महाप्रसाद होगा। जैन संघ पटना के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि सेठ सुदर्शन जैन मंदिर का निर्माण सन 1729 ई. में पटना के गुलजारबाग में किया गया था। सेठ सुदर्शन का जन्म चम्पापुर (भागलपुर) के नगर सेठ वृषभदास के यहां हुआ था। उनकी माता का नाम जिनमती था।

# गिरिराज उत्सव पैलेस में पटना कलम पेंटिंग्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** इंटैक, पटना चैप्टर द्वारा गिरिराज उत्सव पैलेस, बेलवरगंज में पटना कलम पेंटिंग्स शैली के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संयोजक भैरव लाल दास ने बताया कि पेंटिंग्स की दुनिया में किसी समय सरताज रही इस पटना कलम शैली के अधिकतर चित्रकार इसी पटना सिटी क्षेत्र में रहते थे। उन्होंने कहा कि यह दुख की बात है कि कभी सांस्कृतिक समारोह का केन्द्र रही पटना सिटी में आज एक भी आर्ट गैलरी नहीं है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पटना कलम पेंटिंग्स शैली को जीवन्त बनाने के लिए इंटैक द्वारा लगातार प्रयास किए जाएंगे। प्रशिक्षण प्रभारी कमलनयन श्रीवास्तव ने कहा कि यह कार्यक्रम 31 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। समाजसेवी एवं गिरिराज उत्सव पैलेस के मालिक राजेश वल्लभ ने कहा कि समाज को आगे बढ़कर ऐसे कार्यक्रमों में सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पटना सिटी की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए वे निजी स्तर पर सभी तरह का सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। संस्कृतिकर्मी आलोक चोपड़ा ने कहा कि पटना सिटी क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों का पुराना इतिहास रहा है परन्तु आज की पीढ़ी थोड़ी उदासीन हो गई है। उन्होंने कहा कि यहां के प्रत्येक मोहल्ला में इतिहास एवं विरासत की वस्तुएं विद्यमान हैं जिन पर हमें ही नहीं, पूरी दुनिया को फख्र होता है।

# रेल मुख्यालय हाजीपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक विजय कुमार की अध्यक्षता में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय 'कार्यालयी पत्राचार के विविध आयाम' था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विजय कुमार ने कहा कि यह संतोष का विषय है कि राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। इनके आयोजन से कर्मचारियों में सरकारी कार्य को सुगमता से करने में सहयोग प्राप्त होता है एवं उन्हें सेवाकालीन नई-नई चीजें सीखने को मिलती है तथा उन्हें अद्यतन जानकारी प्राप्त होती है। श्री कुमार ने उम्मीद व्यक्त की कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से एक सकारात्मक माहौल का निर्माण तो होगा ही रेलकार्मिकों को हिंदी में कार्य करने की प्रेरणा भी प्राप्त होगी। आयोजन में आमंत्रित मुख्य वक्ता डा. के.के कृष्ण, वरिष्ठ साहित्यकार ने कहा कि पत्राचार का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है और कार्यालयी पत्राचार में विशेष तकनीकी दक्षता की आवश्यकता होती है। पत्राचार का विषय यूं तो सुनने में सहज प्रतीत होता है, परंतु जानकारी नहीं होने से वह हमें असहज कर देता है।

# लड़कियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना आज की जरूरत : लेडी गवर्नर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लड़कियों की शिक्षा के लिए यह सर्वोत्तम कॉलेज है क्योंकि यहां महर्षि श्री अरविंद के शिक्षा-दर्शन एवं जीवन-मूल्यों के आधार पर हर तरह की शिक्षा दी जाती है। ये कहना है बिहार की लेडी गवर्नर रेशमा आरिफ का। वे सोमवार को श्री अरविंद महिला कॉलेज में बहुउद्देशीय भवन का उद्घाटन करने एवं 25 छात्राओं को छात्रवृत्ति बांटने के बाद अपने उद्घाटन संबोधन में कह रही थीं। समारोह की अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्विवद्यालय के कुलसचिव प्रो.अबु बकर ने की जबकि संचालन कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शिवनारायण सिंह कर रहे थे। लेडी गवर्नर ने इस अवसर पर कॉलेज के हिंदी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रिया कुमारी और डॉ. अरुण कुमार की लिखी पुस्तक 'अस्मितामूलक विमर्श' का लोकार्पण भी किया। साथ ही बिहार राज्य विश्विवद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जिनमें महासंघ के प्रधान संरक्षक गंगा प्रसाद, अध्यक्ष वेंकटेश कुमार, सचिव रोहित कुमार आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लड़कियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की आज की शिक्षा का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक लड़की के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है और देश मजबूत बनता है। उन्होंने कॉलेज के शिक्षकों की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक अच्छा शिक्षक ही छात्राओं की सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकता है।

# अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 127 लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में कुल 127 से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 20 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 75 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया।

# 25.98 करोड़ की लागत से पर्यटन हाट का होगा निर्माण

## पर्यटन हाट के निर्माण को इंद्रपुरी बराज के पास मापी करादी गयी दस एकड़

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव एस के मल्ल ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा को ले प्रस्तावित हाट के लिए विभाग की दस एकड़ भूमि देने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा में पर्यटन हाट स्थल का निरीक्षण व साईट प्लान का अवलोकन व निरीक्षण भी शामिल है। पर्यटन हाट के निर्माण को इंद्रपुरी बराज के पास दस एकड़ भूमि की मापी करा दिया गया है। पर्यटन विभाग ने 25.98 करोड़ की लागत से निर्माण होने वाले पर्यटन हाट की निविदा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने इस भोजपुरी हाट का शिलान्यास गत 24 सितम्बर को किया था। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री मल्ल ने हाट के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। विभाग ने भूमि मापी कराई। भूमि पर झंडे लगाए गए। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड प्रस्तावित स्थल पर निर्माण होने वाले हाट डिजाइन, गेस्ट हाउस, पर्यावरण अनुकूल कुटिया से सम्बंधित बैनर व सजावट करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। प्रस्तावित हाट का निर्माण बराज से सटे पश्चिमी मुख्य नहर के किनारे होगा। डिहरी से इसकी दूरी आठ किमी व डिहरी रोहतास राष्ट्रीय राजमार्ग से एक किमी की दूरी पर यह हाट बनेगा। इस हाट का मुख्य उद्देश्य इंद्रपुरी बाराज पर आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इसके निर्माण से स्थानीय कला, संस्कृति और उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होगा। हाट का निर्माण कार्य 2026 में पूरा होगा। इसके बन जाने से यह स्थान न सिर्फ एक बड़ा पर्यटन केंद्र बनेगा बल्कि रोहतास किला, तुतला भवानी आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र भी होगा। यह मिथिला हाट के बाद बिहार का दूसरा सबसे बड़ा पारंपरिक हाट होगा। यहां घूमने फिरने के साथ रेस्टुरेंट में भोजपुरी व्यंजन लिट्टी चोखा, मडुआ की रोटी, अदौरी, तिलौरी, अचार का स्वाद ले सकेंगे। वही गेस्ट हाउस व पर्यावरण अनुकूल कुटिया भी बनेगा। भोजपुरी संस्कृति पर आधारित भंसा घर भी बनेगा जहां गांव का थीम नजर आएगा। तालाब में बोटिंग की सुविधा भी मिलेगी। परिवार विभिन्न प्रकार का झूला बच्चों व बड़ों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही हस्तशिल्प, लोक नृत्य, लोकगीत और पारंपरिक शादी विवाह जैसे आयोजन भी किये जा सकेंगे।



# राष्ट्रीय गणित दिवस पर शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के अंतर्गत बड़की खरारी स्थित शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिहार काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार एवं कोऑर्डिनेटर आनंद कुमार ने अन्य फैकल्टी सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान टैलेंट सर्च परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गणित तर्क, नवाचार और विकास की आधारशिला है। राष्ट्रीय गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है और यह दिवस विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। वहीं, कोऑर्डिनेटर आनंद कुमार ने कहा कि गणित केवल एक अकादमिक विषय नहीं है, बल्कि यह दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने बताया कि बिहार काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, पटना द्वारा आयोजित इस परीक्षा में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें विज्ञान एवं गणित से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। इस अवसर पर आनंद कुमार, सोहिता राजपूत, सुनीता शर्मा सहित महाविद्यालय के अन्य फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कैमूर के कलाकार राज्य युवा उत्सव के लिए मधुबनी रवाना, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले का परचम लहराने के लिए आगामी 23-24 दिसंबर को आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में 25 सदस्यीय युवा कलाकारों का दल सोमवार को मधुबनी के लिए रवाना हो गया। समाहरणालय परिसर से जिला पदाधिकारी नितिन कुमार सिंह और अपर समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल ने संयुक्त रूप से टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के युवाओं में अद्भुत प्रतिभा है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि ये कलाकार राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। टीम में कुल 25 कलाकार शामिल हैं। लोकगायन (10 प्रतिभागी), लोकनृत्य (10 प्रतिभागी) के अलावा भाषण, कहानी लेखन और कविता लेखन में भी युवा अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। मौके पर नजारत उपसमाहर्ता उज्ज्वल कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुमन सौरभ और जिला खेल पदाधिकारी ओम प्रकाश कुमार मौजूद थे।



# प्रभावित रैयतों के लंबित मुआवजा का भुगतान शीघ्र करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को आरा-सासाराम-पटना एनएच-119ए तथा कोलकाता-वाराणसी एनएच-319बी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि अर्जन, मुआवजा भुगतान, लंबित दावों तथा कार्य-प्रगति से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के अंतर्गत प्रभावित रैयतों को शीघ्र एवं पारदर्शी मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष शिविर कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविरों के माध्यम से लंबित भुगतान से संबंधित मामलों का त्वरित निपटारा किया जाए, ताकि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि दोनों परियोजनाओं से संबंधित मध्यस्थता प्रपत्रों का समुचित रूप से संग्रह किया जाए जिससे विवादित प्रकरणों का समयबद्ध समाधान संभव हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए रैयतों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करने पर विशेष बल दिया। बैठक में जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी जफर हसन सहित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। परियोजना निदेशक द्वारा निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्ययोजना तथा चुनौतियों से जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं जिले के आर्थिक एवं सामाजिक विकास से सीधे जुड़ी हैं, अतः सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए समयसीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे सुनियोजित हमलों के विरोध में विहिप का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विहिप व बजरंग दल में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित सुनियोजित हमलों व दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में सोमवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। शहर के अम्बेडकर चौक से डिहरी बाजार के रास्ते गुजरते हुए थाना चौक पहुंची। थाना चौक पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेशी कट्टरपंथियों व जिहादी मानसिकता का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारी जय श्रीराम और बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो के नारे लगा रहे थे। विहिप नेता विकास कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाएं मानवता पर धब्बा है। दीपू चंद्र दास की हत्या ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों और तथाकथित उदारवादी वर्ग की चुप्पी समझ से परे है। हिन्दू जागरण मंच प्रान्त संपर्क प्रमुख गोपी कुमार ने कहा कि जब अन्य देशों की घटनाओं पर वैश्विक स्तर पर आवाज उठती है तो हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचारों पर वही संवेदनशीलता क्यों नहीं दिखाई जाती। दक्षिण विहार प्रान्त सुरक्षा प्रमुख दीपक दास ने कहा कि बांग्लादेश की घटनाएं केवल खबर नहीं, बल्कि गंभीर चेतावनी हैं जहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं। नुककड़ सभा को जिला संयोजक चन्दन गुप्ता, बजरंग दल नगर संयोजक अमर सिन्हा ने भी सम्बोधित किया। मौके पर प्रांत परियोजना प्रमुख अर्जुन केसरी, कुंदन चंद्रवंशी, दीपक गुप्ता, नीरज कुमार, सानू तिवारी, अमन चौधरी, धर्मवीर सिंह, धीरज कुमार, देवा कुमार, अंकित गुप्ता, पप्पू ठाकुर, आकाश कुमार, मोनू पाण्डेय, सुनील सिन्हा, पाण्डेय कुमार, आदि मौजूद थे।




# सासाराम की नूतन पांडेय बेंगलुरु में सम्मानित

## 200 विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देने के कार्य को मिली राष्ट्रीय पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** शिक्षिका एवं समाजसेविका नूतन पांडेय को 200 जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के उल्लेखनीय कार्य हेतु बेंगलुरु में आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव सेशन 3 के दौरान आईपीएस अधिकारी बिकास वैभव ने सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक नवाचार को समर्पित रहा। नूतन पांडेय लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के अंतर्गत गार्गी चैप्टर की जिला मुख्य समन्वयक हैं। उनके नेतृत्व में रोहतास जिले में 200 से अधिक बच्चों को नियमित, गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है जिससे वंचित वर्ग के बच्चों के भविष्य को नई दिशा मिल रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेंगलुरु के उद्यमियों से बिहार में उद्योग लगाने की अपील करना था, ताकि राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ें और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिल सके। उद्यमियों ने इस पहल में सकारात्मक रुचि दिखाई, जिससे यह कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा। स्टार्टअप कॉन्क्लेव सेशन 3 के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग एवं पथ मंत्री दिलीप जायसवाल थे। विशिष्ट अतिथियों में बैखुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी तथा डिहरी ऑन सोन विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह (रोहतास) शामिल रहे। अतिथियों ने शिक्षा और उद्यमिता के समन्वय को बिहार के विकास की कुंजी बताया। इस अवसर पर आईपीएस अधिकारी विकास वैभव के प्रयासों की भी विशेष चर्चा हुई जो बिहार में शिक्षा, सामाजिक समरसता और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में युवाओं को शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी पहलें की जा रही हैं।




# रोपवे से पर्यटकों को रोहतासगढ़ किला एवं शिव मंदिर का दर्शन करना होगा सरल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास प्रखंड क्षेत्र में रविवार को नवनिर्मित रोपवे का सफल ट्रायल किया गया। ट्रायल के तहत दो केबिन को रोपवे के दूसरे छोर कैमूर पहाड़ी के शीर्ष तक भेजा गया। आने वाले समय में कुल 12 केबिन लगाए जाएंगे जिससे पर्यटक आसानी से कैमूर पहाड़ी के शिखर तक पहुंच सकेंगे और कैमूर पहाड़ी की खूबसूरत वादियों का मनमोहक नजारा ले सकेंगे। रोपवे के माध्यम से अब श्रद्धालु और पर्यटक रोहतासगढ़ किला और चौरसन शिव मंदिर के दर्शन भी सरलता से कर पाएंगे। रोहतास रोपवे से जिले में पर्यटन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। इससे आसपास के लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। रोपवे के पूर्णरूप से चालू हो जाने के बाद जहां एक तरफ पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी वही दूसरी तरफ आसपास के लोगों को रोजगार भी मिलेगी।

# राज्य स्तरीय युवा खेल महोत्सव में रोहतास जिले से 21 प्रतिभागी लेंगे भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले में संपन्न हुए जिला स्तरीय युवा खेल महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सोमवार को मधुबनी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए भेजा गया। जिलाधिकारी रोहतास के निदेशानुसार सभी प्रतिभागियों को बस के द्वारा सासाराम के फजलगंज स्टेडियम से मधुबनी के लिए टीम प्रस्थान किया। कुल 21 प्रतिभागी एवं दो दल नेता को जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव मधुबनी में दो दिवसीय खेल महोत्सव के आयोजन के उपरांत 25 दिसंबर को रोहतास के प्रतिभागी पुनः वापस अपने जिले के लिए मधुबनी से प्रस्थान करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए मौसम को देखते हुए विशेष ध्यान रखने की भी बात कही गई।

# किसान मेले में आधुनिक कृषि यंत्र, ड्रोन तकनीक और उद्यान प्रदर्शनी रहा आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कृषि भवन के प्रांगण में आज 22 दिसंबर को दो दिवसीय 'किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी' का शानदार शुभारंभ हुआ। 22 और 23 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन कैमूर जिला पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मेले में आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों और उद्यान उत्पादों की प्रदर्शनी ने जिले भर से आए किसानों को आकर्षित किया। किसानों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अब समय आ गया है जब किसान केवल धान और गेहूं तक सीमित न रहें। उन्होंने आय दोगुनी करने के लिए फल, फूल और सब्जियों (बागवानी) की खेती को अपनाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से प्रोसेसिंग यूनिट (प्रसंस्करण इकाई) लगाने का सुझाव दिया। ताकि किसान अपने कच्चे माल को उत्पाद में बदलकर बाजार में अच्छे दामों पर बेच सकें। उद्यान प्रदर्शनी में लगभग 150 किसानों ने हिस्सा लिया जहां 21 श्रेणियों में उत्कृष्ट फसलों का प्रदर्शन किया गया। सब्जियां में मशरूम, शिमला मिर्च, पत्तागोभी, ब्रोकली और टमाटर।

फल में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, पपीता, अमरूद और केला। गुलाब और गेंदा के फूलों की आकर्षक किस्मों की भी प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में लगाये गए विभिन्न किस्मों का मूल्यांकन जिला स्तरीय चयन समिति करेगी। चयनित किसानों को 3000 (प्रथम), 2000 (द्वितीय) और 1000 (तृतीय) का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।



# नबाब अख्तर अंसारी ने गरीबों और असहायों के बीच बांटा कंबल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बढ़ती ठंड को देखते हुए समाजसेवी नवाब अख्तर अंसारी 'पानी वाले' द्वारा गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण का सराहनीय कार्य किया गया। इस दौरान विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों तथा खुले स्थानों पर रहने वाले जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। अख्तर अंसारी ने बताया कि वे हर वर्ष ठंड के मौसम में गरीब व असहाय लोगों की सेवा के उद्देश्य से कंबल वितरण करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके सहयोगी असलम कुरैशी के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव एवं सड़कों पर रात बिताने वाले जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचाया गया है। अब तक सैकड़ों कंबलों का वितरण किया जा चुका है और यह सेवा आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने अख्तर अंसारी की सराहना करते हुए कहा कि वे एक नेकदिल इंसान, सामाजिक कार्यकर्ता और गरीबों के सच्चे रहनुमा हैं।

# जोगिया वीर बाबा खेल मैदान बनेगा मिनी स्टेडियम : मो. जमा खां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के नौगढ़ में युवा शांति जोश फुटबॉल क्लब द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया। मैच उद्घाटन का मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खां, जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अंशु सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटा गया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश राम एवं सूर्य नारायण सिंह यादव द्वारा किया गया। यह मैच रोहतास जिले के नरैना बनाम कैमूर जिले के अमेठ के बीच खेला गया। खेल के प्रारंभ में अमेठ की टीम ने 02 से बढ़त बनाई परंतु हाफ टाइम के बाद नरैना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागते हुए अंत तक बराबरी पर जमा रहा। समिति के निर्णय पर ट्राई वेकर के माध्यम से अमेठ के खिलाड़ियों ने नरैना के खिलाड़ियों को तीन एक से पराजित कर टॉफी पर अपना कब्जा जमाया। वही अल्प संख्या कल्याण मंत्री मो0 जमा खां के द्वारा जनता को संबोधित करते हुए जोगिया वीर बाबा खेल मैदान को मिनी स्टेडियम बनाने का घोषणा किया गया जिससे क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु भगवानपुर थाना पुलिस मौजूद रहा।



# तालाब में डूबकर पशुपालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** क्षेत्र के सदोखर गांव में रविवार की देर शाम तालाब में डूबने से एक पशुपालक की मौत हो गई। मृतक चेनारी थाना क्षेत्र के सदोखर गांव निवासी लक्ष्मीकांत राम, पिता स्वर्गीय विश्वनाथ राम, उम्र 45 वर्ष तालाब में डूबने से उनकी मौत हो गई। मृतक तालाब में मवेशी निकालने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव वालों द्वारा उक्त तालाब से जेसीबी से मिट्टी की खुदाई कराई गई थी। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की।

# संयुक्त जिला कृषि भवन में दो दिवसीय किसान मेला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), कैमूर के तत्वावधान में भभुआ स्थित संयुक्त जिला कृषि भवन के प्रांगण में दो दिवसीय भव्य 'किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना तथा उनके उत्कृष्ट उत्पादों को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराना रहा। मेले में कुल 21 प्रकार की कृषि एवं उद्यान संबंधी प्रदर्शनियां लगाई गईं। उद्यान प्रदर्शनी के दौरान जिले के प्रगतिशील किसानों द्वारा अपने खेतों में उगाए गए फल, फूल, सब्जियां एवं औषधीय पौधों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी समय पर किसानों तक पहुंचनी चाहिए जिससे वे कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें और उनकी आय में वृद्धि हो।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

**(चोरी की गई हिरो स्पलेण्डर प्रो मोटरसाईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–342/2025 दिनांक–28.07.2025 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 में चोरी की गयी हिरो स्पलेण्डर प्रो मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JHO3L1032, चेचिस न0–MBLHA10BFFHD16014, इंजन नं0–HA10ERFHD25634 का अज्ञात चोर के द्वारा दिनांक–26.07.2025 को गढ़वा कचहरी के सामने रोड किनारे से चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 369186 Police(25-26)D



**योजना एवं विकास विभाग**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 15 (SBD)/2025–26

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

बिहार सरकार

पत्रांक 4162

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 4063 दिनांक 01.12.2025 द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 15 (SBD)/2025–26 जिसका Pr. N0. 018691 (Planning) 2025-26 जो विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित पूर्व निर्धारित तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| निविदा की कंडिका | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|
| 3. निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय | : दिनांक 22.12.2025 को 10.00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| 4 प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि | : दिनांक 19.12.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न, मुख्य अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विरवेश्वरैया भवन, चतुर्थ तल, कमरा नं0–423, बेली रोड, पटना–800015 |
| 5. निविदा अपलोड की अंतिम तिथि एवं समय | : दिनांक 29.12.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| 6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | : दिनांक 29.12.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |

शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No. 020166 (Planning ) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

## एक नजर

### रोटरी क्लब ऑफ नालंदा के डॉ0 अजय कुमार बने मण्डल 3250 के मंडलाध्यक्ष



**बिहारशरीफ**। रोटरी क्लब ऑफ नालंदा और पूरे नालंदा जिले के लिए यह क्षण अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक बन गया है। रोटरी इंटरनेशनल मण्डल 3250 (बिहार एवं झारखंड) के लिए रोटरी सत्र 2028–29 में रो॰ डॉ॰ अजय कुमार को मंडलाध्यक्ष चुना गया है। यह चुनाव राँची स्थित रोटरी क्लब में आयोजित मण्डलीय अधिवेशन 'समागम' के दौरान सम्पन्न हुए डीजीएनडी चुनाव में हुआ। चुनाव में रो॰ डॉ॰ अजय कुमार को कुल 112 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 63 मत मिले। स्पष्ट बहुमत के साथ मिली इस जीत ने न केवल उनकी लोकप्रियता और नेतृत्व क्षमता को साबित किया। बल्कि नालंदा जिले को रोटरी के इतिहास में एक नई पहचान भी दिलाई। वे नालंदा जिले के पहले रोटेरियन हैं, जिन्हें मण्डल 3250 (बिहार–झारखंड) का मंडलाध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। मंडलाध्यक्ष चुने जाने के बाद रो॰ डॉ॰ अजय कुमार ने मण्डल 3250 के सभी रोटरी क्लबों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता सभी सदस्यों के विश्वास, सहयोग और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।उन्होंने पीडीजी बिंदु सिंह, रो॰ रेखा, रो॰ राजेश, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो॰ नम्रता, पीडीजी जोगेश गंभीर, पीडीजी प्रतीम तथा पीडीजी शिव प्रकाश बगारिया के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए विशेष कृतज्ञता व्यक्त की।

### जनता के हर सुख दुख में साथ रहूंगीः अनिता

**वारिसलीगंज (नवादा)**। वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र ठेरा ग्राम पंचायत के जलालपुर गांव में सम्मान समारोह आयोजित कर ग्रामीणों ने 239-वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक अनिता का स्वागत किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता ग्रामीण सह पूर्व प्रमुख नरेश चौधरी तथा संचालन राजद नेता शंकर राम ने किया। विधायक को मंच पर विराजमान होते ही ग्रामीणों ने फूलों की माला देकर तथा सरदार बल्लभ भाई पटेल का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत की। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से आपलोगों ने मेरे उपर भरोसा और उम्मीद जताकर वारिसलीगज के नेतृत्व करने का मौका दिया है, उसी तरह से आप जनता मालिक के हर सुख दुख में साथ रहूंगी। मौके पर पूर्व विधायक प्रदीप कुमार, राजद नेता अशोक महतो, संजय यादव,पूर्व मुखिया अशोक पासवान तथा राजद नेता सहदेव यादव सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### मारपीट में प्राथमिकी, दो गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा)**। वारिसलीगंज नगर के बलवापर गांव में शनिवार की देर शाम हुए मारपीट की घटना से संबंधित दो अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कर दोनों ओर के नौ लोगों को नामजद किया गया है।पुलिस ने एक पक्ष के दो लोगों को स्व मथुरा यादव के पुत्र अजय यादव तथा स्व अयोध्या यादव के पुत्र फेकू उर्फ अशोक न यादव को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय भेज दिया है। घटना से जुड़े बाबूलाल यादव की पत्नी रेखा देवी के आवेदन पर गांव के अजय यादव, गोलू कुमार, राजवलभ कुमार तथा फेंकू उर्फ अशोक यादव को मारपीट एवं अभद्र व्यवहार करने का आरोपित बनाया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गई है।

### लॉजिक क्लियर रहने पर मैथ्स हो जाता है आसान

**नवादा**। भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जयंती ए- वन कंपटीशन सेंटर के छात्र - छात्राओं एवं शिक्षकों ने धूमधाम से मनाए। निदेशक सह गणित के शिक्षक डॉ अमरदीप सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को बताएं कि रामानुजन बहुत ही साधारण परिवार के बावजूद मैथ्स में हमेशा टॉप पर रहते थे। डॉ अमरदीप सिन्हा ने छात्र-छात्राओं के हित में बताया कि मैथ्स तुम्हें तभी हार्ड बनाने में लगते हैं यदि उनका लॉजिक क्लियर ना हो, ऐसा होने पर तुम उन्हें रट लेते हो जब किसी मैथ्स प्रॉब्लम में उन थ्योरी को अप्लाई करने की बारी आती है तो रटा हुआ भूल जाते हैं, इससे कंपटीशन एग्जाम में बहुत परेशानी होती है, यही बात फार्मूला पर भी लागू होती है पहले प्रॉब्लम को ध्यानपूर्वक पढ़ो और इसमें छिपे लॉजिक और स्टेप्स का पता लगाओ, किसी दोस्त के साथ प्रॉब्लम को डिस्कस कर उसका हल निकालना भी फायदेमंद तरीका है, इसके बाद विद्यार्थियों के बीच मैथ्स का क्विज प्रतियोगिता कराया गया उसके बाद परिणाम भी जारी कर दिया गया जिसमें पुरस्कृत विद्यार्थी सुनिधि भारती, दीपशिखा,सुनीता कुमारी को पुरस्कार मिला।

### प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नारदीगंज, नवादा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में सोमवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस प्रशिक्षण में कृषि वर्ष 2025-26 में कृषि सांख्यिक से सम्बंधित विषय पर जानकारी दी गई। अध्यक्षता बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने की। प्रखंड सांख्यिक पदाधिकारी प्रिय रंजन ने विस्तार पूर्वक अगहनी धान (वर्ष 2025 -26) के फसल कटनी के बारें में प्रशिक्षण दिये। उन्होंने कहा इस फसल कटनी प्रयोग में निर्धारित प्लाट में 10 मीटर लम्बाई और पांच मीटर चौड़ाई में क्राप कटिंग कर फसलों का उत्पादन का आकलन किया जाता है। यह फसल कटनी प्रत्येक पंचायत में पांच प्रयोग करने की बात कही। मौके पर बीएओ विवेक कुमार गौरव,नोडल कृषि समन्वयक संजय कुमार, कृषि समन्वयक अजय कुमार, प्रीति कुमारी, किसान सलाहकार मुन्ना कुमार,गौतम कुमार,छोटू प्रसाद,मिथिलेश कुमार, चंदन कुमार, इकबाल कैसर समेत अन्य रहे।

### हिट एंड रन मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर

**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं सुधार, हिट एंड रन तथा नॉन हिट एंड रन मामलों में मुआवजा भुगतान सहित सार्वजनिक परिवहन के संचालन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। आईआरएडी पोर्टल के अनुसार वर्ष 2022 से 2025 तक जिले में हिट एंड रन के कुल 300 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें 175 मामलों में आवेदन अग्रसारित किए जा चुके हैं, जबकि 125 मामले लंबित हैं। वहीं नॉन हिट एंड रन के 569 मामलों में से 291 आवेदन अग्रसारित तथा 278 मामले लंबित बताए गए। जिला पदाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों की थाना-वार समीक्षा कर साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर मुआवजा मिल सके। नवादा शहरी क्षेत्र में अवैध टोटो संचालन और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाने का भी आदेश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार

**रजौली (नवादा)**। न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करने वाले फरार अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार रात छापेमारी कर दो अलग-अलग गांवों से दो वारंटियों को धर दबोचा।पकड़े गये वारंटियों की पहचान छतनी पलाकी गांव निवासी श्री यादव के पुत्र रोहित कुमार और होरिला गांव निवासी कारू यादव के पुत्र सुनील यादव के रूप में हुई है।पुलिस उन लोगों की तलाश में जुटी है,जो अदालती कार्यवाही से बचकर भाग रहे हैं। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि क्राइम कंट्रोल के लिए पुलिस अपराधियों और वारंटियों की धर-पकड़ के लिए लगातार अभियान चला रही है।

# सरकारी बस स्टैंड का मंत्री ने किया निरीक्षण

## परिवहन सुविधाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही लक्ष्य



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। स्थानीय रांची रोड स्थित सरकारी बस स्टैंड का औचक निरीक्षण शनिवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड में व्याप्त गंदगी, अव्यवस्था और जर्जर स्थिति को देखकर मंत्री का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए साफ-सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मंत्री श्रवण कुमार ने बस स्टैंड की खस्ताहाल स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह बस स्टैंड खंडहर की तरह नहीं रहेगा। इसका पुनर्निर्माण कराया जाएगा और इसे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहारशरीफ को एक आधुनिक बस स्टैंड के रूप में विकसित करने के लिए सरकार गंभीर प्रयास करेगी। इसके तहत नया कार्यालय भवन, यात्रियों के लिए बेहतर प्रतीक्षालय, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने दो नए बस मार्गों की भी घोषणा की। पहला नया मार्ग पटना–दनियावां–बिहारशरीफ–राजगीर तक संचालित होगा, जबकि दूसरा मार्ग पटना–हिलसा–इस्लामपुर–राजगीर–हिसुआ–रजौली तक शुरू किया जाएगा। इससे यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और क्षेत्रीय आवागमन में सुविधा होगी।

मंत्री ने बताया कि वर्तमान में बिहारशरीफ बस स्टैंड से केवल 41 बसों का ही संचालन हो रहा है और स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर समीक्षा कर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लक्ष्य है कि परिवहन सुविधाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री परिवहन योजना के तहत प्रखंड से जिला तक सात-सात बसें उपलब्ध कराई जा रही हैं, वहीं ग्राम पंचायत से प्रखंड तक आवागमन के लिए भी बड़े पैमाने पर लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। मंत्री श्रवण कुमार ने अधिकारियों को बसों के संचालन, रखरखाव और यात्रियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने बसों के निर्धारित समय पर परिचालन, लागशीट रजिस्टर में सही तरीके से प्रविष्टि सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही तय करने का टास्क भी सौंपा। इस मौके पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, जदयू बिहारशरीफ अध्यक्ष गुलरेज अंसारी, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव सहित परिवहन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही बिहारशरीफ बस स्टैंड की सूरत बदलेगी और यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन सेवा मिलेगी।

# युवा उत्सव प्रतिभागियों को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025 के लिए प्रतिभागी युवाओं को लेकर जाने वाले वाहन को नालन्दा समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने प्रतिभागी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव युवाओं की प्रतिभा, संस्कृति, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नालन्दा जिले के प्रतिभागी इस उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे। कुल- 24 प्रतिभागी एवं 03 दल प्रभारियों के साथ राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन के लिए 23 एवं 24 दिसंबर 2025 को मधुबनी जिला के लिए रवाना किया गया। इस उत्सव में राज्य भर से चयनित युवा विभिन्न विधाओं जैसे लोकनृत्य, लोकगीत, नाट्य, चित्रकला, कविता पाठ, वाद-विवाद एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेंगे। सभी ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ उत्सव में भाग लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, कर्मी तथा युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# 'कश्यप का जीवन और दर्शन' पुस्तक का हुआ विमोचन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा खुला विश्वविद्यालय में बिहार दर्शन परिषद के 47वें त्रिदिवसीय अधिवेशन के अवसर पर दर्शन जगत के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण साक्षी बना, जब 'कश्यप का जीवन और दर्शन' नामक पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया। यह पुस्तक नालंदा कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा लिखित है, जो भारतीय दर्शन परंपरा में उनके दीर्घकालीन चिंतन और साधना का सार प्रस्तुत करती है। पुस्तक का विमोचन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. रजनीश शुक्ला, नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. रविंद्र कुमार, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के पूर्व सदस्य प्रोफेसर आर.सी. सिन्हा, परिषद के सचिव प्रोफेसर डॉ. सच्चिदानंद मिश्र, बिहार दर्शन परिषद की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पूनम सिंह तथा सचिव प्रोफेसर डॉ. श्यामल किशोर सहित अन्य गणमान्य विद्वानों के कर-कमलों से संपन्न हुआ। विमोचन के पश्चात अपने भावुक संबोधन में पुस्तक के लेखक डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि यह पुस्तक उनके जीवन की अंतिम दार्शनिक अभिव्यक्ति है। उन्होंने उपस्थित सभी विद्वानों और परिषद के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मान और स्नेह ने उन्हें इस आयु में भी नई ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया है।

# रेलवे लाइन के निर्माण के लिए शिष्टमंडल ने की सांसद से मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। वर्षों से चिर प्रतीक्षित नवादा- जमुई रेलखंड के निर्माण की मांग को लेकर पकरीबरावां से एक शिष्टमंडल ने नवादा संसदीय क्षेत्र के सांसद विवेक ठाकुर से पटना में सोमवार को मुलाकात की। लोगों ने सांसद से कहा कि नवादा से भाया पकरीबरावां होते हुए जमुई तक रेल लाइन का निर्माण अबतक शुरू नहीं हुआ है। बताया कि तत्कालीन रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव के समय वर्ष 2008- 09 में नवादा से लक्ष्मीपुर भाया जमुई के लिए रेल लाइन बिछवाने के लिए रेल विभाग ने सर्वे कराया था। रेल विभाग द्वारा सर्वे के बाद जगह- जगह पट निशान भी दिया गया था। लोगों ने कहा कि यह रेल लाइन काफी महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह योजना 17 वर्षों से ठंडे बस्ते में है। सांसद ने लोगों को आश्वासन दिया कि वे रेलमंत्री से मिलकर इस संबंध में बात करेंगे। गौरतलब है कि वर्षों से यह मांग उठती रही है। इस मांग को लेकर कई बार बैठकें भी हुई है। हाल ही में जन चेतना सह विकास समिति पकरीबरावां की हुई बैठक में इस मुद्दे को पुरजोर उठाया गया था। उसी बैठक में यह रणनीति बनी थी कि इस योजना को लेकर सांसद से मुलाकात किया जाएगा। इस अवसर पर जन चेतना सह विकास समिति के सचिव महेंद्र प्रसाद शर्मा, देवेंद्र कुमार, विजय सिंह, कमलेश सिंह, कपिल चौहान, नागेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# लूटकांड का उद्भेदन, चार आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। कल्याणबिगहा थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस कार्रवाई में लूटे गए नकद एवं मोबाइल की बरामदगी के साथ-साथ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और अवैध हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने घटना में संलिप्त सभी अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। सदर एसडीपीओ 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि रविवार की संध्या बराह गांव निवासी सिंदु कुमार, पिता मोहन महतो ने थानाध्यक्ष कल्याणबिगहा को सूचना दी कि बराह जाने वाली सड़क पर तिनामा मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल के बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और 80 हजार नकद तथा मोबाइल फोन लूट लिया। इस संबंध में कल्याणबिगहा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। कांड दर्ज होते ही थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित अनुसंधान शुरू किया। जांच के दौरान वादी के साथी दीपक लाल (उम्र 20 वर्ष) के मोबाइल के व्हाट्सएप कॉल डिटेल्स की जांच की गई, जिससे उसकी संलिप्तता उजागर हुई। कड़ाई से पूछताछ में दीपक लाल ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। दीपक लाल की निशानदेही पर पुलिस ने शिवशंकर कुमार उर्फ दुर्लभ कश्यप, बिट्टु कुमार, एवं प्रफुल कुमार—सभी निवासी बराह, थाना कल्याणबिगहा—को गिरफ्तार किया। इनके पास से 72,000 नकद, वादी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (बीआर 01एफएम7592) और एक देशी कट्टा भी जब्त किया गया। बरामद अवैध हथियार के संबंध में पुलिस द्वारा अलग से विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में उपस्थापित किया जा रहा है तथा उनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

### सड़क के किनारे बरामद शव की हुई पहचान

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के कोसला गांव स्थित कर्बला के समीप सड़क के किनारे बरामद का शव की पहचान हो गई। प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया मृतक गयाजी जिले के वजीरगंज थाना के मोहगाय निवासी स्व. संजय पांडेय का 32 वर्षीय पुत्र रौशन पांडेय के रुप में किया गया है। मृतक की पत्नी उर्मिला कुमारी ने शव की पहचान की है। शव की पहचान होने के बाद उसके स्वजन को सौप दिया गया। वह विक्षिप्त था। उन्होंने कहा 18 दिसम्बर 2025 को कोसला गांव स्थित कर्बला के समीप सड़क किनारे शव को बरामद किया गया।

# राजगीर महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर महोत्सव 2025 के अवसर पर दंगल प्रतियोगिता,तांगा सज्जा,पालकी सज्जा, होटलों का लाईटिंग सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्रवण कुमार सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक, राजगीर कौशल किशोर, बिहार विधानसभा पारिषद सदस्य रीना यादव, जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार, उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर द्वारा मोमेंटो एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

# हिलसा में भाकपा माले का एकदिवसीय धरना, मनरेगा व बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में गरजे मजदूर–किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। भाकपा माले के आह्वान पर सोमवार को हिलसा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया। धरने में सैकड़ों मजदूर, किसान, भूमिहीन परिवार तथा ठेला–फुटपाथ पर रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने मनरेगा, भूमिहीनों के पुनर्वास और गरीबों पर हो रही कथित बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने के दौरान "मनरेगा की हत्या बंद करो", "गरीबों को उजाड़ना बंद करो", "ठेला–फुटपाथ वेंडरों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करो" जैसे नारे गूंजते रहे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वर्षों से बसे गरीब परिवारों को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उजाड़ने की नोटिस दी जा रही है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। धरने की अध्यक्षता खेत ग्रामीण मजदूर सभा के प्रखंड अध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद ने की। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा–जदयू सरकार के कार्यकाल में गरीबों, मजदूरों और भूमिहीनों पर लगातार हमले हो रहे हैं। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना, जो महात्मा गांधी के नाम पर बनी थी, उसे कमजोर करने की साजिश की जा रही है, जिसे मजदूर वर्ग कतई स्वीकार नहीं करेगा। वक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षा और स्वास्थ्य का तेजी से बाजारीकरण किया जा रहा है, जिससे गरीब तबका इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित होता जा रहा है। वहीं, राशन वितरण प्रणाली में भी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए कहा गया कि डीलरों और अधिकारियों की मिलीभगत से गरीबों के हक का अनाज कम तौला जा रहा है। नौडीहा मठ से जुड़े मामले का जिक्र करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वहां भूमिहीन गरीब किसानों को एग्रीमेंट के बावजूद खेती से वंचित किया जा रहा है, जिससे कई परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए। धरने को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव अरुण यादव, खेत ग्रामीण मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव, दिनेश कुमार यादव, मुनि लाल यादव, रामदास अकेला, चुन्नू चंद्रवंशी, ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद, दिनेश पासवान, महेंद्र अमरनाथ, कमलेश पासवान, भीम बिंद, संजय पासवान सहित अन्य नेताओं ने गरीबों, मजदूरों, किसानों, छात्रों और युवाओं से एकजुट होकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई तेज करने का आह्वान किया।

# बेहतर रिपोर्टिंग के लिए सम्मानित किए गए पत्रकार डॉ पंकज सिन्हा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवविहार टाइम्स, नवादा के ब्यूरो चीफ डॉ पंकज कुमार सिन्हा को विधानसभा क्षेत्र में उत्कृष्ट पत्रकारिता और जनहित से जुड़े बेहतर कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान औरंगाबाद में आयोजित बिहार स्तरीय पत्रकार सम्मेलन के दौरान नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्य भर से आए पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का महत्व और भी बढ़ गया। वक्ताओं ने कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक और तथ्यपरक पत्रकारिता ही समाज और शासन के बीच सेतु का कार्य करती है। इसी क्रम में नवादा जिले से डॉ पंकज कुमार सिन्हा द्वारा विधानसभा चुनाव में किये गए चुनाव कवरेज क्षेत्र को प्रमुखता से उठाने वाले कार्यों की सराहना की गई। कमल किशोर ने सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि आज के समय में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले पत्रकार ही लोकतंत्र की असली ताकत हैं। उन्होंने डॉ पंकज कुमार सिन्हा की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके समाचारों में सामाजिक सरोकार, जनहित और सत्य की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि नवादा जिले के पत्रकारिता जगत के लिए भी गौरव की बात है। कार्यक्रम के दौरान हिसुआ सहित अन्य जिलों के पत्रकारों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित पत्रकारों ने इसे अपने कार्यों की पहचान और प्रेरणा का स्रोत बताया। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ पंकज कुमार सिन्हा ने आयोजकों और वरिष्ठ पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी, इमानदारी और निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि वे भविष्य में जनहित से जुड़े मुद्दों को और मजबूती से उठाते रहेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही समीरा खान पहुंचीं नवादा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। दुनिया के 37 देशों की साइकिल यात्रा करने वाली और माउंट एवरेस्ट सहित 11 ऊंची चोटियों पर आरोहण का प्रयास कर चुकी अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही समीरा खान सोमवार को नवादा पहुंचीं। उन्होंने शहर के कन्या इंटर विद्यालय और कुंती नगर स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में छात्राओं को संबोधित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने तिलक-चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि समीरा खान साइकिलिंग के माध्यम से बालिका सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल बन चुकी हैं। कठिन परिस्थितियों में माता-पिता को खोने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और 'मिशन माउंट एवरेस्ट' के संकल्प के साथ आगे बढ़ीं। समीरा खान ने छात्राओं से कहा कि खुद को कमजोर न समझें, सोच ऊंची रखें और समाज की नकारात्मक बातों से विचलित न हों। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। बाद में वे गया के लिए प्रस्थान कर गईं।

# मनरेगा कानून बदलाव खिलाफ खेत मजदूर संगठनों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा, ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन का राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस के तहत नवादा के नगर थाना के समीप से विरोध जुलूस निकाल कर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए भगत सिंह चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेवाजी की जी क्रमशः मनरेगा की हत्या नहीं सहेंगे, मोदी सरकार मुर्दाबाद, मनरेगा को पुनर्बहाली करो, जी राम जी कानून वापस लो आदि। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए खेगरामस जिला सचिव कॉम अजीत कुमार मेहता ने कहा मनरेगा योजना से बड़े दायरे तक रोजगार दिया जाता था, केंद्र प्रायोजित इस योजना में 90/ राशि भारत सरकार द्वारा वहन करती थी, नई कानून आने से मात्र 60 / राशि अब राज्य को मिलेगी, 40/ राशि राज्य सरकार खर्च करेगी जिससे गरीब राज्यों में योजना लागू नहीं हो पाएगी। यह कानून मजदूरों को रोजगार मुहैया कराने में अक्षम साबित होगा। उन्होंने कहा पूंजीपरस्त नीतियों को लागू करने पर आमादा केंद्र सरकार, मजदूर परस्त कानूनों को खत्म कर मजदूरों को गुलाम बनाने वाली कानून थोपने पर तुली है। मजदूरों को गोलबंद होकर बड़ी लड़ाई लड़ने दिशा में कदम बढ़ाना होगा। मौके पर मनरेगा मजदूर सभा के जिला संयोजक कॉम दिलीप कुमार, ऐपवा जिला अध्यक्ष कॉम सुदामा देवी, ऐक्टू के जिला संयोजक कॉम सावित्री देवी, अर्जुन पासवान, देवसूरज मांझी, राजो चौधरी, रजिया देवी, श्रवण मांझी, महावीर राम , भागवत राम समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रहा मगध विश्विवद्यालय : एस. पी. शाही

**▶ प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 38 विद्यार्थियों का चयन ▶ मगध विश्विवद्यालय में कैंपस पूल प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्विवद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान विभाग में आयोजित कैंपस पूल प्लेसमेंट ड्राइव में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। इस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत ऑलिवस लाइफ साइंसेज (पूर्व में ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज़ लिमिटेड) द्वारा कुल 38 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जबकि 5 विद्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। चयन परिणाम की घोषणा कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा विभागीय ई-मेल के माध्यम से की गई। इस अवसर पर कुलपति एस. पी. शाही ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान विभाग की शैक्षणिक, शोध एवं प्लेसमेंट से जुड़ी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रसायन विज्ञान विभाग लगातार उत्कृष्ट परिणाम देकर विश्विवद्यालय की प्रतिष्ठा को मजबूत कर रहा है और विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान प्रभारी विभागाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव के साथ सुमित कुमार, पार्थ प्रतिम दास, शिप्रा सोलंकी और रूपेश कुमार झा उपस्थित रहे। विभाग के सभी शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि पूरे विभाग और विश्विवद्यालय के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है।

# सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन और व्यापक धर्म : डॉ. प्रेम कुमार

**विश्व माता वैष्णो देवी संगठन के दस दिवसीय वार्षिकोत्सव की शुरुआत**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** विश्व माता वैष्णो देवी संगठन के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक उत्सव का उद्घाटन धर्म सभा भवन, गया में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन और व्यापक धर्म है जो समरसता, सह-अस्तित्व और सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव के साथ संपूर्ण मानवता को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत देवों की भूमि है और गया की धरती सनातन संस्कृति की आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र रही है। इस पुण्य भूमि से आयोजित यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करेगा, बल्कि विश्व स्तर पर सनातन परंपरा को नया आयाम देगा। कार्यक्रम के लिए आयोजक जितेंद्र कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने माता वैष्णो देवी से जुड़े कार्यों के प्रचार-प्रसार और सनातन संस्कृति के उत्थान में संगठन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वार्षिक उत्सव के दौरान धर्म सभा भवन में श्रीमद्भागवत गीता पाठ और प्रवचन का आयोजन किया गया है जिसमें सत्य महाराज प्रतिदिन प्रवचन दे रहे हैं। यह आध्यात्मिक आयोजन 29 दिसंबर तक चलेगा जिसमें गीता के कर्म, भक्ति और ज्ञान योग के सिद्धांतों को सरल रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। उत्सव की शुरुआत उद्घाटन से पूर्व सीताकुंड से शोभा यात्रा के साथ हुई। कार्यक्रम में विकास कुमार, प्रतिनिधि पशु कल्याण बोर्ड भारत सरकार और जिला उपाध्यक्ष भाजपा गया पूर्वी, धनंजय कुमार धीरू, अध्यक्ष भाजपा दक्षिणी मंडल, हरि यादव, अध्यक्ष भाजपा पश्चिमी मंडल-2, सुधीर कुमार सिन्हा, भाजपा जिला प्रवक्ता बंटी वर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी संजय रविदास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संतगण और सनातन धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

# दिवंगत पत्रकार अरुण सिंह के परिजनों से मिले पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड की काज पंचायत अंतर्गत करताही गांव में रविवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह पहुंचे। वे झारखंड के छतरपुर में कार्यरत पत्रकार अरुण कुमार सिंह के असामयिक निधन की सूचना पर उनके पैतृक गांव आए थे। बताते चलें कि भाजपा नेता मिथलेश सिंह के बड़े भाई अरुण कुमार सिंह का बीते 15 दिसंबर को बिजली की चपेट में आने से निधन हो गया था। पूर्व सांसद ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सुशील कुमार सिंह ने भावुक शब्दों में कहा वरिष्ठ पत्रकार अरुण सिंह का हमारे बीच से जाना केवल एक परिवार की क्षति नहीं है, बल्कि यह समाज और लोकतंत्र की आवाज़ को लगी एक गंभीर चोट है। वे सच, साहस और संवेदना के साथ लिखने वाली एक मजबूत कलम थे, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और अरुण सिंह जैसे निर्भीक पत्रकार इस स्तंभ को मजबूती प्रदान करते हैं। उनका असमय निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई संभव नहीं। पूर्व सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उनके आगमन से गांव का वातावरण गमगीन हो गया और उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं।

## घटिया गेहूं बीज से किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन परती, आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच प्रखंड में गेहूं बीज वितरण को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। किसानों का कहना है कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी की मिलीभगत से वेंडर द्वारा घटिया किस्म का गेहूं बीज वितरित किया गया जिससे सैकड़ों एकड़ भूमि परती रह गई। बीज बोने के 20-25 दिन बाद भी अंकुरण नहीं होने से किसानों में कृषि विभाग के प्रति आक्रोश और निराशा व्याप्त है। जानकारी के अनुसार बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड द्वारा कोंच प्रखंड में करीब 1400 क्विंटल गेहूं बीज का वितरण किया गया। परसावां पंचायत के रूपसपुर, असलेमपुर पंचायत के सिंघड़ा व निमड़ी सहित आधा दर्जन गांवों के किसानों ने बताया कि बोया गया बीज पूरी तरह असफल रहा।

# जनसेवा ही मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार सोमवार को गयाजी में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिहन भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि जनसेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और जनता के विश्वास तथा स्नेह से उन्हें निरंतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि गया सहित पूरे बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, स्वच्छता तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गया नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या चार में बालाजी टॉप से दैनिक जागरण गली तक पथ निर्माण का कार्य 65 लाख 20 हजार रुपये की लागत से कराया गया है। इसी तरह वार्ड संख्या चार और पांच के गांधी मोड़ क्षेत्र में पथ एवं नाली निर्माण का कार्य वित्तीय वर्ष एक के माध्यम से 36 लाख 48 हजार रुपये की लागत से कराया गया। वार्ड संख्या चार में बालाजी अपार्टमेंट के पास डॉक्टर संतोष के निकट पथ एवं नाली निर्माण कार्य 41 लाख 15 हजार रुपये की लागत से पूरा कराया गया जबकि बालाजी कॉलोनी रोड नंबर चार में पथ एवं नाली निर्माण का कार्य 24 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से गया में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और गया रेलवे स्टेशन, गया-बोधगया कॉरिडोर सहित कई बड़ी परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्रवण सीआरपी, कुणाल, अशोक, विक्की शर्मा, राहुल शर्मा, डब्लू राय, रिंकू देवी, गोरा शर्मा मुखिया, शैलेश शर्मा मुखिया, पिंटू शर्मा, अमित लोहानी, राजनंदन गांधी, सिद्धार्थ रंजन, राजेश मस्तान, उपेंद्र पासवान, शंभू यादव, नित्यम, गोविंद शर्मा, समीर चटर्जी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गणित के प्रति युवा पीढ़ी में रूचि जगाना जरुरी : संजीव साहू

**मगध विश्विवद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर विशेष आयोजन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** स्नातकोत्तर गणित विभाग, मगध विश्विवद्यालय, बोधगया द्वारा महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों में गणित के प्रति रुचि, तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता एस.एन.पी. यादव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष एवं आयोजन संयोजक सुनील सुमन के स्वागत संबोधन से हुआ जिसमें उन्होंने गणित के शैक्षणिक, शोधात्मक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए रामानुजन के अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता के रूप में संजीव साहू, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय स्कूल ऑफ माइंस) धनबाद ने रामानुजन की विरासत के पीछे की रोचक कहानियां विषय पर विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि रामानुजन की असाधारण प्रतिभा आज भी आधुनिक गणित को नई दिशा दे रही है। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक पक्ष कक्षा 8 के युवा गणित प्रतिभा अंशुमान राज, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, गया का व्याख्यान रहा। अल्प आयु में ही अंशुमान राज ने अपनी विश्लेषणात्मक सोच और जटिल गणितीय समस्याओं को सहजता से हल करने की क्षमता से सभी को प्रभावित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञों के योगदान को सरल और तार्किक शैली में प्रस्तुत किया। भविष्य में अब तक अनसुलझी गणितीय समस्याओं को हल करने की उनकी दृष्टि और जिज्ञासा ने उन्हें कार्यक्रम का सितारा प्रस्तोता बना दिया और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित किया। कार्यक्रम की थीम का औपचारिक परिचय आयोजन सचिव पिंटू सामंता ने कराया जबकि संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अमर किशोर ने किया। इस अवसर पर कुमार विशाल, मनोज कुमार सिंह, नितीशा भारती, धर्मेंद्र कुमार और आदित्य भारती की उपस्थिति रही जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ी। अंत में आयोजन सचिव प्रयाग प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों और आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अर्द्धनिर्मित ओवरब्रिज बना गुरारू की बड़ी समस्या, जाम से राहगीर परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र स्थित रौना गुमटी पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज वर्षों से अधूरा पड़े रहने के कारण आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। अर्द्धनिर्मित ओवरब्रिज के चलते प्रतिदिन हजारों राहगीरों को भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है जिससे लोगों का समय और श्रम दोनों बर्बाद हो रहे हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू यादव, मंटू यादव और रामजी यादव ने बताया कि गुरारू के साथ ही रफीगंज में भी ओवरब्रिज निर्माण कार्य एक साथ शुरू हुआ था, लेकिन रफीगंज में कार्य पूरा होकर लगभग आठ माह पूर्व ही आवागमन शुरू हो चुका है।

# युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं नितिन नवीन : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

**डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष नितिन नवीन को दी बधाई**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** नितिन नवीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष बनने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने उन्हें विष्णु चरण चिन्ह, फूलों का गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र भेंट कर बधाई दी। यह अवसर उत्साह और गर्व का क्षण रहा, क्योंकि नितिन नवीन का यह दायित्व संगठन की मजबूती और विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि नितिन नवीन का राजनीतिक जीवन संघर्ष, समर्पण और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने युवावस्था से ही पार्टी के लिए निरंतर कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत किया है। उनकी नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की सूझ-बूझ और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की शैली पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगी। नितिन नवीन के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी देश भर में और अधिक सशक्त होकर जन-जन तक अपनी विचारधारा पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन न केवल संघर्षशील और जुझारू नेता हैं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और कर्मठता कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा का संचार करेगी।

# मुख्य पार्षद की अध्यक्षता में बैठक, क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सोमवार को नप परिषद स्थित भवन में मुख्य पार्षद अजहर इमाम की अध्यक्षता में आहूत बैठक में क्षेत्र की प्रमुख समस्या पर चर्चा की गई व प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पुलिस, बिजली व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हुए। शहर में बढ़ रही चोरी व छिनतई की घटना पर लोगों ने चिंता जताई व घटना का उद्भेदन कर शामिल अपराधियों को पकड़ने की मांग की। क्षेत्र में चोरी व छिनतई की घटना में शामिल अपराधियों की सीसीटीवी फुटेज पुलिस प्रशासन द्वारा जारी की जाएगी व उक्त फुटेज को नप की एलइडी स्क्रीन पर प्रसारित की जाएगी ताकि अपराधी पुलिस की पकड़ में आ सके। बोर्ड के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी प्रमुख मार्गों को सीसीटीवी से लैस करने की मांग की। वहीं नप प्रशासन द्वारा बताया गया कि सीसीटीवी फुटेज का स्टोरेज 12 दिवस तक का है जिसे बढ़ाने पर बोर्ड विचार कर रही है। वहीं अनुमण्डल अस्पताल की समस्या पर चर्चा की गई। राजद नेता विनोद शर्मा सहित अन्य लोगों ने एक स्वर में अस्पताल की व्यवस्था पर नाराजगी प्रकट की। लोगों ने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा बन्द रहने की बात कही जिस पर मुख्य पार्षद अजहर इमाम ने सिविल सर्जन को कॉल कर अस्पताल की खराब व्यवस्था की जानकारी दी। वहीं विधायक ने भी अस्पताल की व्यवस्था पर सीएस से बात कर निदान करने की मांग की।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बांकेबाजार।** रौशनगंज स्थित कस्तूरबा गांधी माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रभा कुमारी ने सोमवार को दोपहर 2 बजे बिहार सरकार के लघु सिंचाई मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन को विद्यालय की मूलभूत समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय परिसर में नाली निर्माण तथा छात्राओं के लिए बेंच की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की गई। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि नाली की व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है जिससे छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है। वहीं बेंच की कमी के चलते छात्राओं को बैठने में परेशानी होती है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार प्रभाकर, शिक्षक दिलीप कुमार, धीरेंद्र कुमार, विजय कुमार, राज कुमार सहित शिक्षिकाएं मनाली सिन्हा एवं सतवंती कुमारी उपस्थित रहीं। मंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## बाइक समेत एक लाख रुपये ले उड़े चोर, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के पीपरपांति मोहल्ला में सोमवार को दिनदहाड़े बाइक चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। सब्जी खरीदने गए एक युवक की बाइक चोरों ने उड़ा ली। साथ ही बाइक की डिक्की में रखे करीब एक लाख रुपये नकद भी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहब्बतपुर निवासी बसंत कुमार सोमवार को शेरघाटी स्थित पंजाब नेशनल बैंक से जमीन खरीदारी के लिए एक लाख रुपये की निकासी कर निकले थे। बैंक से निकलने के बाद वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक से पीपरपांति मोहल्ला पहुंचे जहां सब्जी खरीदने के लिए कुछ देर के लिए बाइक सड़क किनारे खड़ी की। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने बाइक समेत डिक्की में रखे रुपये चोरी कर लिए जब बसंत कुमार सब्जी खरीदकर लौटे तो वहां से उनकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कोई सुराग नहीं मिला, तब उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से शेरघाटी थाना को घटना की सूचना दी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222–एस/1/3/डब्ल्यू–II, दिनांक** 19.12.2025, मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन–159–25–26, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/III/सियालदह के कार्यक्षेत्र में कृष्णनगर–लालगोला शाखा में आरसीसी बॉक्स रूफ कवर्ड आरसीसी यू–ट्रफ द्वारा लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का निर्माण करते हुए लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट नं. 62, 62ए और 152 को हटाया जाना। **निविदा मूल्य :** रु.26,63,46,431.96, **बयाना राशि :** रु. 14,81,700/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.01.2026 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 13.01.2026 को 15.30 बजे है।

SDAH-312/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा**
(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, गढ़वा)
सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा
फोन न०:- 06561-222050, 222051
मेल आईoडीo :- cs.garhwa@gmail.com

**Letter No:** GAR/2025-26/Tender-04 **Date:** 22.12.2025

**अति-अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सुचना**

राज्य द्वारा प्राप्त वितिय वर्ष 2025–26 के DRE (District Resource envelope) के अनुसार जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्र्तगत जिला एंव प्रखण्ड स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों के निरीक्षण एंव मुल्यांकन के उददेश्य से क्षेत्र भ्रमण एंव भंडारगृह से सामाग्री प्रखण्डस्तरीय कार्यालयो तक पहुँचाने हेतु Commercial वाहन किराये पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा विवरण http://garhwa.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

Time Schedule for the bids:

| S.N | Name of Work | Rate Contract forCommercial Vehical |
|---|---|---|
| 01 | Date & Time of Start of Submission of Bids | 23 December 2025 from 10:00 AM |
| 02 | Last Date & Time for Receipt of Bids | 31 December 2025 till 05:00 PM |
| 03 | Bid Opening Date | 02 January 2025 03:00 PM |
| 04 | EMD in Favouring - DRHS Flexible Pool Garhwa | Rs. 10,000.00 (Ten Thousand Only) |
| 05 | Application Fee (Non Refundable) favouring– DRHS Flexi Pool, Garhwa | Rs. 1,000.00 (One Thousand Only) |
| 06 | Venue for Getting & Submission of Tender Document | Civil Surgeon, Garhwa Sadar Hospital Campus, Garhwa Jharkhand- 822114 |
| 07 | Contact No. Of Procurement Officer | 7654881289 |
| 08 | Mode of Submission | Through Registered/Speed Post/By Hand |

निविदा विवरण http://garhwa.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

PR 369180 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS गढ़वा



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**Corrigendum- 1**

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित PR 368786 District(25-26)#D को निम्नवतः संशोधित पढ़ा जाय –

1. निविदा सं० UDD/NPB/**51**/2025-26 (2nd Call) (Construction of Veer Kunwar Chabutra in Goderma Kala Ward 03 Under BNP) को UDD/NPB/**61**/2025-26 (Construction of chabutra house of Bishwanath Ram at Dandila kala near pipal tree ward no. 9 under BNP)। तथा
2. कडिका 02 के शर्त में पाँच (05) लाख तक की योजनाओं हेतु **समुचित श्रेणी में निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन वर्ष का आयकर (ITR for the A.Y. 2025-26) प्रमाण–पत्र, उपायुक्त द्वारा निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र, अद्यतन GSTN Return - FORM GSTR-1 & GSTR-3B Last Quarter** अथवा **Last Month & GST Registration Certificate** संलग्न करना होगा।

शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 369173 District(25-26)#D



**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office:SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi–834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
AddressSudna, Daltonganje-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.)(non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 608/PR/JUSNL/ 2025-26 | Work for provision of deep boring with complete water supply system for all quarters at Colony campus of 132/33 KV Grid Sub Station Garhwa Road. | 02 Months | 1476/- | 16200.00/- | 8,08,577.00 |
| 2. | 609/PR/JUSNL/ 2025-26 | Internal painting, sanitary work, roof treatment and other misc. work odf GM, TZ IV office, Medininagar. | 03 Months | 2950/- | 21500.00/- | 10,73,342.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 26.12.2025 at 02.00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 26.12.2025 at 02.00 PM |
| End date and time of upload of BID | 16.01.2026 Up to 03.00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 17.01.2026 at 04.00 PM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone - IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinc Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 369152 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D

संपादकीय

# मधुमेह का महाप्रकोप रोकने की क्या तैयारी ?

खबर यह आई है कि एक नए तरह के मधुमेह का वैज्ञानिकों ने पता लगाया है. इसे टाइप 5 मधुमेह कहा जा रहा है. इस तरह के मधुमेह से वो लोग प्रभावित हैं जिन्हें बचपन में पर्याप्त पोषण नहीं मिला. अब जरा इस बात पर गौर करिए कि ग्रामीण भारत का कितना बड़ा हिस्सा आज भी कुपोषण का शिकार है. यानी हम भविष्य के मधुमेह रोगियों की संख्या में और इजाफा करने को तैयार हैं या यूं कहें कि इजाफा कर रहे हैं. यह पहले से जगजाहिर है कि पूरी दुनिया में भारत मधुमेह से सबसे ज्यादा पीड़ित है. मधुमेह के मरीजों की संख्या के हिसाब से देखें तो हर चौथा मधुमेह पीड़ित भारतीय है. यानी भारत की हिस्सेदारी वैश्विक आंकड़े में करीब 25 प्रतिशत है. यह कोई ऐसा आंकड़ा नहीं है कि हम इस पर गर्व करें बल्कि यह रूह कंपाने वाला आंकड़ा है. विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के करीब 11 प्रतिशत लोग मधुमेह से पीड़ित हैं और इससे ज्यादा संख्या उन लोगों की है जिन्हें प्री-डायबिटिक कहा जाता है यानी जिन्हें मधुमेह निकट भविष्य में हो सकता है. यदि आप आंकड़े देखें तो शहरी क्षेत्र ज्यादा प्रभावित है. शहरी क्षेत्रों में मधुमेह 16 प्रतिशत से ज्यादा है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 9 प्रतिशत से नीचे है. सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य हैं, गोवा (26.4 प्रतिशत), पुडुचेरी (26.3 प्रतिशत) और केरल (25.5 प्रतिशत). उत्तर प्रदेश का आंकड़ा है 4.8 प्रतिशत. ऐसे लोगों की भी बहुतायत है जिन्हें यह पता भी नहीं कि मधुमेह होता क्या है, यानी वे अपनी स्थिति से अनभिज्ञ हैं या फिर उन तक हमारी चिकित्सा प्रणाली या जागरूकता पहुंची ही नहीं है. विशेषज्ञ कहते हैं कि मधुमेह का सबसे बड़ा कारण बढ़ता हुआ मोटापा है और अनुमान है कि भारत की करीब 27 प्रतिशत आबादी मोटापे की शिकार है. आंकड़े बताते हैं कि भारत में मधुमेह का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और अब स्थिति महाप्रकोप की तरफ बढ़ने लगी है. सोचने वाली बात है कि हम चिंता प्रकट करने के अलावा क्या ऐसा कोई कदम उठा रहे हैं जिससे मधुमेह के प्रकोप को कम किया जा सके? हो सकता है, कागजों पर कई योजनाएं चल रही हों लेकिन धरातल पर कुछ भी होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है. न घर-परिवार, न समाज और न ही शासन की तरफ से कुछ ठोस किया जा रहा है. बच्चों को मोटापे का शिकार होने से बचाने की पहली जरूरत है कि उन्हें घर के भोजन की तरफ आकर्षित किया जाए और स्वस्थ शरीर की महत्ता को वो समझें. मगर हो ये रहा है कि मध्यमवर्गीय परिवार भी सप्ताहांत पर होटलों में भोजन करना पसंद करता है, अब तो विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से घर पहुंच सेवा भी है तो बच्चों की फरमाइश तत्काल पूरी हो जाती है. माता-पिता यह ध्यान नहीं रखते कि बच्चा कौन सा खाना खाए कि उसके शरीर पर चर्बी न चढ़े! जब मधुमेह घेर लेता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है. फिर दवाइयों और इंसुलिन का दौर शुरू होता है. लेकिन क्या आपने गौर किया है कि इंसुलिन उपचार का खर्च क्या है? यदि आप डॉक्टर की, बड़ी कंपनियों की, लिखी दवाइयां खरीदते हैं तो वह महंगा मिलेगा. हां यदि आप जेनेरिक दवाइयां खरीदते हैं तो कीमत काफी कम हो जाती है लेकिन हर जगह जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कहां हैं और डॉक्टर भी तो जेनेरिक दवाइयों के उपयोग को प्रोत्साहित नहीं कर रहे हैं! वैसे सबसे बड़ी समस्या इंसुलिन की है. कुछ प्रकार के इंसुलिन की कीमतें हाल के वर्षों में कम हुई हैं लेकिन कुछ इंसुलिन आज भी बहुत महंगे हैं जिस कारण लोगों का उपचार प्रभावित हो रहा है. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए क्योंकि मधुमेह यदि नियंत्रण में नहीं रहता है तो हृदय से लेकर किडनी और लीवर तक की बीमारियां जन्म लेती हैं. सरकार को एक समग्र मधुमेह रोकथाम की योजना बनानी चाहिए क्योंकि हमारे युवाओं का स्वास्थ्य यदि अच्छा नहीं होगा तो हम स्वस्थ देश की कल्पना कैसे कर सकते हैं?

# मानसिकता और कार्यक्षमता को प्रभावित करती वर्चुअल मीटिंग्स

**डिजिटल क्रांति के चलते मीटिंग्स खासतौर से वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स सुविधाजनक होने के साथ ही कार्मिकों के तनाव का कारण भी बनती जा रही है। हांलाकि वैश्विक ट्रेंड के अनुसार मंगलवार को सर्वाधिक मीटिंग्स होती है इनमें खासतौर से एडहॉक मीटिंग्स अधिक होती है तो शुक्रवार को अपेक्षाकृत मीटिंग्स का दबाव कम होता है। सबसे खास बात यह कि औसतन 10 में से एक मिटिंग तो बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक तय होती है। एक और खास यह कि वर्चुअल मीटिंग्स सुविधाजनक होने और अपना संदेश संबंधित सभी तक पहुंचाने का बेहतरीन माध्यम होने के बावजूद यह तनाव का कारण तो बनता ही है इसके साथ ही गुणवत्ता पर भी प्रश्न लगाये जाने लगे हैं। इसको इस तरह से समझा जा सकता है कि दस में से एक मीटिंग लास्ट टाइम बुक की जाती है तो मीटिंग्स में प्रस्तुत होने वाले पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन में मीटिंग के दस मिनट पहले तक आंषिक बदलाव या अपडेशन होता है।**

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

डिजिटल क्रांति ने कार्यदिवस के परंपरागत समय सीमा को बदलकर ही रख दिया है। कहने को तो छह या सात घंटे का कार्यदिवस होता है पर वर्चुअल युग में कर्मचारी 24 गुणा 7 के दौर में आ गया है। इससे कार्मिकों की मानसिकता और सामाजिक-इकोनोमिक ताने-बाने को भी प्रभावित किया है। एक समय था जब शीर्ष या पहली दूसरी कतार के अधिकारियों की जिम्मेदारी अधिक होती थी और उनके लिए समय सीमा नहीं होती थी पर अब तो वर्चुअल सुविधाओं के चलते दिन हो या रात रविवार हो या शनिवार कभी भी कहीं भी एक मैसेज मात्र से आपको एक्टिव होकर कैमरे के सामने आना पड़ता है। दरअसल कोरोना काल ने यह परिवर्तन दिया है। भारत सहित दुनिया के देशों में अभी भी कार्मिकों के लिए कार्यदिवस पांच या छह दिवस के हैं तो कार्यसमय भी मानने को तो सुबह 9.30 से सायं बजे 6 या दूसरे शब्दों में औसतन लगभग सात घंटे का है पर डिजिटल क्रान्ति ने सबकुछ बदल कर रख दिया है। देखा जाए तो अब असीमित कार्य दिवस का दौर आ गया है। वास्तविकता तो यह है कि डिजिटल डिवाइसों के उपयोग के बाद से कमोबेस कार्यदिवस 24 गुणा 7 हो गये हैं तो कार्य समय भी तय समय सीमा के बंधन से मुक्त हो गया है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा कराये गये वर्क ट्रेंड इंडेक्स स्पेशल रिपोर्ट 2025 में यह खुलासा हो गया है कि अब कार्मिक चाहे वह किसी भी स्तर का हो के लिए चाहे निजी क्षेत्र में हो या सरकारी क्षेत्र में तय समय सीमा बीते जमाने की बात हो गई है। ई-मेल, चैट, वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स, सोशल मीडिया संदेश आदि को समग्र रुप से देखने से अब कार्मिक 24 घंटे का कार्मिक हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार सुबह छह बजे से ही व्यक्ति अपनी ई-मेल टटोलने लगता है तो सर्वाधिक प्रोडक्टिविटि का समय 11 बजे के लगभग में



काम के स्थान पर ई-मेल का प्रेशर 54 प्रतिशत तक बढ़ जाता है सायं तीन बजे बाद ई-मेल, चैट या अन्य संदेशों की आवक कम होने लगती है। वैश्विक औसत की बात की जाये तो 100 से अधिक ई-मेल से दो चार होना पड़ता है कार्मिक को। हर दो मिनट में मेल, चैट या अन्य संदेश कार्मिक के कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। इसका कारण यह होता है कि उसे काल, ई-मेल या संदेश चैक करने या उससे दो चार होना ही पड़ता है। हालात यह है कि रात को भी ई-मेल या संदेश का सिलसिला जारी रहने से अब कार्यालयीय वातावरण से दूर परिवार के व्यैयक्तिक क्षण तो कल्पना की बात होती जा रही है।

डिजिटल क्रांति के चलते मीटिंग्स खासतौर से वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स सुविधाजनक होने के साथ ही कार्मिकों के तनाव का कारण भी बनती जा रही है। हांलाकि वैश्विक ट्रेंड के अनुसार मंगलवार को सर्वाधिक मीटिंग्स होती है इनमें खासतौर से एडहॉक मीटिंग्स अधिक होती है तो शुक्रवार को अपेक्षाकृत मीटिंग्स का दबाव कम होता है। सबसे खास बात यह कि औसतन 10 में से एक मिटिंग तो बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक तय होती है। एक और खास यह कि वर्चुअल मीटिंग्स सुविधाजनक होने और अपना संदेश संबंधित सभी तक पहुंचाने का बेहतरीन माध्यम होने के बावजूद यह तनाव का कारण तो बनता ही है इसके साथ ही गुणवत्ता पर भी प्रश्न लगाये जाने लगे हैं। इसको इस तरह से समझा जा सकता है कि दस में से एक मीटिंग लास्ट टाइम बुक की जाती है तो मीटिंग्स में प्रस्तुत होने वाले पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन में मीटिंग के दस मिनट पहले तक आंषिक बदलाव या अपडेशन होता है। यह कोई किसी एक पक्ष यानी सरकारी या गैर सरकारी प्रतिष्ठान की बात या किसी देष विशेष की बात ना होकर वैश्विक वास्तविकता है। विशेषज्ञों की माने तो अंतिम समय तक प्रजेंटेशन में बदलाव का मतलब ही यह है कि गुणवत्ता कहीं ना कही प्रभावित हो रही है। वैश्विक आंकड़े तो यही कहते हैं कि अंतिम समय में पीपीटी में अपडेशन या संशोधन में 122 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्चुअल मीटिंग का सिलसिला दरअसल कोरोना महामारी के दौर से अधिक सामने आया है और इसे समय और धन बचाने में सहायक माना जाता है पर मीटिंग्स के दौर जिस तरह से बढ़ने लगे हैं उससे कार्मिक सूचनाएं संग्रहित करने और उसमें अपने बचाव के उपाय खोजने में ही अपनी अधिकांश कार्यक्षमता व्यय कर देता है और परिणाम स्वरुप कार्य में गुणवत्ता और उत्पादकता में कमी आना स्वाभाविक माना जाने लगा है।

माइक्रोसॉफ्ट की हालिया रिपोर्ट से यह साफ हो गया है कि डिजिटल युग को देखते हुए अब कार्मिकों के कार्यदिवस को नए सिरे से रिडिजाइन करने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। इसका प्रमुख कारण कार्मिकों शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ना और सामाजिकता और वैयक्तितता पर विपरीत प्रभाव पडना प्रमुख हो जाता है। समय बेसमय मोबाइल या इसी तरह की डिवाइस पर अंगुलियां चलाने से प्रभावित हो रहे हैं। काम का दबाव, सूचनाओं के संग्रहण में ही समय जाया होने, वर्चुअल मीटिंग्स में सार्वजनिक रुप से जलालत की संभावना, आंखों में सूखापन और सामाजिक व व्यक्तिगत संबंध बाधित होना आम होता जा रहा है। इसका साइड इफेक्ट संत्रास, कुंठा, तनाव, डिप्रेशन आदि के रुप में सामने आने लगा है। इसके समाधान के लिए हांलाकि विशेषज्ञों ने फ्रंटियर फर्म की आवश्यकता प्रतिपादित की है। इसमें आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस के माध्यम से विश्लेषण की बात की जाने लगी है। पर समय की मांग और आवश्यकता यह महसूस की जाने लगी है कि वर्क कल्चर को रिडिजाइन किया जाएं। अन्यथा देर सबेर इसके नकारात्मक प्रभावों से बचना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल यह अपने आपमें गंभीर समस्या हो गई है। इसका समाधान हर स्तर पर खोजना होगा। यह कोई कार्यालयीय समस्या, सामाजिक समस्या, मनोवैज्ञानिक समस्या या शारीरिक मानसिक समस्या ना होकर पूरे ताने-बाने को ही प्रभावित करने वाली समस्या है। ऐसे में विशेषज्ञों, गैरसरकारी संगठनों, मनोविज्ञानियों के साथ ही मानव संसाधन विशेषज्ञों और नियोक्ताओं को भी इस समस्या का समाधान खोजना होगा।

अध्यात्म

## स्वर्ग की खोज

महाराज कृष्णदेव राय अपने बचपन में सुनी कथा अनुसार यह विश्वास करते थे कि संसार-ब्रह्मांड की सबसे उत्तम और मनमोहक जगह स्वर्ग है। एक दिन अचानक महाराज को स्वर्ग देखने की इच्छा उत्पन्न होती है, इसलिए दरबार में उपस्थित मंत्रियों से पूछते हैं, ' बताइए स्वर्ग कहाँ है ? ' सारे मंत्रीगण सिर खुजाते बैठे रहते हैं पर चतुर तेनालीराम महाराज कृष्णदेव राय को स्वर्ग का पता बताने का वचन देते हैं। और इस काम के लिए दस हजार सोने के सिक्के और दो माह का समय मांगते हैं। महाराज कृष्णदेव राय तेनालीराम को सोने के सिक्के और दो माह का समय दे देते हैं और शर्त रखते हैं कि अगर तेनालीराम ऐसा न कर सके तो उन्हे कड़ा दंड दिया जाएगा। अन्य दरबारी तेनालीराम की कुशलता से काफी जलते हैं। और इस बात से मन ही मन बहुत खुश होते हैं कि तेनालीराम स्वर्ग नहीं खोज पाएगा और सजा भुगतेगा। दो माह की अवधि बीत जाती है, महाराज कृष्णदेव राय तेनालीराम को दरबार में बुलवाते हैं। तेनालीराम कहते हैं के उन्होने स्वर्ग ढूंढ लिया है और वे कल सुबह स्वर्ग देखने के लिए प्रस्थान करेंगे। अगले दिन तेनालीराम, महाराज कृष्णदेव राय और उनके खास मंत्रीगणों को एक सुंदर स्थान पर ले जाते हैं। जहां खूब हरियाली, चहचहाते पक्षी, और वातावरण को शुद्ध करने वाले पेड़ पौधे होते हैं। जगह का सौंदर्य देख महाराज कृष्णदेव राय अति प्रसन्न होते हैं। पर उनके अन्य मंत्री गण स्वर्ग देखने की बात महाराज कृष्णदेव राय को याद दिलाते रहते हैं। महाराज कृष्णदेव राय भी तेनालीराम से उसका वादा निभाने को कहते हैं। उसके जवाब में तेनालीराम कहते हैं कि जब हमारी पृथ्वी पर फल, फूल, पेड़, पौधे, अनंत प्रकार के पशु, पक्षी, और अद्भुत वातावरण और अलौकिक सौन्दर्य है। फिर स्वर्ग की कामना क्यों? जबकि स्वर्ग जैसी कोई जगह है भी इसका कोई प्रमाण नहीं है।महाराज कृष्णदेव राय को चतुर तेनालीराम की बात समझ आ जाती है और वो उनकी प्रसंशा करते हैं।बाकी मंत्री जलन के मारे महाराज को दस हज़ार सोने के सिक्कों की याद दिलाते हैं। तब महाराज कृष्णदेव राय तेनालीराम से पूछते हैं कि उन्होंने उन सिक्को का क्या किया? तब तेनालीराम कहते हैं कि वह तो उन्होने खर्च कर दिये! तेनालीराम कहते हैं कि आपने जो दस हजार सोने के सिक्के दिये थे उनसे मैंने इस जगह से उत्तम पौधे और उच्च कोटी के बीज खरीदे हैं। जिनको हम अपने राज्य विजयनगर की जमीन में प्रत्यर्पित करेंगे; ताकि हमारा राज्य भी इस सुंदर स्थान के समीप आकर्षक और उपजाऊ बन जाए। महाराज इस बात से और भी प्रसन्न हो जाते हैं और तेनालीराम को ढेरों इनाम देते हैं। और एक बार फिर बाकी मंत्री अपना सा मुंह ले कर रह जाते हैं!

# जनसेवा के लिए समर्पित है देवमंगल ट्रस्ट : गोविन्द

## दोसमा गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का किया वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए सोमवार को ग्राम पंचायत परसडीह के दोसमा गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देवमंगल ट्रस्ट के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में जमुहार मेडिकल कॉलेज के सचिव गोबिंद नारायण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण वल्लभ सिंह बबुआजी, नौगढ़ के पूर्व मुखिया राकेश सिंह, फ़ेसर मंडल के पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह,



सरपंच गया साव, पैक्स अध्यक्ष अरविन्द सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर मानव सेवा के इस कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को कंबल जैसी आवश्यक सहायता पहुंचाना सबसे बड़ी सेवा है। देवमंगल ट्रस्ट द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से जरूरतमंदों को राहत मिलती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कंबल वितरण के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। जरूरतमंद लोगों ने ट्रस्ट और आयोजन से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने देवमंगल ट्रस्ट के इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों की निरंतरता की अपेक्षा जताई।

# देसी बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** कासमा पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के खैरा मंझोली गांव निवासी चंद्रदीप यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि युवक के पास एकनाली बंदूक है। सूचना के आलोक में छापेमारी की गई जिसमें युवक के घर से बंदूक बरामद किया गया। पूछताछ में युवक ने बंदूक के संबध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिसके बाद उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बरामद हथियार के आधार पर युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इधर, आवश्यक कार्रवाई के उपरांत युवक को जेल भेज दिया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगा फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान भूमि विवाद के अलावा अन्य कई समस्याओं को लेकर ग्रामीण आए थे। पुलिस अधीक्षक ने जनता दरबार में एकत्रित हुए महिला व पुरुषों को अपने पास बुलाकर यह बताया कि आप लोग बेझिझक अपनी समस्या कहिए। शिकायत के निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर निष्पक्ष समाधान की दिशा में पहल करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दरबार केवल सुनवाई का मंच नहीं बल्कि




समाधान की प्रक्रिया है। प्राप्त हर आवेदन पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। ताकि आमजन व पुलिस के बीच विश्वास बढ़े और लोग अपनी बात सीधे शीर्ष पदाधिकारी तक पहुंचाए तथा अपनी समस्या का समाधान पाएं। पुलिसिंग व्यवस्था को आम लोगों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से सरकार की ओर से यह नई व्यवस्था दी गई है। जनता दरबार का मकसद पब्लिक को सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं का निपटारा कराने की अपील की है।

# रंगदारी सहित अन्य मामलों में 28 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मामलों में 28 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। आर्म्स एक्ट व रंगदारी में एक-एक, हत्या के प्रयास में 5, शराब कांड में 8 एवं अन्य शीर्ष कांड में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 131.50 लीटर देसी शराब, 6.75 लीटर विदेशी शराब, एक ट्रक, दो बाइक एवं 800 सीएफटी गिट्टी बरामद किया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 999 वाहनों की जांच की गई जिसमें 43500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं मादक प्रदार्थो पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे।

# प्रबंध समिति का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** शिक्षा के क्षेत्र में बिहार नित्य नये आयाम गढ़ रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक एवं परिमाणात्मक सुधार से स्कूलों में बच्चो की उपस्थिति बढ़ी है। यह नीतीश कुमार की देन है। उक्त बातें नवनिर्वाचित विधायक ललन राम ने सोमवार को पल्स टू-हाई स्कूल महाराजगंज में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि साइकिल, पोशाक, छात्रवृति व मेधा वृति जैसी योजनाओं से शिक्षा को बढावा मिला है। उन्होंने स्कूल के विकास में योगदान देने की बात कही। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य अभय कुमार राय ने विधायक का फूल माला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और विधायक से स्कूल क्या विकास के लिए आग्रह किया। मौके पर मनोज कुमार पांडेय, मोहम्मद सहीम आलम, अंकित कुमार सिंहा, शशिकांत यादव, प्रमोद कुमार, हर्ष अंशुमान, रामकृष्ण सिंह, रीना राय, मोनिका कुमारी, स्नेहा कुमारी, रूपांजलि कुमारी व सुमित्रा देवी आदि थे।

# राज्य स्तर के लिए 14 प्रदर्शों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में बच्चों के भीतर वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 53वीं जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन 22 दिसंबर 2025 (सोमवार) को राज्य संपोषित बालिका +2 विद्यालय, जहानाबाद के परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), जहानाबाद विनय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता विनय कुमार सिंह ने कहा कि जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जहानाबाद जिले में विज्ञान के पक्ष में एक मजबूत और सकारात्मक माहौल तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान जिले में बड़े स्तर पर वैज्ञानिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के कई छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित होकर राज्य स्तर तक पहुँचे हैं, जो जिले के लिए गर्व की बात है। प्रदर्शनी का मुख्य विषय ुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रहा। जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने अपने नवाचारी विज्ञान मॉडलों के माध्यम से समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता का विकास समय की आवश्यकता

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निपुण बिहार उत्कर्ष कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निपुण बिहार उत्कर्ष कार्यक्रम अंतर्गत मास्टर प्रशिक्षकों की दो दिवसीय कार्यशाला के द्वितीय चरण का सफल समापन हुआ। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों के मास्टर प्रशिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रथम दिवस में मदनपुर, रफीगंज और गोह प्रखंडों के मास्टर प्रशिक्षक शामिल हुए, जबकि द्वितीय दिवस में हसपुरा और दाउदनगर प्रखंडों के सभी मास्टर प्रशिक्षकों की भागीदारी रही। कार्यशाला का आयोजन पीरामल फाउंडेशन द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में जिला कार्यक्रम प्रबंधक शादाब आलम ने निपुण बिहार कार्यक्रम के उद्देश्यों और उसके प्रभावी क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता राजकुमार प्रसाद गुप्ता, कौशल किशोर और रमेश कुमार ने की। सत्र के दौरान रमेश कुमार ने टीआईपीपीएस इंडिकेटर्स के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि ये संकेतक शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को मजबूत बनाने, विद्यालय परिसर को सकारात्मक वातावरण में बदलने और कक्षा-कक्ष को बाल अनुकूल बनाने में सहायक हैं। प्रोग्राम लीडर अहमद रज़ा ने औरंगाबाद जिले के 170 विद्यालयों में कक्षा तीन के 1335 विद्यार्थियों की कक्षा-वार दक्षताओं का डाटा प्रस्तुत किया. कौशल किशोर ने आदर्श कक्षा की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता के विकास पर जोर दिया। कार्यशाला में कक्षा शिक्षण को रोचक बनाने के लिए एफएलएन शिक्षण अधिगम सामग्री, स्वर उतार-चढ़ाव, शारीरिक हाव-भाव, स्थानीय भाषा और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के उपयोग पर भी विशेष चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अमृतेश आर्यन ने कहा कि विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता का विकास समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर पीरामल फाउंडेशन से प्रभात कुमार, स्पृहा सिंह, अहमद रज़ा, प्रीति मिश्रा और गांधी फ़ेलो सहित अन्य उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता से कार्यशाला प्रभावी और सफल रही।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई गई शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत नबीनगर एवं कुटुंबा प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में गठित किशोरी समूहों की किशोरियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय, कुटुंबा एवं नबीनगर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बाल विवाह उन्मूलन के संबंध में सभी उपस्थित किशोरियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर किशोरियों के बीच स्कूल बैग का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों द्वारा किशोरियों को शिक्षा को जीवन का मुख्य लक्ष्य बनाने, आत्मनिर्भर बनने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ में केमिकल युक्त पानी से बर्बाद हुई सैकड़ों बीघा धान की फसल



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के एनटीपीसी थर्मल पावर प्लांट के आसपास के खेतों में केमिकल युक्त पानी जमा होने से एक तरफ फसलें बर्बाद हो रही है ।वहीं दूसरी तरफ खेत से किसानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है ।उनकी जमा पूंजी डूब रही है। जानकारी के अनुसार सैकड़ो बीघा जमीन में लगी धान की फसल बर्बाद हो गई है ।कई किसान खाट पर फसल काटकर घर ले जा रहे हैं। इस दौरान किसान ठंड लगने बीमार भी हो रहे हैं। पानी भरे खेतों में धान की फसल काटने के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। लिहाजा किसानों को खुद फसल काटनी पड रही है। ढीबर, सहनौरा, रैली इंग्लिश ,लक्ष्मीपुर ,बरियारपुर ,परसामा, मंगरचक आदि के किसान इस नई समस्या से परेशान है। किसानों ने बताया कि पानी की निकासी के लिए रेल की पटरी के किनारे पैईन बना हुआ था ।लेकिन उसे बाधित कर दिया गया। इस संबंध में किसानों के द्वारा एनटीपीसी प्रबंधन और अंचलाधिकारी को लिखित शिकायत की गई है। किसानों ने केमिकल युक्त पानी को दूसरे रूट से डाइवर्ट करने की मांग की है। हालांकि इस संबंध में एनटीपीसी प्रबंधन का कहना है कि किसानों की समस्या को लेकर जांच टीम बनाई गई थी। बहरहाल किसान परेशान है।

### प्रशासन ने नगर के चौक-चौराहे पर जलाया अलाव

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर अंचल व नगर परिषद प्रशासन ने नगर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाया गया. रामजीचक आश्रय स्थल, रूपसपुर नहर पर वेडिंग जोन, गोला रोड शिव मंदिर के पास, सगुना मोड,गुरूद्वारा मोड, रामजानकी मंदिर, व्यापार मंडल, प्राचीन देवी मंदिर नासरीगंज, ताराचक शौचालय, शाहपुर मंदिर, दाउदपुर बाजार गली के पास व दाउदपुर पेट्रोल पंप के पास अलाव जलाया गया है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि डीएम व एसडीओ के आदेश पर ठंड को देखते हुए अलाव जलाये जा रहे हैं. मौके पर परिषद के रोकड़पाल सुभाष कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे.वही सीओ चंदन कुमार ने बताया कि कडाके ठंड को देखते हुए नगर व ग्रामीण क्षेत्र के चौक-चौराहे समेत अन्य जगहों पर अलाव जलाया जा रहा है.

### डेंटल सर्जन के क्लीनिक में जबरन लगाया ताला

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के स्टेशन रोड में डेंटल सर्जन रजनीश कुमार के क्लीनिक में कुछ लोगों ने जबरन ताला लगा दिया है ।वहीं क्लीनिक से 10 लाख रुपए के उपस्कर और अन्य सामान गायब कर दिया। इस संबंध में थाने में दो लोगों पर केस दर्ज कराया गया है। डेंटल सर्जन का कहना है कि जब वह क्लिनिक पहुंचे तो उसे धमकी भी दी गई ।पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है ।

### मकान बनाने के दौरान मारपीट, एक हिरासत में

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दाहौर गांव में अनमोल सिंह और उसके भाई रुपेश कुमार को कुछ लोगों ने भवन निर्माण के दौरान मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि उससे रुपए की डिमांड की गई है। मामले की जांच पड़ताल पुलिस कर रही है। इस मामले में ज्ञानचंद राय को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं दूसरी तरफ वार्ड नंबर 12 सलेमपुर मोहल्ले में घर रिपेयरिंग करने के दौरान कुसुम देवी को कुछ लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया।

### नारियल डाब सप्लाई करने के नाम पर 2 लाख की ठगी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अगवानपुर गांव निवासी संतोष कुमार के साथ पश्चिम बंगाल निवासी व्यापारी ने नारियल डाब सप्लाई करने के नाम पर 2 लाख रुपए की छगी कर ली। इस मामले को लेकर पीड़ित व्यापारी ने थाने में आरोपी साजनिक दास को नामजद किया है। पीड़ित ने बताया कि उसका पश्चिम बंगाल के मोहनपुर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत साजनिक दास के बालाशाही दास मार्केट में नारियल डाब की आपूर्ति को लेकर एग्रीमेंट हुआ था। इसी एग्रीमेंट को लेकर उसने रुपए का भुगतान कई किस्तों में किया। रुपए लेने के बाद भी आरोपी सप्लायर ने उसे समान नहीं दिया।

### हाईवे का इमरजेंसी सोलर प्लेट चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ - बख्तियारपुर राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर स्थापित पोल में लगे इमरजेंसी कॉल के कई सोलर पैनल को अपराधियों के गिरोह ने चोरी कर लिया। इससे इमरजेंसी कॉल व्यवस्था बाधित हो गई है। वारदात 165 नंबर से 400 नंबर के बीच में हुई है। इस मामले को लेकर संबंधित कंपनी की टीम के द्वारा छानबीन की गई हैं। पुलिस ने बताया कि इस रूट पर यातायात सुरक्षा को लेकर सड़क किनारे पोल में इमरजेंसी कॉल के लिए सोलर पैनल लगाया गया है। अपराधियों ने पूरा गांव के पास कई सोलर पैनल की चोरी कर ली। इस संबंध में संबंधित कंपनी के प्रशासनिक अधिकारी राजन कुमार झा ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दिया है। सोलर प्लेट की कीमत लाखों रुपए बताई जाती है। हालांकि कंपनी के पास कीमत को लेकर जानकारी उपलब्ध नहीं है।

### मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में एसडीओ को ज्ञापन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण दो के अध्यक्ष गुरजीत सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन दिया है। इसे राष्ट्रपिता का अपमान बताया गया है। प्रतिनिधि मंडल में धर्मवीर कुमार, संजय कुमार, विजय सिंह, श्यामदेव चौहान, अमोद सिंह आदि मौजूद रहे ।

### लापता युवक की मिला चप्पल और चादर बरामद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पितौझिया गांव निवासी विक्की कुमार के लापता होने के बाद परिजनों ने खोजबीन की। युवक का चप्पल और चादर धनमा मोड़ के पास मिला है ।लापता युवक के भाई नीतीश कुमार ने इस मामले को लेकर थाने में अपहरण का केस दर्ज कराया है। परिजनों का कहना है कि विक्की घर से बाहर निकला। इसके बाद अचानक वह लापता हो गया ।

### खुशबू कुमारी बनीं मिस एंड मिसेज इंडिया वर्ल्ड बिहार चैप्टर 2025, सान्या सोनल को मिला प्राइड ऑफ इंडिया का खिताब

**किड्स कैटेगरी में मिस्ती सिंह बनीं विजेता, दिव्यांशी सिंह (झारखंड) प्रथम उपविजेता और आराध्या (पटना) द्वितीय उपविजेता**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साई ग्लोरियस इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली की ओर से आयोजित मिस, मिसेज एंड किड्स इंडिया प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ. फुलवारी शरीफ प्रखंड के भूपतीपुर स्थित आयोजन स्थल पर आयोजित फाइनल राउंड में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, प्रतिभा और व्यक्तित्व का प्रभावशाली प्रदर्शन किया. फाइनल राउंड में खुशबू कुमारी को मिस एंड मिसेज इंडिया वर्ल्ड बिहार चैप्टर 2025 की विजेता घोषित किया गया. वहीं सान्या सोनल को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति और विशेष उपलब्धि के लिए प्राइड ऑफ इंडिया का खिताब प्रदान किया गया. किड्स कैटेगरी (सीनियर ग्रुप) में मिस्ती सिंह ने विजेता का खिताब अपने नाम किया. जबकि दिव्यांशी सिंह, झारखंड को प्रथम उपविजेता और आराध्या, पटना को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया. (मिस ग्रुप) में वेदिका, पटना ने विजेता का खिताब हासिल किया. जबकि पल्लवी सिंह, झारखंड को प्रथम उपविजेता और प्रगति प्रिया, मुजफ्फरपुर (बिहार) को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया. जूनियर ग्रुप में माहिनूर, मुंगेर को विजेता घोषित किया गया. वहीं प्रगति प्रिया को प्रथम उपविजेता तथा हंशी, पटना को द्वितीय उपविजेता का खिताब प्रदान किया गया. मिसेज ग्रुप में खुशबू कुमारी ने विजेता का ताज हासिल किया. जबकि सोनम सोनी, सासाराम को प्रथम उपविजेता और कल्पना कुमारी, मुजफ्फरपुर को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया. समापन समारोह में बॉलीवुड फिल्म निर्देशक एवं अभिनेता मनीष वेद ससल्या, अभिनेता व मॉडल अर्जुन यादव, पटना हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात रंजन, आई केयर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राजेश मेहता सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को ट्रॉफी, पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर अभिनेता एवं मॉडल अर्जुन यादव ने कहा कि यह मंच नई प्रतिभाओं के लिए पहली सीढ़ी है, जहां से प्रतिभागी बड़े मंच तक पहुंच सकती हैं.




# कृषि अनुसंधान परिसर में होगा दो दिवसीय किसान मेला

## 'अनुसंधान से आत्मनिर्भरता की उड़ान- समृद्ध कृषि, सशक्त किसान'




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कल से कृषि अनुसंधान परिसर, पटना में होगा दो दिवसीय किसान मेले का आयोजन : कृषि जागरूकता के माध्यम से बड़ी संख्या में किसान होंगे लाभान्वित किसान दिवस के सुअवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा 23-24 दिसंबर, 2025 को दो दिवसीय भव्य किसान मेला एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस किसान मेले की थीम 'अनुसंधान से आत्मनिर्भरता की उड़ान- समृद्ध कृषि, सशक्त किसान' निर्धारित की गई है। इस आयोजन में बिहार सहित आसपास के विभिन्न जिलों से लगभग 1000 से अधिक किसान भाग लेंगे। श्री राम कृपाल यादव, माननीय कृषि मंत्री, बिहार सरकार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। किसान मेले का उद्देश्य किसानों को नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों, पशु विज्ञान से संबंधित आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों, उन्नत फसल उत्पादन प्रणालियों, जलझमृदा प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, दलहन एवं मोटे अनाजों के प्रोत्साहन तथा आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी प्रदान कर किसानों की आय, उत्पादकता और सतत कृषि विकास को गति देना है। यह संस्थान पूर्वी भारत की कृषि चुनौतियों-जैसे बाढ़-सूखा जोखिम, मृदा स्वास्थ्य में गिरावट, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तथा लघु और सीमांत किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु स्थान-विशिष्ट अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। किसान मेले के दौरान कृषक-वैज्ञानिक संवाद, कृषि प्रदर्शनी, तकनीकी सत्र, प्रक्षेत्र भ्रमण तथा ड्रोन प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं जैसे विकसित भारत- रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025, (वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025) के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी, जिसमें 125 दिनों का रोजगार गारंटी निहित हैं साथ ही, प्राकृतिक खेती, जलवायु-सहिष्णु कृषि, आलू व रबी फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, दुधारू पशुओं का वैज्ञानिक प्रबंधन, बिहार में मोटे अनाजों की खेती की संभावनाएँ, रबी सब्जियों का उन्नत प्रबंधन, आम-लीची में फूल आने के बाद की देखभाल, मशरूम उत्पादन की समस्याओं एवं समाधान तथा रबी दलहनों की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई। मेले में फसल निगरानी, सटीक छिड़काव एवं कृषि प्रबंधन में ड्रोन के उपयोग का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे किसानों को लागत घटाने और कार्यकुशलता बढ़ाने की आधुनिक तकनीक से अवगत कराया जा सके। किसान मेले के दौरान विभिन्न जिलों से आए प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा तथा उत्कृष्ट स्टॉलों को भी पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में रामगढ़ से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। साथ ही आईएआरआई पटना हब के छात्र भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी करेंगे। प्रदर्शनी के दौरान पारम्परिक व्यंजनों के स्टाल लगाए जायेंगे एवं प्रगतिशील किसानों एवं उद्यमियों द्वारा विकसित उत्पादों की बिक्री भी की जायेगी। इसके साथ ही प्रक्षेत्र भ्रमण एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराया जाएगा। यह दो दिवसीय किसान मेला वैज्ञानिक अनुसंधान और खेत-स्तरीय अनुप्रयोग के बीच की दूरी को कम करने का सशक्त मंच सिद्ध होगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना का यह प्रयास किसान दिवस की मूल भावना-'अनुसंधान से खेत तक' - को साकार करते हुए किसानों के सम्मान, सशक्तिकरण और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# एनआईटी पटना ने छठी बार वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) पटना ने एक बार फिर खेल उत्कृष्टता का परिचय देते हुए ऑल इंडिया इंटर एनआईटी वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2025 में ओवरऑल विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यह प्रतियोगिता एनआईटी दिल्ली में 21 से 22 दिसम्बर 2025 तक आयोजित की गई थी। इस उल्लेखनीय सफलता के साथ एनआईटी पटना ने छठी बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतकर अपनी श्रेष्ठता को पुनः स्थापित किया। पिछले वर्ष उपविजेता रहने वाली टीम ने इस बार शानदार वापसी करते हुए 2 स्वर्ण और 5 रजत पदक जीतकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया और एक बार फिर यह गौरवशाली ट्रॉफी संस्थान को समर्पित की। टीम के कप्तान रुद्र प्रसाद हांसदा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर का खिताब जीता। उनके नेतृत्व में सभी खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में उम्दा प्रदर्शन किया- रुद्र प्रसाद हांसदा- स्वर्ण पदक (81 किग्रा वर्ग)आदित्य कुमार- स्वर्ण पदक (73 किग्रा वर्ग)कुश कुमार -रजत पदक (89 किग्रा वर्ग)आदर्श मिश्रा -रजत पदक (61 किग्रा वर्ग)ओमकार कुमार -रजत पदक (55 किग्रा वर्ग)शुभम चौहान -रजत पदक (96 किग्रा वर्ग)रौनक चौधरी -रजत पदक (+96 किग्रा से अधिक वर्ग)सागर कुमार -पांचवां स्थान (67 किग्रा वर्ग) एनआईटी पटना के स्टूडेंट एक्टिविटी व एंड स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. अरिजीत पुततुंडा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, छात्रों ने कोच श्री अमरजीत कुमार के मार्गदर्शन में अत्यंत परिश्रम और अनुशासन के साथ अभ्यास किया। यह उपलब्धि उन्हीं की मेहनत और टीम भावना का परिणाम है। डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) प्रोफेसर प्रभात कुमार ने भी टीम की प्रतिबद्धता, निरंतरता और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत पूरे एनआईटी पटना परिवार के लिए गर्व का क्षण है।इस ऐतिहासिक विजय ने संस्थान में सामूहिकता और उत्कृष्टता की भावना को और प्रबल किया है। छठी बार ओवरऑल चैम्पियन बनने के साथ, एनआईटी पटना की वेटलिफ्टिंग टीम ने एक बार फिर यह साबित किया है कि समर्पण, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## हथियार के साथ टॉप टेन फरार अपराधी छोटे सरकार गिरफ्तार



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर पुलिस ने बीते रात गुप्त सूचना पर अनुमडल के टॉप-10 अपराधी सन्नी कुमार उर्फ छोटे सरकार उर्फ सत्या राज को दियारा के गंगहारा से गिरफ्तार किया गया है. उसके पास से एक देसी पिस्टल, एक मैंगजीन व चार गोली बरामद किया गया है. गिरफ्तार छोटे सरकार गंगहारा शाहपुर का निवासी है.सिटीएसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि शाहपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि गंगहारा गांव के उच्च विद्यालय के पास बगीचा में देखा गया है. सूचना पर शाहपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद के नेतृत्व में टीम गठित किया गया है. गठित टीम ने गंगहारा उच्च विद्यालय के बगीचा में छापेमारी करने पहुंची तो पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगे तो पुलिस ने खदेड कर गिरफ्तार किया . गिरफ्तार छोटे सरकार का तलाशी लिया गया तो बांये कमर से एक लोडेड पिस्तौल, पिस्टल के मैंगजीन व चार गोली बरामद किया गया है. सिटीएसपी ने बताया कि चुनाव के समय गंगहारा के एक शिक्षक से रंगदारी मामले में फरार चल रहा था और हथियार रखता है और दियारा क्षेत्र में रंगदारी वसूली करता था. गिरफ्तार छोटे सरकार का अपराधिक इतिहास है और शाहपुर थाना तीन मामला दर्ज है. गिरफ्तार छोटे सरकार से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## सालिमपुर कांड में थानाध्यक्ष और आईओ को कोर्ट ने किया शोकॉज, अभियुक्त हुए रिहा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सालिमपुर कांड में अवैध तरीके से पुलिस द्वारा की गई 13 लोगों की गिरफ्तारी को लेकर बाढ़ के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम राम मनोहर चौधरी ने गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष अर्चना कुमारी सिंह और विवेचना पदाधिकारी सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह को शोकॉज जारी किया है। वहीं किशोर को जबरन बालिग बताकर कोर्ट में पेश करने को लेकर भी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी टिप्पणी की गई है ।दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए गाइडलाइन को अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारियो को अवगत कराने का निर्देश ग्रामीण एसपी और एसडीपीओ को दिया गया है। जानकारी के अनुसार सालिमपुर थाने के लखीपुर निवासी किसान कन्हैया शर्मा की हत्या को लेकर पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर हमला किया गया। थानाध्यक्ष द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर इसमें पुलिस द्वारा 13 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई । अभियुक्तों को शनिवार की शाम को पुलिस ने बाढ़ के अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी प्रथम के न्यायालय में पेश किया। इस दौरान एक अभियुक्त 11वीं के छात्र को 18 वर्ष बताकर लाने को लेकर जांच पड़ताल की गई। कोर्ट में विवेचना पदाधिकारी द्वारा घटनास्थल का वीडियो भी प्रस्तुत किया गया था जिसे संतोषजनक नहीं माना गया। वहीं गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों ने स्वयं को कोर्ट में निर्दोष पुलिस कार्रवाई को गैर कानूनी बताया।

## क्रिसमस की तैयारीः सैनिकों के लिए विशेष है संत लूकस चर्च

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्रिसमस को लेकर नगर के चर्चों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. इसी को लेकर दो सौ साल से अधिक पुराना बिहार रेजिमेंट सेंटर के ऐतिहासिक संत लूकस चर्च में भी सजावट की जा रही है. संत लूकस चर्च की नींव ब्रिटिश शासनकाल में कैप्टन थॉमसन ने रखी थी. यह चर्च साल 1827 में अस्तित्व में आया और तीन



साल की मेहतन के बाद 1830 में बनकर तैयार हुआ. चर्च की बनावट आज भी लोगों की नजरें अपनी ओर खींच लेती हैं. दानापुर आरा गोलंबर सैनिक चौक के पास स्थित संत लूकस गिरजाघर की सुंदरता देखते ही बनती है. सफेद रंग की चादर ओढ़े हुए गिरजाघर दुधिया रौशनी में अलग ही छटा बिखरते नजर आती है. बिहार रेजिमेंट सेंटर (बीआरसी) के सैनिकों द्वारा चर्च की देखभाल की जाती है. गिरजाघर के फादर नायक सुबेदार धर्मगुरू फादर एल विपिन ने प्रार्थना कराते हुए प्रभू यीशु के जन्मदिन पर 24 दिसंबर की रात्रि में विशेष प्रार्थना की व कैरोल गीत गायेंगे. क्रिसमस के दिन सुबह सैन्य अधिकारी, जवान व उनके परिजन साथ-साथ प्रार्थना करने आते हैं.

## फायरिंग कर दहशत फैलाने के दूसरा आरोपी भी देसी कट्टे व 4 कारतूस साथ गिरफ्तार,एक और की तलाश

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर थाना क्षेत्र के माधोपुर में दो दिनों पूर्व फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दूसरेअपराधी को भी मनेर पुलिस ने खगौल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया जो जिले के टॉप टेन अपराधी है।इस संबंध में सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मनेर थानांतर्गत माधोपुर में 20 दिसंबर की देर रात कुछ व्यक्तियों द्वारा अपना दबदबा बनाए रखने के लिए फायरिंग किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी।प्राप्त सूचना के आलोक में हमारे निर्देशन में थानाध्यक्ष मनेर रजनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।गठित टीम द्वारा छापामारी में अपराधकर्मी रोहित कुमार उर्फ एडी को खगौल लखनीबीघा से गिरफ्तार करने के बाद उसके निशानदेही पर मनेर मौलानीपुर स्थित घर से 1 देसी कट्टा,4 जिंदा कारतूस व एक मोबाइल बरामद किया गया है। पकड़ा गया रोहित कुमार उर्फ एडी भी टॉप -10 अपराधियों में शामिल था। गिरफ्तार अभियुक्त रोहित उर्फ एडी पूर्व से मनेर व बिहटा थाना के गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित रहा है।

# जल संसाधन विभाग के द्वारा किए गए कार्य से ग्रामीण असंतुष्ट



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अथमल गोला प्रखंड के करजान पंचायत का बुधवा चक गांव के ग्रामीण इन तीनों काफी परेशान हैं करीब चार से पांच महीना पहले गांव को नदी के कटाव से बचाने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से करीब 300 मी की दूरी तक नदी के किनारे बालू से भरा हुआ बोडा डालकर गांव की सुरक्षा करने का काम किया लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक के द्वारा बोडा डालने से पहले योजना स्थल पर बाहर से मिट्टी ना डालकर नदी के तलहटी वाला मिट्टी को जेसीबी मशीन से कटकर वह बालू का पैकेट डालने का काम किया जिसके चलते नदी में जब उफान आई तो तलहटी का मिट्टी को काटकर अपने साथ बहा ले गई जिसके चलते बालू का पैकेट खिसक कर नदी में चला गया और गांव का कटाव होना शुरू हो गया नदी किनारे लगे सारे पेड़ पौधे नदी में समाहित हो गया ग्रामीणों का कहना है कि इससे तो भला पहले ही था की पेड़ पौधा के चलते नदी का कटाव नहीं हो रहा था लेकिन ठेकेदारी के चलते संवेदक ने गांव का बुरा हाल कर दिया मिट्टी खिसक जाने के चलते कुछ ग्रामीणों के घर और बथानी भी नदी में चला गया अब यहां के लोगों को भविष्य का डर सताने लगा है क्योंकि यह गांव नदी के घुमावदार मुहाने पर स्थित है ग्रामीणों ने बताया कि पहले नदी के किनारे से विद्यालय तक फोर व्हीलर आने जाने का रास्ता था लेकिन अब पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत भी मौखिक रूप सेअधिकारियों से की लेकिन ग्रामीण का हाल जानने के लिए आज तक ना तो संवेदक देखने के लिए आया और ना ही जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी ने लिहाजा बुधवाचक गांव के लोग सरकार की इस नीति से बेहद नाराज हैं ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी पटना, और जल संसाधन विभाग के सचिव एवं मंत्री से करने की बात कही है ,गांव के चमरू राम ने बताया कि यदि समय रहते यहां के हाल पर सरकार ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया साथ ही विभाग के जूनियरइंजीनियर और संवेदक को ब्लैकलिस्टेड नहीं किया तो पूरा ग्रामीण आंदोलन के लिए उतारू हो जाएंगे साथ ही सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे/मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जानकारी अभी मिली है विभाग के पदाधिकारी से बात की जाएगी।

# प्रतिभा की पहचान और मार्गदर्शन का भरोसेमंद नाम बनी गोल प्रतिभा खोज परीक्षा



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** छात्रों की प्रतिभा को पहचानने, परखने और उसे सही दिशा देने के उद्देश्य से गोल इन्स्टीट्यूट द्वारा आयोजित गोल प्रतिभा खोज परीक्षा की मुख्य परीक्षा दिनांक 21 दिसंबर 2025 को सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। GTSE परीक्षा आज केवल एक प्रतियोगी परीक्षा नहीं, बल्कि प्रतिभावान छात्रों के लिए मार्गदर्शन, अवसर और भविष्य निर्माण का सशक्त मंच बन चुकी है। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह, अनुशासन और आत्मविश्वास देखने को मिला, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करता है। इस अवसर पर गोल इन्स्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री विपिन सिंह ने कहा कि पिछले 17 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही गोल प्रतिभा खोज परीक्षा के माध्यम से अब तक सैकड़ों मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन एवं सटीक मार्गदर्शन प्रदान किया गया है। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप गोल के छात्र आज देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों, इंजीनियरिंग संस्थानों एवं सिविल सेवा परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। मुख्य परीक्षा से संबंधित जानकारी देते हुए गोल इन्स्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री रंजय सिंह ने बताया कि प्री-एग्जाम में लगभग 1.50 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से 43,876 छात्रों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया गया। यह परीक्षा सभी राज्यों के जोनल मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। गोल इन्स्टीट्यूट के आर एंड डी प्रमुख श्री आनंद वत्स ने बताया कि मुख्य परीक्षा में सफल छात्रों को गोल के विभिन्न कोर्सेज में 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी तैयारी को सशक्त सहयोग मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो छात्र किसी कारणवश परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए हैं, वे गोल इन्स्टीट्यूट द्वारा प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को आयोजित गोल स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेकर छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य परीक्षा का परिणाम एवं सेमिनार से संबंधित विस्तृत जानकारी शीघ्र ही विद्यार्थियों को मैसेज के माध्यम से तथा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी। विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट विज़िट करते रहें।

## शिक्षा व कैरियर सेमिनार में विशेषज्ञों ने दी सफलता की सीख

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आर्य समाज मंदिर लेन 7 स्थित एक सभागार में आयोजित शिक्षा व कैरियर सेमिनार में विशेषज्ञों ने 12वीं बोर्ड की तैयारी कर रहे करीब 500 छात्र-छात्राओं को सफलता के महत्वपूर्ण मंत्र बताये. सेमिनार के दौरान शिक्षा, अनुशासन और सही मार्गदर्शन पर विशेष चर्चा की गई.गणित के शिक्षक जीत ने छात्रों से कहा कि रुचि के विषय का गहन अध्ययन, नियमित अभ्यास, सतत परिश्रम और फोकस्ड स्टडी ही सफलता का वास्तविक आधार है. उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी.सेमिनार में बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने जीत के विचारों का समर्थन करते हुए छात्रों को उनके बताए मार्ग पर चलकर कैरियर में आगे बढ़ने की सलाह दी.

# भाजपा के नव निर्वाचित विधायक का अभिनंदन समारोह आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्वीचंपारण संसदीय क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायकगण को सोमवार को भाजपा व्यापार मंडल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। साथ ही लेमन टी से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी स्मृति आयोजन को लेकर जानकारी दी।उन्होंने आयोजन को लेकर 24 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के आयोजन के लिए श्री सिंह ने धर्मेंद्र कुमार की सराहना की। कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ,पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, चिरैया विधायक लालबाबू गुप्ता, मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, पूर्व विधायक गोविंदगंज सुनील मणि

## क्षेत्र के तीव्र विकास की उम्मीद

तिवारी, जिलाध्यक्ष पवन राज, निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना एवं उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह का अभिनंदन किया गया। मौके पर प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, सुधांशु रंजन एवं राकेश गुप्ता, महामंत्री संजय चौधरी, प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा नीता शर्मा, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, प्रवक्ता द्वय संजीव सिंह एवं साजिद रजा, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, आईटी सेल प्रभारी ऋषभ झा, प्रो अरुण कुमार, सुदीप कुमार ,डॉ हीना चंद्रा, सियावर सिंह, सूरज पांडेय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू पासवान, कोषाध्यक्ष कुमार विजय उर्फ टिंकू जी, दीपक सर्राफ, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, महामंत्री उत्तम मिश्रा, राजू वर्मा,निखिल कुमार,संजू निषाद, धीरज जायसवाल, रोचक झा,चंदन सिंह, कौशल सिंह,राजेश कुमार,संजय सोनी, राजीव कुमार राजू, अरविंद सर्राफ, दशरथ कुमार,रौनित कुमार उर्फ राजा सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता मौजूद थे।धन्यवाद ज्ञापन उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कदाचार मुक्त तरीके से परीक्षा सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) चतुर्थ सेमेस्टर, सत्र -2023-27 की परीक्षा 11/12/2025 से प्रारंभ है। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को पंडित उगम पांडेय कॉलेज, मोतिहारी और एस.एन. एस. कॉलेज, मोतिहारी के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है 22/12/2025 को परीक्षा के आखिरी दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम एवं दूसरी पाली में क्रमशः मेजर ग्रुप ए और मेजर ग्रुप बी विषय की परीक्षा हुई। प्रथम पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 771 रही वहीं दूसरी पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 774 रही। परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है।

### विभिन्न कांडों में चार की गिरफ्तारी

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस द्वारा एक शराब कारोबारी,सहित दो शराबी तथा एक वारंटी को पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष समकालीन अभियान में थाना क्षेत्र के झझरा निवासी रामनारायण राय के पुत्र विवेक कुमार को शराब के होम डिलिवरी की सूचना थी जिसे जितना पुलिस 9 लीटर शराब के साथ पकड़ लिया शराब पीने के आरोप में दरपा थाना



क्षेत्र के नरकटिया बाजार सुनील कुमार तथा चन्दन कुमार को नेपाल से शराब पीकर आने के क्रम में पुलिस पकड़ ली वहीं घोघिया गांव के कुर्की वारंटी नेक महमद को पुलिस उसके घर से पकड़ कर न्यायिक हिरासत भेज दिया पुष्टि जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने की।

### विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना के आधार पर पिलर संख्या 358/5 के बगल से कई तस्कर भारी मात्रा में कस्तूरी नेपाली शराब एवं अंग्रेजी शराब लेकर भारत आने वाले हैं, जिसकी सूचना मिलते ही ए समवाय सशस्त्र सीमा बल अठमोहान के कंपनी कमांडर श्री विजय कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित किया गया, टीम का नेतृत्व उप निरीक्षक बार सिंह एवं झरोखर थानाध्यक्ष असलम अंसारी संयुक्त



रूप से कर रहे थे, रात्रि के समय बोर्डर पिलर संख्या 358/5 के पास कुल 485 बोतल नेपाली कस्तूरी एवं 25 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्कर नेपाल से भारत आ रहे थे घात लगाए सशस्त्र सीमा बल के जवान एवं पुलिस ने उक्त तस्कर को देखते ही खदेड़ कर तीनों तस्कर को गिरफ्तार कर लिया, तीनों गिरफ्तार तस्कर जीतना थाना क्षेत्र के अगरवा गांव निवासी संतोष कुमार पिता भगन प्रसाद, अठमोहान गांव निवासी बड़ा बाबू पिता सोना लाल यादव, आकाश कुमार पिता पन्ना लाल यादव है।इस ऑपरेशन में एसएसबी के जवान आर्यन कुमार आर्या, मुलायम यादव,दीपक सिंह, सुग्रीव वर्मा, रॉबिन कुमार सहित पुलिस के कार्मिक मौजूद थे।

### चौकीदार परेड में चुस्त दुरुस्त पाये गये ग्रामीण पुलिस

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे चौकीदारों को थाना प्रभारी पप्पु पासवान ने चौकीदार परेड कराया,कराते वक्त सबको बारी बारी से हाजिरी देनी पड़ी, आवश्यक निर्देश देते हुए प्रभारी ने बताया कि अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहते हुए कर्तव्यों को निर्वहन करना है, इमानदारी पूर्वक अपराध से जुड़े लोगों के खिलाफ



लड़ना है, शराब पीने वाला हो या शराब माफिया,या असामाजिक तत्व पर विशेष निगरानी रखना है,परेड में चौकीदारों की वेषभूषा, अनुशासन की समीक्षा, रात्रि गशती,को ठंड के दिनों में प्रभावी बनाने के उद्देश्य पर बल दिया, चौकीदारों को संदिग्ध गतिविधियों को तुरन्त थाना को खबर दी जाय, वहीं हरपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने अपने चौकीदारों को परेड के दौरान आवश्यक निर्देश दिया जिन्हें पालन करने पर बल दिया।

### चाकूबाजी कांड का आरोपित किया सरेंडर, दूसरा गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चाकुबाजी कांड का एक आरोपी ने शनिवार को पुरूषोतमपूर थाने में सरेंडर कर दिया। जबकि दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि भेडीहारी के सैदूरहमान ने थाने में सरेंडर कर दिया है। वही भेडीहारी के आरोपी पानी बोतल उर्फ मंटू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। विदित हो कि बिते 5 दिसंबर को मरजदवा बाजार सैलून में बाल कटाने के दौरान उत्पन्न विवाद में चाकूबाजी में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें पुलिस ने पांच को नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### बिजली चोरी करने के मामले में 8 हुए नामजद

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम ने सघन छापेमारी की। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे बिजली विभाग के जेई वेद प्रकाश ओझा ने 8 लोगों के खिलाफ विद्युत ऊर्जा की चोरी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। साथ ही निर्धारित प्रावधानों के तहत इनके खिलाफ जुमार्ना भी लगाया गया है। विधुत कार्यपालक अभियंता आपूर्ती प्रमंडल बगहा द्वारा छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें मानव बल नरेश कुमार, मैनुद्दीन अंसारी, विकास रंजन, नंदु राम समेत अन्य शामिल रहे। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि दर्ज एफआईआर के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

### नौतनवा खेल मैदान में 16 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर प्रखंड के बगही पंचायत अंतर्गत नौतनवा खेल मैदान में आयोजित 16 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट क्षेत्र में खेल प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। टूर्नामेंट के तहत खेले गए मुकाबले में मंचगवा व सीठ्ठी फुटबॉल टीम के बीच खेला गया । मध्यांतर के पहले एक गोल सीठ्ठी के टीम ने बढ़त बना तथा मध्यांतर के बाद दो गोल दागकर जीत सुनिश्चित कर लिया है। इस निर्णायक मंडल ने सीठ्ठी के टीम को विजेता घोषित कर दी। दोनों टीमों ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को भरपूर रोमांच मिला। मैच का शुभारंभ आयोजक रवि गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, खेल भावना और आपसी भाईचारे के साथ खेल खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मैच के दौरान मैदान में मौजूद दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में पहुंचे खेल प्रेमियों ने तालियों, सीटियों और नारों के माध्यम से खिलाड़ियों का लगातार उत्साहवर्धन किया. इससे पूरा मैदान खेलमय माहौल में तब्दील हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद इस तरह का भव्य खेल आयोजन देखने को मिल रहा है, जिससे क्षेत्र में रौनक बढ़ी है। आयोजकों ने बताया कि सैनिक रोड के समीप स्थित इस खेल मैदान में टूर्नामेंट के तहत लगातार मुकाबले खेले जाएंगे। आगामी 4 जनवरी को टूर्नामेंट का फाइनल मैच आयोजित किया जाएगा, जिसे लेकर अभी से ही दर्शकों में खासा उत्साह है।

### किसान गोष्ठी में आधुनिक खेती अपनाने पर जोर

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित किसान सभागार में किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी आशीष आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीडीओ पंकज कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय में परंपरागत खेती के साथ-साथ आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। समेकित कृषि प्रणाली के माध्यम से किसान खेती के साथ पशुपालन, मत्स्य पालन एवं बागवानी को जोड़कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन पर विशेष बल देते हुए पराली जलाने से बचने और उसके वैकल्पिक उपयोग की जानकारी दी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी आशीष आनंद ने किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं, उन्नत बीज, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा जल संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष का समुचित प्रबंधन कर मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए उत्पादन में बढ़ोतरी संभव है। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक रामकुमार सिंह, मनोज तिवारी, मुकेश ओझा, कृषि सलाहकार विनय कुमार, दूधनाथ सिंह, मोहम्मद जुबेर, अख्तर हुसैन, अजीत कुमार सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनका समाधान अधिकारियों द्वारा किया गया।

## शिविर में प्राप्त आवेदनों का जांच कर करे निष्पादन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के तहत सोमवार को प्रखंड के तीन पंचायत में शिविर लगाया गया। इसमें चमुआ, मनवा परसी व बिनवलिया पंचायत शामिल है। शिविर में नल जल, स्वच्छता मिशन, आरटीपीएस, पंचायती राज, अंचल, आपूर्ति, आवास, मनरेगा, कृषि समेत अन्य विभागों से संबंधी आवेदन लिए गए। वही बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने चमुआ व मनवा परसी में आयोजित शिविर का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारी ने ग्रामीणों से शिविर में भाग लेने की अपील किया। बीडीओ श्री सिंह ने कैंप में प्रतिनियुक्त कर्मियों को आवेदनों की जांच कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। अधिकारी ने बताया कि अबतक शिविर में ज्यादातर मामलें जन्म मृत्यु, पेंशन व राशन कार्ड के जमा हुए है।

## हथियार के बल पर सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के घर व दुकान पर कब्जा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के कालीबाग थाना क्षेत्र के क्रिश्चियन क्वार्टर मोहल्ले में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के पैतृक घर और दुकान पर हथियार के बल पर कतिपय तत्वों ने कब्जा जमा लिया है। इस संबंध में चंपारण रेंज के डीआईजी के निर्देश पर कालीबाग थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में रिटायर्ड दारोगा वाल्टर माइकेल ने बताया है कि 7 दोपहर आरोपियों ने हथियारों के साथ घर और दुकान का ताला तोड़ दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है। वाल्टर माइकेल ने कहा कि उनका यह मकान चर्च रोड स्थित है, जो उनके परिवार की संपत्ति है और उसमें उनके नौ भाई-बहनों का हिस्सा है। उनका आरोप है कि छोटे भाई अलवर्ट ने धोखाधड़ी करके इस मकान का बैनामा अपने नाम करा लिया था। इसके बाद इस मामले में कोर्ट में केस भी चल रहा है। प्राथमिकी में आरोप है कि उनके छोटे भाई ने इस मकान को नवल पाठक से बिक्री कर दिया। लेकिन जब नवल पाठक ने कब्जा लेने की कोशिश की, तो वाल्टर ने इसका विरोध किया और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में उन्होंने पहले थाने में सूचना दी लेकिन थाना द्वारा कोई कार्रवाई नही किया गया तो डीआईजी को आवेदन दिया गया। डीआईजी हरकिशोर राय के निर्देश पर मामले में कालीबाग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## कार में लगाई आग, पुलिस को दिया आवेदन

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बौध बारवा निवासी सह पुस्तक व्यवसाई कृष्णा कुमार की कार में रविवार की रात्रि आग लगा जिंदा जलाने की कोशिश की गई। घटना से आहत कृष्णा कुमार ने मैनाटांड़ थाना में आवेदन देकर मदद की गुहर लगाइ है। पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया गया कि रविवार की रात्रि करीब 12.30 बजे अपने सहकर्मी लंगड़ी वस्ठा निवासी जोखू राम के साथ भरवलिया वस्ठा मे अपने निमार्णाधीन विद्यालय को देखने गया था। उसी दरमियान पहले से घात लगा कर बैठा वस्ठा निवासी स्वर्गीय शंकर पणित के पुत्र गोपाल पणित व हरवा हथियार से लैस आधा दर्जन नाकाबपोष लोगों ने मेरे और मेरे सहकर्मी के ऊपर धावा बोल गली गलोज और मारपीट करना शुरू कर दिया।

## कड़ाके की ठंड से कांपा सीमावर्ती शहर रक्सौल, जनजीवन बेहाल



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिमालयी देश नेपाल से सटे भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित सीमावर्ती शहर रक्सौल इन दिनों भीषण ठंड की चपेट में है। लगातार गिरते तापमान और सर्द हवाओं ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड का सबसे अधिक असर दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, फुटपाथ दुकानदारों और सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले गरीब तबके पर पड़ रहा है। अलसुबह काम पर निकलने वाले लोगों के लिए ठंड जानलेवा साबित हो रही है। वहीं नेपाल से आने-जाने वाले यात्रियों को भी ठंड और कोहरे के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर ठंड से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं होने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद और प्रशासन की ओर से अब तक अलाव और राहत व्यवस्था नाकाफी है।मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई गई है, जिससे हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। ऐसे में जरूरतमंदों के लिए शीघ्र राहत और ठंड से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है।

## राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताहिक कार्यक्रम संपन्न, पुरस्कार वितरित

### मार्च 2027 तक 25000 जन औषधि केंद्र स्थापित करने का सरकार का है लक्ष्य

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीकरीया फामेर्सी कॉलेज मोतिहारी में सोमवार को राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताहिक कार्यक्रम समापन्न किया गया। समापन समारोह दीप प्रज्वलित कर एवं पुरस्कार वितरण आई एम ए के अध्यक्ष डॉ आशुतोष शरण एवं भाजपा नेत्री डॉ हीना चन्द्रा, वरिष्ठ पत्रकार प्रो चन्द्रभूषण पाण्डेय एवं कॉलेज के सचिव भाजपा युवा नेता यमुना कुमार सीकरीया एवं कॉलेज प्राचार्य प्रीति दुबे ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर डॉ आशुतोष शरण ने वैकसीन और उसके इस्तेमाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी, एवं नये वैक्सीन के बारे में छात्रों को बताया। डॉ हीना चंद्रा ने फामेर्सी के महत्व के बारे में जानकारी दी, तथा डॉक्टर और फार्मासिस्ट में अंतर बताया एवं प्रो चन्द्रभूषण पाण्डेय ने कहा कि फामेर्सी का बहुत बड़ा दायरा है। सचिव यमुना सीकरीया ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के उपक्रम, फामेर्सी



काउण्सील ऑफ इंडिया के निदेशानुसार फार्मासिस्ट ऐज दी एडवोकेट ऑफ वैक्सीनेशन के तर्ज पर किया गया था। जिसका आज समापन हुआ है। जागरूकता लाने के उद्देश्य से सरकार ऐसे कार्यक्रम कराती है। फार्मासिस्ट डॉ और मरीज के बीच की एक सहायक कड़ी है, तथा डॉ से अधिक इसकी भूमिका है। प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्र की अभी तक कुल 17,610 केन्द्र खोले जा चुके है, और मार्च 2027 तक 25,000 संख्या करने का लक्ष्य सरकार का है। जिससे लोगो को 75 प्रतिशत कम में दवा मिलती है। आज टिकाकरण में एक वकिल की भूमिका फार्मासिस्ट निभाता है। इस मौके पर छात्रो ने रंगोली और अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया, तथा अतिथियों ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## विधायक ने किया प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्सद संवाददाता।** सोमवार को बाल्मीकिनगर विधायक सुरेंद्र प्रसाद में प्रखंड बगहा दो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंचल व प्रखंड में बिचौलियों की भूमिका पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ व सीओ को कार्य शैली में सुधार का निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि ऐसी लगातार शिकायत मिल रही है कि प्रखंड व अंचल में बिचौलियों के माध्यम से कार्य हो रहा है। ऐसे में उन्होंने बीडीओ व सीओ को कार्यशैली में सुधार करने की चेतावनी दी। साथ ही साथ प्रखंड के सभी विभागों के अधिकारियों को समय पर कार्य करने को लेकर निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि जिन विभागों में कार्य लंबित रखे जाएंगे व ससमय कार्य का निष्पादन नहीं होगा उन विभाग के अधिकारियों को चिन्हित कर उन पर विभागीय कार्रवाई की भी अनुशंसा की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने प्रखंड स्तर पर संचालित विकास की योजनाओं संबंधित पंजीयों की मांग की । उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तर पर पंचायत में जिम खाने का लगाए गए हैं। जिसमें लगातार अनियमितता की शिकायत मिल रही है। ऐसे में उन्होंने जिम संबंधित योजना के जांच की बात कही एवं दोषियों पर कार्रवाई की निर्देश दिया। इसके बाद विधायक ने आईसीडीएस कार्यालय, शहरी पीएचसी ,कृषि ,मनरेगा ,आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार को लेकर निर्देशित किया।

## नीति आयोग ने की समीक्षात्मक बैठक

### 40 संकेतकों की प्रगति की हुई समीक्षा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीरज कुमार, केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी - सह - निदेशक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत चयनित केसरिया एवं कल्याणपुर प्रखंड के प्रगति की गहन समीक्षात्मक बैठक की गयी। उक्त बैठक में 05 यथा- स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, आधारभूत संरचना, सामाजिक विकास के तहत 40 संकेतकों के प्रगति की समीक्षा, जिसमें 07 स्वास्थ्य के संकेतकों, 07 पोषण के संकेतकों, 11 शिक्षा के संकेतकों, 05 कृषि एवं संबद्ध से संबंधित संकेतकों, 05 आधारभूत संरचना के संकेतकों तथा 05 सामाजिक विकास के प्रत्येक संकेतकों की समीक्षा के दौरान संबंधित जिला / प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को ससमय आंकड़ों की प्रविष्टि तथा राज्य / केन्द्र के औसत से कम के संकेतकों में सुधार हेतु निदेशित किया गया ।इस बैठक में सौरभ जोरवाल, जिला पदाधिकारी पूर्वी चंपारण, डॉ. प्रदीप कुमार, उप विकास आयुक्त, पूर्वी चंपारण इत्यादि जिला एवं केसरिया प्रखंड के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी कल्याणपुर प्रखंड का निरीक्षण किया गया।समस्या के निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के माध्यम चयनित प्रखंडों को, जो कई संकेतकों / क्षेत्रों में पिछड़ गए हैं, को विकसित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को दिशा - निर्देश दिया जाएगा। केन्द्रीय प्रभारी पदाधिकारी द्वारा 23.12.2025 को केसरिया प्रखंड का निरीक्षण किया जाएगा।

## मनरेगा कानून को बदलने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार वापस ले : वामदल




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाम दलों द्वारा मनरेगा कानून में बदलाव के खिलाफ जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कामरेड सतेन्द्र कुमार मिश्र कर रहे थे। यह प्रदर्शन स्टेशन चौक से चलकर सदर अस्पताल होते हुए समाहरणालय पहुंचा एवं सभा में बदल गया। सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम नेता एवं पूर्व विधायक कामरेड रामाश्रय सिंह ने कहा कि संघ पहले गांधीजी की हत्या की अब उनके समर्थन पर चल रही भाजपा की सरकार महात्मा गांधी के विचारों की हत्या करना चाहती है। हम इस मंसूबे को कामयाब नही होने देंगे। सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा जिला सचिव कामरेड विश्वनाथ यादव एवं माले नेता कामरेड दिनेश प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रुप से कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों की घर बुल्डोज कर रही थी ।अब वो इस नये कानून के सहारे ग्रामीण गरीबों के रोजगार को बुल्डोज करने की प्रयास कर रही है। हम इसका कड़ा विरोध करते हैं।हमारा यह आन्दोलन मनरेगा के पुनर्स्थापना तक जारी रहेगा। प्रदर्शन में राजमंगल प्रसाद,शबनम खातुन , अशोक पाठक , संतोष कुमार, मोहम्मद इस्राफील, मुकेश यादव, धनंजय पुरी ,वीना देवी, मोहम्मद नाजिर,सुरेश सिंह, कन्हैया प्रसाद,भोला राम ,पप्पु सहनी ,उमेश पंडित आदि शामिल रहे।

## आईटीआई कॉलेज भेलवा सर्किल में प्रथम एलुमनी मीट का आयोजन

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सिकरहना) भेलवा सर्किल में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया.यह कार्यक्रम युवा,रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के बाद आईटीआई भेलवा का पहला आधिकारिक कार्यक्रम रहा.इस एलुमनी मीट कार्यक्रम आयोजन एलुमनीसमिति ,संस्थान ,प्रशासन ,वर्तमान एवं पूर्व छात्रों के संयुक्त प्रयास से किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश सिंह (काका) व प्रभारी प्राचार्य रामजी राम ने दीप जलाकर तथा फीता काट कर किया.कार्यक्रम संबोधित करते प्रकाश सिंह ने एलुमनी मीट की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पूर्व छात्रों और संस्थान के बीच संपर्क बनाए रखने के साथ-साथ वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करने में सहायक होता है.मौके पर संस्थान के एलुमनी,अर्थात पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने-अपने अनुभव एवं सफलता की कहानियां वर्तमान छात्रों के साथ साझा किया.वही मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश सिंह तथा संस्थान के प्राचार्य ने पूर्ववर्ती छात्रों को स्मृति-चिन्ह तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका अनुदेशक रितेश कुमार सिंह,संचालन मुख्य अनुदेशक विनय कुमार तथा चंद्रमणि पांडेय ने किया.एलुमनी मीट के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मिट्ठू कुमारी,भारती कुमारी,अनिशमा कुमारी,वैष्णवी कुमारी,सुहानी



कुमारी,अजय कुमार,शिवम कुमार,विशाल कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने गीत,नित्य,नुक्कड़ नाटक,भाषण एवं समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से सहभागिता दी.सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा.कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के अन्य अनुदेशकों में जितेंद्र कुमार,नीलकांत कुमार,निवेश कुमार,अजीत कुमार,रौशन कुमार,श्रीकांत कुमार,रजत कुमार,रवि कुमार,कौटिल्य राज,सत्यप्रकाश तिवारी आदि का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा.अपने संबोधन में प्राचार्य रामजी राम ने एलुमनी मीट सफलतापूर्वक आयोजित की गयी.अंत में मुख्य अनुदेशक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया.मौके पर सरपंच प्रतिनिधि रामवृक्ष राम,पंचायत समिति सदस्य राजा बाबू साह,एचएम मो. जफरूल हसन,बबलू सिंह,डा सुरेश प्रसाद,नितेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## कुकुरा पंचायत के आधा दर्जन लोगों को तलब किया

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय कक्ष में सोमवार को सीओ सुधांशु शेखर ने क्षेत्र के रैयतों की समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने 25 मामलों देखा। इसी क्रम में सीओ ने कुकुरा पंचायत के आधा दर्जन ग्रामीणों को तलब किया। सीओ ने स्पष्ट रूप ने निर्देशित किया है कि किसी भी सूरत में सरकारी भूमि पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने उक्त ग्रामीणों को भूमि खाली करने का सख्त आदेश दिया। सीओ ने कहा कि कुकुरा में नदी किनारे छठ घाट के पास करीब 20 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि चिन्हित की गई है। जिसे प्रशासन को खाली करवाना है। उन्होंने ग्रामीणों को स्पष्ट निर्देश दिया बगैर कागजात भूमि पर दखल नहीं करेंगे। अगर कब्जा किया तो अब सीधे प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# बीडीसी बैठक में बैंक प्रबंधकों की गैरहाजिरी पर उठे सवाल

## करीब एक करोड़ की योजनाएं स्वीकृत



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में सोमवार को प्रखंड क्रियान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने की, जबकि संचालन बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने किया। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि से हुई, लेकिन इसी मुद्दे पर सदन में तीखी बहस भी देखने को मिली। पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार ने पिछली बैठक के प्रस्तावों की प्रतिलिपि सदस्यों को उपलब्ध नहीं कराए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने इसे सदन की गरिमा के विपरीत बताते हुए गंभीर लापरवाही करार दिया। साथ ही डिंडिर पंचायत के सरदवन विगहा एवं मुजफ्फरपुर में पुल निर्माण का प्रस्ताव रखा। डॉ. ब्रह्मदेव प्रसाद ने समिति योजना के तहत कराए गए कार्यों का भुगतान लंबित होने का मुद्दा उठाते हुए अधिकारियों के रवैये को तानाशाही बताया। बैठक में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सीडीपीओ ओनम ने बताया कि 181 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लगभग 8,000 लाभुकों को टीएचआर का लाभ दिया जा रहा है। आपूर्ति पदाधिकारी ने जानकारी दी कि राशन कार्ड से हटाए गए 6,000 लाभार्थी 27 दिसंबर तक अनुमंडल कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सीओ कौशल्या कुमारी ने बताया कि राजस्व महाअभियान के तहत 15 हजार रैयतों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका अपलोडिंग कार्य जारी है और 31 मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। जीविका बीपीएम आलोक चंद्र सिन्हा ने बताया कि 21,420 जीविका से जुड़ी महिलाओं को 10 हजार रुपये की सहायता दी गई है, हालांकि नए नियमों के तहत नौकरीपेशा पति या 60 वर्ष से अधिक आयु वालों को लाभ नहीं मिलेगा। मुखिया गोपाल सिंह ने पीएचईडी अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए नल-जल व बिजली से वंचित आंगनबाड़ी केंद्रों में शीघ्र सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में 15वीं एवं षष्ठम वित्त आयोग की योजनाओं के तहत करीब एक करोड़ रुपये की योजनाओं को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। उल्लेखनीय है कि बैठक में सभी बैंक प्रबंधकों की अनुपस्थिति पर भी सदस्यों ने नाराजगी जताई। बैठक में उपप्रमुख सतेंद्र चौधरी, पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार मुन्ना, प्रगति कुमार, प्रेमलता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, मुखिया पम्मी कुमारी, फुरकान खान, सत्येंद्र पासवान सहित बीपीआरओ मनोज कुमार, पीओ राजेश कुमार चौधरी, स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार, डॉ. चंदन कुमार, बीईओ दीपक कुमार, कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार, कल्याण पदाधिकारी प्रीति कुमारी, एसआई सूर्यदेव सिंह, बीसीओ अभिनित कुमार सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में एसएसएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दीपक कुमार हुए सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** एस.एस.कॉलेज, जहानाबाद के प्राचार्य प्रो० डॉ० दीपक कुमार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 44वें महाधिवेशन के अवसर पर हिन्दी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और दीर्घकालिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। महाधिवेशन के दौरान आयोजित भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। संस्कृत एवं हिन्दी साहित्य के उद्भट विद्वान के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके प्रो० डॉ० दीपक कुमार को यह सम्मान भारतीय पत्रकारिता जगत के प्रख्यात मनीषी आशुतोष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ० राजवर्धन आजाद तथा न्यायाधीश संजय कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। प्राचार्य की इस उपलब्धि और मिले सम्मान से स्वामी सहजानंद सरस्वती कॉलेज, जहानाबाद के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मियों में हर्ष और गौरव का वातावरण देखने को मिला। महाविद्यालय परिवार ने इस गौरवपूर्ण सम्मान पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य तथा सतत साहित्यिक साधना के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त की हैं।उल्लेखनीय है कि प्रो० डॉ० दीपक कुमार को पूर्व में भी कई प्रतिष्ठित साहित्यिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा उनके विद्वतापूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान न केवल उनके बहुआयामी एवं विद्वतायुक्त व्यक्तित्व का सशक्त प्रमाण है, बल्कि एस एस कॉलेज, जहानाबाद की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय पटल पर और अधिक सुदृढ़ करने वाला भी माना जा रहा है।

# सिविल सोसाइटी ने किया 'परिवर्तन क्लब' का गठन

## जिले के गणमान्य और गैर राजनीतिक लोग हुए शामिल




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला में सोमवार को 'परिवर्तन क्लब' का सूत्रपात हुआ। इस क्लब के मुख्य अतिथि तेलंगाना के पूर्व डीजीपी और बिहार में एसटीएफ पुलिस बल का गठन करने वाले उत्तराखंड सरकार के सलाहकार वी के सिंह ने कहा कि काव्य, गायन, प्रवचन आदि कार्यक्रम के साथ क्लब हर तीन महीने में एक बैठक करे जिसमें सभी सदस्य अपने पूरे परिवार के साथ उसका भरपूर मनोरंजन उठाये। इनके मार्गदर्शन में सर्वसम्मति के साथ क्लब के सदस्यों ने एक कमिटी का गठन किया जो क्लब को आगे सुचारु रूप से चला सके। क्लब के सभी सदस्यों का मुख्यालय के राजगृह होटल में शिष्टाचार भेंट और बैठक रखी गई थी। जिसमें प्रोफेसर अरुण कुमार द्वारा हिंदी की उत्कृष्ठ रचना सुनाई गई वहीं हर दिल अजीज और पत्रकार एसके मिर्जा ने अपनी गायन प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। करीब चालीस सदस्यीय क्लब के इस कमिटी में सर्वसम्मति से रामकृष्ण परमहंस के निदेशक चंद्रभूषण शर्मा प्रेसिडेंट, प्रज्ञा भारती स्कूल के निदेशक राकेश कुमार वाइस प्रेसिडेंट, समाजसेवी नवीन शंकर सचिव, डिम्पी कुमारी को जॉइंट सचिव, लजीज रेस्टोरेंट के ऑनर नीतीश कुमार कोषाध्यक्ष के साथ विंग्स स्कूल के संतोष कुमार, डॉ रंजीत कुमार भारतीय, एसएन कॉलेज में कार्यरत ब्रजेश कुमार और तलंक ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड के हिमांशु कश्यप इसके एग्जीक्यूटिव सदस्य के रूप में नामित हुए। अपने अध्यक्षीय भाषण में चंद्रभूषण शर्मा ने बताया कि इस तरह का क्लब जहानाबाद के लिए बहुप्रतिक्षित था। क्लब मानवीय मूल्यों को संरक्षित करने के साथ-साथ जिला के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। वहीं राकेश कुमार सहित सहित कमिटी के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इस क्लब को इमानदारी से आगे बढ़ाने की बात कही। क्लब के सदस्यों के अलावा बैठक में बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के ब्रांच मैनेजर संजीव कुमार, एसएस कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार, एसएस कॉलेज के बीसीए विभागाध्यक्ष सुबोध कुमार सुमन, कॉलेज के एग्जामिनेशन कण्ट्रोलर डॉ अंशु कुमार मल्लिक, एडवोकेट प्रकाश चंद्रा, सत्यनारायण शर्मा, राजगृह होटल के संचालक चन्दन कुमार,एयरफोर्स के रिटायर्ड धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक राजेश कुमार, पत्रकार संजय अनुराग सहित कई सदस्य शामिल हुए।

# भारतीय गणित परंपरा के महान स्तंभ थे रामानुजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारत की धरती ने समय-समय पर ऐसे असाधारण प्रतिभाशाली लोग पैदा किए हैं, जिन्होंने दुनिया की सोच बदल दी। उन्हीं में से एक नाम है श्रीनिवास अयंगर रामानुजन गणित का एक ऐसा जीनियस, जिसने गणित की दुनिया में क्रांति ला दी। यह बात सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती समारोह पर प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहीं। सर्व प्रथम गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन कृत्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ. शिवपूजन सिंह, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह तथा विद्यालय सचिव बजरंगी प्रसाद प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. शिवपूजन सिंह ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन भारतीय गणित परंपरा के महान स्तंभ थे, जिन्होंने अल्प आयु में गणित को नई दिशा दी। चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि इस विद्यालय में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाना उनके लिए अत्यंत गर्व का विषय है, क्योंकि वे स्वयं इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि चिराग पासवान को उनके अध्ययन किए हुए विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में बुलाए जाने पर गर्व और भावुकता का अनुभव हुआ था, उसी प्रकार आज अपने विद्यालय में आकर उन्हें भी विशेष आत्मीयता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि हम रामानुजन जी के विचारों, परिश्रम और लगन को जीवन में उतार लें, तो हम अपने परिवार, समाज, राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा गणितीय मॉडल निर्माण, छात्राओं द्वारा गणितीय चित्रों पर आधारित रंगोली, कक्षा 6 के विद्यार्थियों के लिए गणितीय खेल, तथा 7 और 8 के लिए गणित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में विद्यालय सचिव बजरंगी प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, आचार्यों एवं भैया-बहनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन राकेश पांडेय द्वारा किया गया। सभी आचार्य, दीदी के सहयोग और छात्र-छात्राओं के सहभागिता से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान उप-प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रमुख हिमाचल सिंह एवं मंच संचालक राकेश पांडेय, आचार्य नंदलाल पाठक, दीपक पांडे, अभय सिंह, नंद कुमार मिश्र, अरिघ्न नारायण सिंह, राजू रंजन पाठक, ओम प्रकाश यादव, अविनाश सिंह, माया पांडे, रेनू श्रीवास्तव, रानी, अंजलि मौजूद रहे।

# गणितज्ञ रामानुजन जयंती पर सम्मानित किए गए टॉप 10 प्रतिभागी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद में देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। विदित हो कि नवंबर महीने में बिहार सरकार के विज्ञान, प्रोवैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च परीक्षा में शामिल कक्षा छह से बारहवीं तक के औरंगाबाद जिले के टॉप 10 छात्रों को महाविद्यालय परिसर में मेडल, कैश प्राइज एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज औरंगाबाद के प्राचार्य डॉ बी के सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि एवं मुख्य अतिथि बीके राय द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों को गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना है। प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने जिले के टॉपर्स छात्रों को महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ रविशंकर ने छात्रों को गणित के महत्व से अवगत कराया। महाविद्यालय के एकेडेमिक इंचार्च प्रो चंदन कुमार एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो कृष्णकांत चौबे ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर्स द्वारा प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है, जिसमे कोई भी छात्र आकर शिक्षा प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा सात निश्चय कार्यक्रम के तहत राज्य के हर जिले में स्थापित अभियन्त्रण महाविद्यालय में 10 रूपये की मासिक फी पर इंजिनीरिंग की शिक्षा दी जा रही है। इस कार्यक्रम के उपरांत सभी स्कूली छात्रों को महाविद्यालय परिसर एवं प्रयोगशालाओ का भर्मण कराया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र एवं उनके अभिभावक काफी उत्साहित थे।

# भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीतने पर लोगों ने दी बधाई




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** राज्य स्तरीय सीनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिता में 94 किलोग्राम भार वर्ग में जहानाबाद जिले के मखदुमपुर निवासी आशुतोष कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया हैं और जिले का नाम रोशन किया हैं। इस भारवर्ग में पूरे बिहार से कुल 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस वर्ष राज्य स्तरीय सीनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन जहानाबाद के खेल भवन में किया गया था। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर भारोत्तोलन संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार केशरी ने विजेता प्रतिभागियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गौरतलब है कि आशुतोष कुमार इससे पहले भी अपने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सहरसा और राजगीर में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। जहां उन्होंने क्रमशः तृतीय और द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए इस बार उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया है। आशुतोष कुमार मखदुमपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव के निवासी हैं। वर्तमान में वे मध्य प्रदेश के ग्वालियर में फिजिकल एजुकेशन विषय में एम.पी.एड. की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी इस सफलता पर पूर्व सांसद अरुण कुमार, विधायक ऋतुराज कुमार, चन्द्रेश्वर चंद्रवंशी, भारोत्तोलन संघ के जिला सचिव सह कोच मनीष कुमार, जिला परिषद अध्यक्षा रानी कुमारी, रामपुर पंचायत के मुखिया संजय चौधरी, पूर्व मुखिया अवधेश शर्मा, शिक्षक जितेंद्र कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की हैं।

# गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** गणित दिवस के अवसर पर बाल विकास विद्यालय, अंबा में गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जन्म जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें श्रेया कुमारी ने प्रथम, सिद्धांत कुमार ने द्वितीय तथा गौरव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक अजय पांडेय ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से जुड़ी प्रेरक प्रसंगों पर चर्चा किया ताकि बच्चों में गणित विषय को लेकर रुचि बढ़ सके। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, राकेश कुमार हेमंत दुबे, अक्षय कुमार, कौशल पांडेय, निखिल कुमार, आकाश कुमार, मुनि सिंह ने भी श्रीनिवास रामानुजन के जीवनी पर प्रकाश डाला।

# बिहार पेंशनर समाज के स्थापना दिवस पर कंबल वितरित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के आर बी आर उच्च विद्यालय में बिहार पेंशनर समाज की स्थापना दिवस के अवसर पर कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धेश्वर सिंह संचालन अवधेश कुमार सिंह एवं मंच संचालन उमापति मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष धर्मजीत सिंह, राज कार्यकारिणी सदस्य बैजनाथ सिंह उपाध्यक्ष कन्हैया सिंह अर्जुन भगत, दशरथ भगत सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान पेंशनर समाज के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के 100 लोगों के बीच ठंड से बचाव को लेकर कंबल का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि ठंड में एक दूसरे को सहारा बनना ही पुण्य का कार्य है। इस मौके पर गिरिजा प्रसाद, कुमार नवल किशोर प्रसाद, नरेंद्र कुमार, जनेश्वर सिंह, विजय सिंह, राजकिशोर पाठक, रामचंद्र सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, एन सी सी ए न ओ भुवन कुमार गुप्ता, सत्येंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पोक्सो एक्ट व बच्चों से जुड़े कानूनों की सभी को हो जानकारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पोक्सो एक्ट एवं चाइल्ड प्रोटेक्शन से जुड़े अनुसंधान और विधिसम्मत कार्यों को लेकर नगर भवन, औरंगाबाद में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पटना उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें पोक्सो एवं किशोर न्याय बोर्ड से जुड़े अनुसंधानकर्ताओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण निदेशालय, बिहार से संबद्ध यूनिसेफ के विधि परामर्शी अजय कुमार ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि पोक्सो मामलों में जन्म प्रमाण पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा अंत में मेडिकल जांच का लाभ लिया जाना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्पेशल एक्ट के तहत पुलिस को जमानत नहीं देनी चाहिए और पोक्सो केस की एक प्रति अनिवार्य रूप से बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को भेजी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि कानून का मुख्य उद्देश्य पीड़ित बच्चे का पुनर्स्थापन और सुरक्षा है। पोक्सो एक्ट में थानाध्यक्ष को विशेष दायित्व दिए गए हैं। केस दर्ज होते ही त्वरित साक्ष्य संकलन, प्राथमिकी व फॉर्मेट-बी सीडब्ल्यूसी को भेजना आवश्यक है। यदि पीड़िता का परिवार में रहना सुरक्षित न हो, तो सीडब्ल्यूसी को सूचित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार को निःशुल्क विधिक सहायता एवं पीड़िता को प्रतिकर दिलाने हेतु पुलिस को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में डीएसपी विनोद कुमार, जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता सहित अन्य अधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित थे।

# देसी विदेशी शराब के साथ दो शराब कारोबारी गिरफ्तार, दो बाइकें जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कासमा पुलिस ने थाना क्षेत्र के खैरा गांव के समीप से बाइक पर लदे 120 लीटर देसी महुआ शराब एवं 6 लीटर 750 एमएल अंग्रेजी शराब के साथ शराब तस्कर झारखंड राज्य के चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र के सोनपुर बिगहा निवासी कृष्ण यादव के पुत्र अखिलेश कुमार एवं कासमा थाना क्षेत्र के अरथुआ गांव निवासी स्वर्गीय बैजनाथ रवानी के पुत्र संतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से दो मोटरसाइकिल जब्त किया है। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि मध निषेध उत्पादन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की गई।

# धान की खरीद में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने सर्किट हाउस में धान की खरीद को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न पैक्स अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति के दौरान किसी भी किसान को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार और बिहार सरकार की मंशा है कि इस वर्ष शत-प्रतिशत धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पैक्स स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक हर स्तर पर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं पैक्स अध्यक्षों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो और पूरी खरीद प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाए। बैठक के दौरान धान खरीद से जुड़ी व्यवस्थाओं, भुगतान प्रक्रिया तथा लॉजिस्टिक व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की निर्मम हत्या की घटना पर पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि संघ में ही शक्ति है, इसलिए देशवासियों को जाति और धर्म के नाम पर बंटने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब समाज कमजोर हुआ, तब देश को विभाजन जैसी त्रासदी का सामना करना पड़ा। मंत्री ने आगे कहा कि आज भी कुछ शरारती तत्व समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब देश की जनता जागरूक हो चुकी है और ऐसे तत्वों को मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने एकजुटता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि एकता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.एईएनशॉप-एडीएमआईएनजीएफ-25-26-आर, दिनांक** 18.12.2025, **मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप का मुख्य प्रशासनिक भवन,** लिलुआ द्वारा रेलवे के प्रतिष्ठित, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों तथा साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. और कार्य का नाम:** :एईएनशॉप-एडीएमआईएनजीएफ-25-26-आर और लिलुआ वर्कशॉप के प्रशासनिक भवन (भूतल), डब्ल्यूपीओ ऑफिस सेक्शन, पीई चेंबर, एपीओ चेंबर, एडब्ल्यूओ चेंबर, दो एडब्ल्यूएम चेंबर, टाइम ऑफिस, पीसीओ और आरएफ सेक्शन के विस्तार, रूपांतरण और नवीनीकरण के लिए खुली ई-निविदा । **निविदा मूल्य :** रु. 2,67,61,325.02, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 2,83,800/-, **समापन अवधि :** 270 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.01.2026 को 12.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के साथ वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। MISC-333/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# औरंगाबाद : जहरीले धुएं से आमजन परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में बढ़ती प्रदूषण को लेकर शहर से लेकर गांव तक लोगों की जिंदगी बेहाल हो गई है परंतु इसे नियंत्रित करने के लिए जिम्मेवार विभाग पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जहरीली धुएं और धुलकण से लोग परेशान है। वहीं सड़क निर्माण में लगी कंपनियों के संवेदकों द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कई बिटुमिनस प्लांट लगाए गए हैं। इन प्लांटों में सड़क निर्माण की सामग्री तैयार की जाती है। नियमों के विपरित इन प्लांटों की चिमनियों की ऊंचाई मात्र 1० से 15 फीट होती है। जब प्लांट में सामग्री तैयार होती है तो चिमनी से काला और जहरीला धुआं निकलता है जो एक से दो किमी तक के क्षेत्रों में फै ल जाता है। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का घर से निकलना मुश्किल होता है। वहीं जीटी रोड देव पथ स्थित एक प्लांट से निकल रहे काले धुएं निकलती रहती है। सुबह से लेकर शाम तक यह हवा में फैलते रहता है जिससे खेतों में काम करना एवं सड़क पर चलना मुश्किल होता है। शहर के फार्म पर स्थित एक प्लांट से निकलने वाली जहरीली धुएं के कारण जीटी रोड से गुजरने वाले यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। यात्रि जब सड़क से होकर गुजरते हैं तो अपने नाक को बंद कर लेते हैं। प्रतिदिन प्रदूषण को सांस के साथ शरीर के अंदर लेना मजबूरी बन गया है। वहीं बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों थ्रेसर से धान की दवनी के दौरान निकलने वाली भारी मात्रा में धूल से आसपास का क्षेत्र धुंध में तब्दील हो जाता है। सड़क किनारे ही थ्रेसर चलाया जाता है तो टेंपो, बाइक और अन्य वाहनों से गुजरने वाले यात्रियों के कचड़े गड्ढे हो जाते हैं। धूलकण सांस के जरिए शरीर में चला जाता है।

## भारतीय रेडक्रास सोसाइटी की ओर से कंबल वितरण आज

**जहानाबाद/नबिटा ब्यूरो।** 23 दिसम्बर, पूर्वाह्न 11 बजे दिन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी,जहानाबाद के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सोसायटी प्रबंध समिति के मान्य सदस्यों द्वारा चिह्नित जरूरतमंद लोगों के बीच अनुमंडल पदाधिकारी-सह-वाइस प्रेसिडेंट, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी,जहानाबाद राजीव रंजन सिन्हा द्वारा कम्बल वितरण का कार्य रेडक्रॉस भवन, पश्चिम गांधी मैदान के सभाकक्ष में सम्पन्न होगा।

# खिरियावां ने मदनपुर को नौ विकेट से दी मात

## क्रिकेट टूर्नामेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के बेरी खेल मैदान में गांधी युवा क्लब खिरियावां के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा लीग मैच खिरियावां और मदनपुर के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ पूर्व जिला परिषद सह बेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल सिह और ग्राम पंचायत खिरियावां के सरपंच सुशील कुमार सिह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खिरियावां के कप्तान गुड्डु कुमार ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। मदनपुर ने बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाए। जवाबी में खिरियावां की टीम ने 8 ओवर में ही मैच 9 विकेट से अपने नाम कर लिया। खिरियावां के नितेश कुमार ने तीन विकेट लेकर 62 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। उन्हें एएसओ विमल कुमार और मुखिया प्रतिनिधि रंजीत यादव ने टॉफी देकर सम्मानित किया। पूर्व जिला पार्षद ने कहा कि जीतने वाली टीम को अतिउत्साहित नहीं होना चाहिए और हारने वाली टीम को अतिहतोत्सहित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी में प्रतिभा होती है, आज प्रखंड पर खेल रहे हैं। कल जिला स्तर पर खेलेंगे, राज्य स्तर पर खेलेंगे, देश के लिए खेलेंगे और अपने क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। एएसओ विमल कुमार ने कहा यह मैच खिरियावां की टीम के लिए एक शानदार जीत है। नितेश कुमार ने अपनी शानदार गेंदबाजी से मैच को जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सीएम प्रगति यात्रा की योजनाएं समय पर हों पूर्ण : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत बरौनी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का निरीक्षण जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सभी विभागों के योजनाओं की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, शिक्षा आदि योजनाओं की समीक्षा की।उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए लंबित द्वितीय किस्त एवं तृतीय किशत के लाभुकों को जियोटैग कराकर भुगतान कराने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। इसके साथ ही उन्होंने आवास निर्माण में भूमिहीन परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने से संबंधित सभी राजस्व कर्मचारी से समीक्षा की तथा एक सप्ताह के अंदर सभी को जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आईसीडीएस की समीक्षा करते हुए सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय एवं बिजली की व्यवस्था करने का निर्देश दिया, ताकि आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को कोई परेशानी न हो। इसके उपरांत जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत बैठक में पंचायत समिति सदस्य द्वारा प्रखंड अंतर्गत पड़ने वाले सभी उद्योगों के पदाधिकारियों की उपस्थिति की मांग रखी। साथ ही बताया गया कि पीएचईडी विभाग द्वारा जहां-जहां भी नल-जल योजना का कार्य किया गया। कार्य के उपरांत सड़क की मरम्मति नहीं कराई गई है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बरौनी, अंचल अधिकारी बरौनी सहित अन्य जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का डीएम ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अस्पताल की समग्र व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आईसीयू में शीघ्र रंग-रोगन कराते हुए समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा बेहतर उपचार सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में जहां-तहां लगे जेनसेट एवं बिखरे विद्युत तारों को सुव्यवस्थित करने का आदेश दिया गया ताकि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थित अनुपयोगी भवन को हटाकर परिसर के सौंदर्यीकरण की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अस्पताल परिसर में निर्मित नए भवन के प्रभावी उपयोग के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने को कहा गया। ओपीडी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने पर विशेष बल देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मरीजों को समयबद्ध एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन, डीपीएम, डीएस, डीआईओ, अस्पताल प्रबंधक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गर्भवतियों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी में सोमवार को गर्भवतियों का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा. भारती भूषण ने 21 गर्भवतियों के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवतियों को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैलशियम,आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, बीसीएम ऊषा कुमारी, सी एच ओ राजा कुमार, प्रियदर्शनी कुमारी, सुमानी कुमारी, एल टी पंकज जोशी, एएनएम रेणु, रीणा, दीपा सहित आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने फरार आरोपित को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पहसारा पूर्वी पंचायत के पीरनगर वार्ड संख्या 7 निवासी स्वर्गीय राजदेव पासवान का पुत्र पप्पू पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह थाना कांड संख्या 297/19 में वांछित था। एवं उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) निर्गत था। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर यह सफलता मिली। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी 2 महीनो से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि वांछित अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगी।

# रंगनाथ मंदिर के 186वें स्थापना दिवस पर होगी भागवत कथा

## मंत्रोच्चार से भक्तिमय हुआ माहौल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत गुंडी गांव में स्थित भारतीय दक्षिण शैली पर आधारित रंगनाथ मंदिर का 186 वां वार्षिकोत्सव पूरे श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ सोमवार से प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के बाद किया गया। यात्रा मंदिर परिसर से निकला और गांव भ्रमण के बाद गाजे बाजे के साथ रंग बिरंगे परिधानो में सुसज्जित होकर महिला, पुरुष व बच्चें सिर पर कलश लिए जयकारा लगाते जा रहे थे। यात्रा गुंडी से सरैंया, घांघर, सिन्हा बांध के रास्ते महुली घाट पहुचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में गंगा जल लेकर वापस रंगनाथ मंदिर पहुचें। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। गौरतलब है कि मंदिर का निर्माण 1840 ईस्वी के आसपास गुंडी के तत्कालीन जमींदार चौधरी विशुन देव सिंह द्वारा कराया गया था। यह मंदिर भारतीय दक्षिण शैली में निर्मित है। मंदिर निर्माण में चुनार के पत्थरों का प्रयोग किया गया है। जो इसकी भव्यता और मजबूती को दर्शाता है। मंदिर के गर्भगृह में भगवान विष्णु रंगनाथ स्वरूप में शयन मुद्रा में विराजमान हैं। यह प्रतिमा दक्षिण भारत के श्रीरंगम स्थित रंगनाथ स्वामी मंदिर की प्रतिकृति के समान मानी जाती है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर देवी-देवताओं और गरुड़ की कलात्मक नक्काशी श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करती है। मान्यता है कि पहले इस मंदिर में दक्षिण भारत से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आया करते थे। आज भी यह मंदिर भोजपुर जिले के लोगों के लिए गहरी आस्था का केंद्र बना हुआ है। 186 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित भागवत कथा में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मंदिर न केवल धार्मिक, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस मंदिर में यह धार्मिक आयोजन 22 से 26 दिसंबर 2025 तक चलेगा।

# सारण ने मुंगेर व पूर्णिया ने कोशी को हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** शहर के गांधी स्टेडियम में राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय क्रिक्रेट बालक (अंडर-14) खेल प्रतियोगिता के आठवें दिन के मैच सारण ने मुंगेर को पूर्णिया ने कोशी को हराया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए जिला खेल पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सोमवार को पहले मैच में सारण ने टास जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सारण प्रमंडल की टीम निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 128 रन बनायीं। सारण की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए आयुष पटेल ने 44 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्के की मदद से सर्वाधिक 60 रन बनाये। वहीं प्रिंस कुमार ने 22 बॉल में मात्र 18 रन बनाया। गेंदबाजी में मुंगेर का साधारण प्रदर्शन रहा। मुंगेर की ओर से आर्यन दीनदयाल केसरी ने 3 ओवर में 15 रन देकर 1 विकेट लिया वहीं आदित्य ने 3 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंगेर की टीम 14.5 ओवर में 93 रन बनाकर अल आउट हो गयी। मुंगेर की ओर से कप्तान ऋषि सिंह ने सर्वाधिक 37 बल में 6 चौकों की मदद से 42 रन बनाया वहीं दिव्यांशु शर्मा ने 24 बल में 18 रन बनाया। सारण की ओर से गेंदबाजी करते हुए अक्षित ने 2.5 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लिया वहीं रेहान रजा ने 1 ओवर में 6 रन देकर 2 विकेट लिया। सारण ने मुंगेर को 35 रनों से हराया। सारण के आयुष पटेल को मैन ऑफ द मैच दिया गया। वही दूसरे मैच में कोशी ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोशी की टीम 14.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 54 रन ही बना सकी। कोशी की ओर से सईद अहबाब ने सर्वाधिक 21 रन 21 बल में बनाया वहीं सईद रोबाब ने 15 बल में 13 रन बनाया। पूर्णिया की ओर से गेंदबाजी करते हुए राज उपाध्याय ने 3.3 ओवर में 9 रन देकर 4 विकेट लिया वहीं अनुराग आरजू ने 3 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पूर्णिया की टीम बल्लेबाजी करते हुए प्रियांशु यादव के 18 गेंदों में 18 रन और दिव्यांशु रय के नाबाद 13 बल में 12 रनों के मदद से मैच को 8 वें ओवर में 7 विकेट से जीत लिया। गेंदबाजी में कोशी की ओर से आशीष चन्द्र ने 1 ओवर में 5 रन देकर 1 विकेट लिया वहीं सइद अहबाब ने 2 ओवर में 18 रन देकर 1 विकेट लिया। पूर्णिया के राज उपाध्याय को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

# जिस घर में नित्य हरि कीर्तन होता है, वहां कलियुग प्रवेश नहीं कर सकता : मुक्तिनाथ स्वामी

## भक्तिभाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** हनुमान मंदिर बड़ी मठिया आरा में प्रवचन करते हुए श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी महाराज ने कहा कि जिसका जैसा भाव होता है, उसको वैसा ही फल मिलता है। सफ़ेद कपड़े में थोड़ी भी स्याही का दाग पड़ने से वह दाग बहुत स्पष्ट दीखता है, उसी प्रकार पवित्र मनुष्यों का थोड़ा सा दोष भी अधिक दिखलायी देता है। जिस घर में नित्य हरि कीर्तन होता है, वहां कलियुग प्रवेश नहीं कर सकता। जब भगवान के आश्रित हो रहे हो तो यह न हुआ, वह न हुआ आदि चिन्ताओं में मत पड़ो। विश्वासी भक्त आजीवन भगवान का दर्शन नही मिलने पर भी भगवान् को नहीं छोड़ता। संसार कच्चा कुआं है। इसके किनारे पर खूब सावधानी से खड़े होना चाहिये। तनिक असावधान होते ही कुएं में गिर पड़ोगे। तब निकलना कठिन हो जायेगा। संसारी ! तुम संसार का सब काम करो; किन्तु मन हर घड़ी संसार से विमुख रखो। कामिनी और कञ्चन ही माया है। इनके आकर्षण में पड़ने पर जीव की सब स्वाधीनता चली जाती है। इनके मोह के कारण ही जीव भव-बन्धन में पड़ जाता है। संसार रहने से सुख-दुःख रहेगा ही। ईश्वर की बात अलग है और उसके चरण-कमल में मन लगाना और है। दुःखके हाथ से छुटकारा पाने का और कोई उपाय है नहीं। साधु-संग करने से जीव का मायारूपी नशा उतर जाता है। भजन ही जीवन का सुफल है। सुगम मार्ग से चलो और सुख से राम-कृष्ण-हरिनाम लेते चलो। वैकुण्ठ का यही अच्छा है और समीप का रास्ता। जिस सङ्ग से भगवत्प्रेम उदय होता है वही सङ्ग सङ्ग है, बाकी तो नरक निवास संतों के द्वार पर श्वान होकर पड़े रहना भी बड़ा भाग्य है, क्योंकि वहां प्रसाद मिलता है और भगवान का गुणगान सुनने में आता है।

# विकसित भारत की नींव है इकीसवीं सदी की शिक्षा : निदेशक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** शहर के माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल उलाव परिसर में रविवार को 18वां वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम नवांकुर बड़े ही उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक सत्यप्रकाश, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक मनीष, गरिमामयी अतिथि महापौर पिंकी देवी, जी ग्रुप से प्रियरंजन, अंशु सिन्हा एवं आकांक्षादीप विद्यालय निदेशक डा. मनीष देवा व स्कूल प्राचार्या डा. शीतल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर मुख्य संरक्षक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि 21वीं सदी में शिक्षा विकसित भारत की नींव है। जो व्यक्ति और समाज को सशक्त ही नहीं बल्कि देश को भी वैश्विक महाशक्ति बनने में मदद करता है। मुख्य अतिथि आईओसीएल कार्यपालक निदेशक सत्य प्रकाश ने कहा 21वीं सदी में शिक्षा विकसित भारत की नींव है। जो व्यक्ति और समाज को सशक्त ही नहीं बल्कि देश को भी वैश्विक महाशक्ति बनने में मदद करता है। भारतीय शिक्षा अपने समृद्ध पौराणिक जड़ों से प्रेरणा लेती है। जिसका लक्ष्य विश्व गुरु की परंपरा को आगे बढ़ाना है। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक मनीष ने कहा कि शिक्षा न्यायसंगत एवं समावेशी समाज का निर्माण करती है। उन्होंने शिक्षा के लिए 2015 में संयुक्त राष्ट्र संघ के 17 गोल को नवांकुर के जरिए बच्चों की प्रस्तुति को सराहा। वही संस्कार के साथ शिक्षा के सतत प्रयास के लिए डा. शीतल की प्रशंसा की। जिन्हें संवारने के लिए स्कूल के साथ-साथ हम अभिभावकों के सहयोग की भी जरूरत है। तभी एक प्रगतिशील समाज और देश का निर्माण होगा। जी लर्न के मैनेजर प्रियरंजन ने कहा कि माउंट लिट्रा की नई शिक्षा प्रणाली लिट्रा नोवा में यु एन के इन सारे 17 गोल को शामिल किया गया है जो बच्चों में विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग करती है। कार्यक्रम में कक्षा प्ले ग्रुप से लेकर 12वीं तक के 800 बच्चों ने संगीत, नाट्य, नृत्य कला गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कक्षा प्ले ग्रुप के बच्चे जीविषा, मिवान मेहर, आदया, नर्सरी की अन्वी, रेयांश, प्रणिका अरोड़ा, दित्या, वाची, श्रीजा, ने संगीत जिंगल बेल, प्रेम से हमको जीने दो, सीनियर केजी के बच्चे ने आशाएं कक्षा प्रथम के बच्चों ने घनन घनन कक्षा द्वितीय के बच्चों ने वो सिकंदर ही दोस्तों और ना काटो मुझे दुखता है। वहीं कक्षा षष्ठ से सप्तम के बच्चों ने माइम शो में डेली रूटीन को दिखाया। मेंटल हेल्थ में योग और मेडिटेशन के द्वारा अच्छे स्वास्थ्य प्राप्ति के तरीके को दिखाया। डिसेंट जांब ड्रामा के जरिए किसी भी संगठन में सभी कर्मी की सहभागिता के महत्व को बताया वही लाइफ अन लैंड नाटक के जरिए मनुष्य द्वारा अपने स्वार्थ के लिए जंगल कटाई से बेघर जानवर की संवेदनाओं को दिखाया। विद्यालय की प्राचार्या डक्टर शीतल ने कार्यक्रम की सफलता में शामिल सभी अतिथिगण अभिभावकों एवं बच्चों को धन्यवाद दिया और कहा कि यह वार्षिकोत्सव छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और अतिथियों को एक साथ लाता है। डा. शीतल ने कहा कि नवांकुर अर्थात नई उत्पत्ति जिसे बच्चों ने पीस, पीपल, प्रोस्पेरिटी, प्लैनेट, और पार्टनरशिप के जरिए संयुक्त राष्ट्र के सारे मूल गोल को अपनी अद्‌भुत कला से प्रस्तुत किया। विद्यालय निदेशक डक्टर मनीष देवा ने कहा कि बच्चों सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय में दक्ष शिक्षकों की टीम, आधुनिक सुविधाओं से लैस स्मार्ट क्लासेज, हर्स राइडिंग एआई रोबोटिक लैब, सुसज्जित कंप्यूटर क्लासेज, निशानेबाजी क्लासेज, और जी लर्न पाठन पद्धति को लाने का एकमात्र ध्येय है। आज का वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनका मनोरंजन के साथ-साथ उनके अंतकरण में भारतीय संस्कृति को जीवन में डालने का प्रयास है।

# पेट्रोल पम्प पर लूटपाट

## पांच अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेरियाबरियारपुर।** थाना क्षेत्र के श्रीपुर पंचायत के पंचमुखी चौक के नजदीक पेट्रोल पंप पर शनिवार की देर पांच अज्ञात अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना में शामिल बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर 1.15 लाख रुपये लूट लिये। घटना शनिवार रात के करीब दो बजे की बताई जा रही है। बताया गया है कि बायो पेट्रोल पंप के दो नोजल मैन से लूटपाट की गई है। एक के पास 70 हजार रुपये जबकि दूसरे के पास से 45 हजार रुपये पिस्तौल का भय दिखाकर लूट लिए गए। घटना के बाद नोजलमैन ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने पंप पर पहुंचकर जाच-पड़ताल की। घटना के बाद पंप मालिक बिपिन कुमार सिंह ने थाने में लिखित शिकायत की है। बताया गया है कि उजले रंग की स्कर्पियो पर सवार होकर चालक सहित पांच बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## तीन बाइक सवार घायल

**मंसूरचक।** थाना क्षेत्र के कस्टोली विवाह भवन के निकट सोमवार को अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल भेजा गया। बताया जाता है कि कस्टोली गांव निवासी स्व जनक सदा का 60 वर्षीय पुत्र नेती सदा अपने दामाद सीमावर्ती समस्तीपुर जिला के समस्तीपुर थाना क्षेत्र के जितवारपुर गांव निवासी संतलाल सदा का 30 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार सादा के साथ हीरो एच एफ डीलक्स बाईक से अगापुर चौक से अपने घर कस्टोली जा रहे थे इसी बीच जैसे ही कस्टोली विवाह भवन के नजदीक पहुंचे की विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार उजले रंग की पिकअप वैन धक्का मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने घायल को उठाकर मंसूरचक अस्पताल ले गये जहां से चिकित्सकों ने मरीज की स्थिति गंभीर देखते हुये बेहतर इलाज को बेगूसराय रेफर कर दिया।

# राज्यस्तरीय युवा उत्सव-2025 के चयनित प्रतिभागी को झंडी दिखा किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा जिले से राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025 में भाग लेने के लिए चयनित प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 23 एवं 24 दिसम्बर 2025 को मधुबनी जिले में किया जा रहा है। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भोजपुर जिले की ओर से 23 सदस्यीय प्रतिभागी दल एवं दो दलनायक भाग ले रहे हैं। उक्त प्रतिभागी जिन्होंने पूर्व में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर अर्जित किया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे राज्य स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भोजपुर जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से आत्मविश्वास, अनुशासन एवं समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। मौके पर उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, सहायक समाहर्ता, जिला कला एवं संस्कृति अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति (नमामि गंगे) समेत अन्य मौजूद थे।

## बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी।** परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में बंध्याकरण शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। शिविर में सर्जन डा शोभा रानी ने 25 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हेमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। ऑपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया।मौके पर डा हिमांशु, डा रश्मि प्रिया, फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी, सदानंद भारती, कपूर चंद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# काकोरी एक्शन के शहीदों को एसयूसीआई ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** करहारा ग्राम में काकोरी एक्शन के महान शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां, रोशन सिंह और राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की स्मृति में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों की तस्वीरों पर फूल-माला चढ़ाकर और दो मिनट का मौन रखकर की गई। सभा की अध्यक्षता कपिलदेव प्रसाद ने की।

सभा को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के बिहार राज्य कमेटी सदस्य सूर्यकर जितेंद्र ने कहा कि काकोरी के शहीदों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहीदों का सपना था ऐसा आजाद भारत, जहां भुखमरी, बेरोजगारी और शोषण न हो तथा सभी को मुफ्त शिक्षा और इलाज मिले।

सभा में पटना जिला सचिव अनामिका कुमारी, हरीकिशोर सिंह, नागेश्वर मिस्त्री, देवनारायण सिंह, सुरेंद्र मिस्त्री, देवंती कुमारी, विश्वनाथ प्रसाद वर्मा, सत्येन्द्र प्रसाद, राज कुमार पंडित, शशिकांत पंडित, सोनी कुमारी, पूनम कुमारी, रीना कुमारी सहित कई नेताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी हुई।

# 70 लीटर शराब बरामद, महिला समेत तीन गिरफ्तार

## अवैध शराब के खिलाफ शिवाजीनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर शिवाजीनगर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है जानकारी देते हुए शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के काकड़ घाट एवं घिवाही गांव में अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री की जा रही है। सूचना की सत्यता की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर थाना पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने दोनों स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 70 लीटर अवैध शराब बरामद की। साथ ही इस मामले में एक महिला सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा होगी आज

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर, सत्र 2023-27 की परीक्षा पूर्व निर्धारित प्रोग्राम के अनुसार दिनांक- 23.12.25 को यथावत ही होगी। ज्ञातव्य है कि सोशल मीडिया पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा ऐसी सूचना भेजी गई है कि 23 दिसंबर को होने वाली परीक्षा आगामी 5 जनवरी को आयोजित होगी जो पूर्णतः गलत एवं भ्रामक है। अतः सभी परीक्षा केन्द्र के अधीक्षकों, परीक्षा नियंत्रकों एवं परीक्षार्थियों के साथ ही संबंधित सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि 23.12.25 की परीक्षा यथावत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23.12.25 को ही संचालित होगी।

# आवास योजना 2.0 के तहत 34,236 लाभुकों के जोड़े गए नाम

## बीडीओ ने बैठक कर वर्ष 2024 के चयनित लाभार्थियों का किया सत्यापन

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** आवास प्लस 2.0 योजना के तहत धनरूआ प्रखंड के अंतर्गत वर्ष 2024 में जोड़े गए लाभुकों के नाम का सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में बीडीओ सीमा कुमारी की अध्यक्षता में पीएम आवास योजना में चयनित लाभुकों का सत्यापन करने को लेकर बैठक हुई। बैठक में आवास पर्यवेक्षक, कार्यपालक सहायक तथा सभी पंचायत के पंचायत सचिव, विकास मित्र और पंचायत रोजगार सेवक उपस्थित थे। बीडीओ ने बताया कि जनवरी से अप्रैल तक कराए गए आवास योजना सर्वे में चयनित लाभुकों का नाम सत्यापन



का कार्य प्रारंभ किया गया है। प्रत्येक पंचायत में कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया गया है। जो 12 बिंदुओं के अंतर्गत आते हैं वैसे लाभुक आवास योजना के अपात्र समझे जाएंगे। 12 बिंदुओं में वैसे परिवार जिनके पक्का आवास हो, मोटर युक्त तीन पहिया या चार पहिया कृषि उपकरण, 50000 रुपए अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड, परिवार में कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यमी वाले परिवार, परिवार के कोई सदस्य को 15000 से अधिक प्रति माह आमदनी, आयकर देने वाला परिवार, व्यवसाय कर देने वाले परिवार, जिनके पास ढ़ाई एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो तथा पांच एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि हो वैसे लाभुक आवास योजना के श्रेणी में नहीं आयेंगे। इस बैठक में आवास प्लस 2.0 योजना 2024 के तहत सर्वेक्षित परिवारों के शत प्रतिशत सत्यापन का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने सभी आवास सहायकों को विशेष निर्देश दिए। उन्हें वर्ष 2024 की आवास प्लस योजना सूची में शामिल परिवारों की पहचान करने के लिए सभी वार्डों में जाने को कहा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के चयन में किसी भी प्रकार की हेराफेरी को रोकना है। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि विभागीय निर्देशानुसार सर्वेक्षित परिवारों का सत्यापन शत-प्रतिशत करना अनिवार्य है। अयोग्य लाभुकों का सत्यापन सही ठहराए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि चेकर द्वारा सत्यापन किए जाने के बाद कुछ लाभुकों का सत्यापन वरीय पदाधिकारियों से दोबारा कराया जाएगा।

# नदौल उत्पाद चौकी पर 8.52 लाख की शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** पटना गया नेशनल हाईवे पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के उत्पाद चौकी नदौल पर एक्साइज पुलिस की बड़ी कारवाई की है। जहां तकरीबन 8 लाख 52 हजार की अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। जो झारखंड से पटना डिलीवरी करने के लिए पिकअप वैन के जरिए भारी मात्रा मे शराब ले जायी जा रही थी। जहां नदौल उत्पाद चौकी पर मुस्तैद एक्साइज पुलिस ने उसे समय रहते दबोच लिया। हालांकि भगाने के दौरान एक पुलिसकर्मी मामूली रूप में चोटिल भी हुआ है। जब्त अंग्रेजी शराब में कुल 1117 बोतल अंग्रेजी शराब है, जो 72 पेटी में भरकर ले जाया जा रहा था। जिसमे 36 पेटी रम अंग्रेजी शराब में कुल 436 बोतल, वहीं 16 पेटी ब्लेंडर प्राइड में 193 बोतल के अलावा रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब की 20 पेटी में 488 बोतल शामिल है। जब्त कुल अंग्रेजी शराब की बाजार मूल्य 8 लाख 52 हजार रुपए है। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि यह शराब झारखंड से पटना डिलीवरी करने जा रहा था और न्यू ईयर पार्टी का जश्न बनाने की तैयारी थी जिसे समय रहते एक्साइज पुलिस की तत्परता से शराब पकड़ा गया जिसमें दो की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार व्यक्तियों में एक पिकअप वैन का चालक संजय सिंह पिता मुन्ना सिंह हनुमान नगर रातू रोड रांची वहीं दूसरा कुमुद रंजन मिस्त्री पिता बलिराम मिस्त्री कैथी वेली औरंगाबाद का है।

# वर्षों से लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**पालीगंज (पटना)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सोमवार को पटना पश्चिमी के एसपी भानु प्रताप सिंह पालीगंज थाना पहुंचे। यहां उन्होंने थाने का निरीक्षण किया और आम लोगों की समस्याएं सुनते हुए जन सुनवाई की। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने में टांगे गए क्षेत्र के शीर्ष अपराधकर्मियों की सूची का अवलोकन किया। पिछले कई वर्षों से लंबित मामलों की गहन समीक्षा की और उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। जन सुनवाई में आए भूमि विवाद से जुड़े मामलों पर उन्होंने थानाध्यक्ष को अंचल अधिकारी के साथ जनता दरबार के दिन समन्वय कर मामलों का समाधान करने को कहा। वहीं, जिन मामलों में कानून का कोई हस्तक्षेप आवश्यक नहीं था, उन्हें मौके पर ही सुलझा दिया गया। थाने में पुलिस कर्मियों के लिए आवास और बैरक की सुविधा नहीं होने पर एसपी ने थाने के पीछे खाली पड़ी जमीन पर पुलिस बैरक व आवास निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर विभाग को भेजने की बात कही। साथ ही थाने में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी विभाग को पत्र लिखने का बात कही। इस अवसर पर पालीगंज एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, थानाध्यक्ष सुमन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# भूमिहीनों पर बुलडोजर के खिलाफ की आवाज बुलंद

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती हिलसा के अनुमंडल कार्यालय के समीप भाकपा माले ने सोमवार को मनरेगा को खत्म करने वाली मोदी सरकार एवं बिहार में भूमिहीन ठेला फुटपाथ पर चल रहे बुलडोजर राज्य के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया। जिसमें सैकड़ो मजदूर किसानों और ठेला फुटपाथ दुकानदारों ने हिस्सा लिया। धरना में उपस्थित लोगों ने मनरेगा का नाम बदलकर रखना बंद करो, चुनाव से पहले 10000 रुपया, चुनाव के बाद बुलडोजर राज नहीं चलेगा नहीं चलेगा, बरसों से बसे गरीबों के बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये उजाड़ने की कोशिश बंद करो, ठेला फुटपाथ दुकानदार की रोजी-रोटी की वैकल्पिक व्यवस्था करो, भाजपा जदयू की सरकार गरीबों को उजाड़ना बंद करो आदि के आक्रोश पूर्ण नारे लगाए। धरना की अध्यक्षता खेत ग्रामीण मजदूर सभा के प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने किया, उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जब से भाजपा जदयू की सरकार प्रचंड बहुमत लेकर बिहार में बनी है गरीबों भूमिहीन ऊपर कहर बरपा रही है जिसका जीता जागता उदाहरण है की अनुमंडल में जो बरसों से बसे हुए भूमिहीन परिवार हैं उनको उजाड़ने की नोटिस दे रखा है। भाकपा माले के बैनर तले खेत ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने गरीबों के ऊपर हो रहे जुल्म और अत्याचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की कसम खायी। मनरेगा जो गरीबों के लिए योजना लाई गई थी और यह कानून राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया था मनुवादी विचारधारा के लोग मनरेगा कानून को बदलकर वी बी जी राम जी रखने जा रहे हैं जो गलत है। वक्ताओं ने कहा कि चारों तरफ गरीबों पर हमला जारी है। गरीबों की शिक्षा और स्वास्थ्य का बाजारीकरण कर दिया गया है। धरना स्थल पर उन्होंने अनुमंडल के तमाम गरीब मजदूर छात्र नौजवान किसानों को एकजुट होकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई को तेज करने का आह्वान किया। आंदोलन का लोकतांत्रिक तरीके से हर रूख अख्तियार करने को मजबूर होगी इस मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव अरुण यादव,खेग्रामस के जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव, दिनेश कुमार यादव, मुनि लाल यादव, रामदास अकेला, चुन्नू चंद्रवंशी, ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद, दिनेश पासवान आदि थे।

# रेल एसपी ने सीईआइआर पोर्टल का उपयोग खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने और ट्रैक करने पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** पटना रेल एसपी राजीव रंजन सिंह ने सोमवार को तारेगना रेल थाना पहुंचकर सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक करके उन सबों के बीच सीईआइआर पोर्टल का उपयोग खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने और ट्रैक करने के लिए करने पर जोर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने जनता से आग्रह किया कि ऐसे मामलों में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के साथ-साथ इस सरकारी पोर्टल का भी इस्तेमाल करें।



गौरतलब है की सीईआइआर का मतलब सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर है। जो यह पोर्टल खोए या चोरी हुए मोबाइल उपकरणों को देश भर के सभी नेटवर्क पर काम करने से रोक देता है, भले ही उसमें सिम कार्ड बदल दिया जाए। उपयोगकर्ता को सबसे पहले पुलिस में एफआईआर दर्ज करानी होती है, और फिर उस शिकायत की कॉपी के साथ ceir.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने फोन का IMEI नंबर ब्लॉक करने के लिए अनुरोध (रिक्वेस्ट) सबमिट करना होता है। इससे चोरी हुए फोन का दुरुपयोग रोका जा सकता है और पुलिस को फोन ट्रैक करने में मदद मिलती है। अनुरोध सबमिट करने के बाद एक रिक्वेस्ट आईडी मिलती है, जिससे स्टेटस चेक किया जा सकता है और फोन मिलने पर उसे अनब्लॉक भी किया जा सकता है। रेल एसपी ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस तकनीकी समाधान का उपयोग करना चाहिए ताकि अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके( मौके पर तारेगना रेल थानाध्यक्ष राजू कुमार दुबे, सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार समेत सभी रेल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ 23वां अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** भव्य शोभायात्रा के साथ सोमवार को 21 वें अंतरराष्ट्रीय तय मैथिली सम्मेलन की शुरुआत पुनौराधाम में हुई। सीता प्रेक्षागृह से शुरू हुई पारंपरिक शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जानकी जन्म भूमि पर जाकर समाप्त हुई। डा खुशबू झा सुरभि के गाये गोसाउनि गीत से उद्घाटन सत्र की विधिवत शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद द्वय डॉ गोपाल जी ठाकुर, देवेश चंद्र ठाकुर, विधायक बैद्यनाथ प्रसाद, गायत्री देवी, श्वेता गुप्ता, अनिल राम, पूर्व विधायक, मिथिलेश कुमार, राम




नरेश प्रसाद यादव, समाजसेवी प्रो उमेश चंद्र झा, जिला भाजपा अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संजय सरावगी ने कहा कि राम जन्म भूमि पर विशाल मंदिर का निर्माण के बाद जानकी प्राकट्य स्थली पर भव्य मंदिर निर्माण का शुभारम्भ होना निश्चित रूप से गर्व की बात है। अब मैया सीता की जन्म भूमि का उद्धार होना अवश्यंभावी है। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में स्थित माता सीता के जन्म भूमि के दर्शन के बिना रामलला का दर्शन अधूरा है। क्योंकि बिना सिया के राम स्वयं अधूरे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में अपना विचार रखते हुए दरभंगा के सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि जगत जननी मां जानकी का चरित्र संपूर्ण भारत के सांस्कृतिक चेतना की केंद्रीय भावना में सन्निहित है। पूरी दुनिया में अगर हमारी संस्कृति सर्वश्रेष्ठ संस्कृति के रूप में स्थापित है तो यह भगवान श्रीराम और माता जानकी के द्वारा प्रस्तुत आदर्श उदाहरण के कारण ही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि माता जानकी के बगैर राम की कल्पना नहीं की जा सकती। क्योंकि भगवान राम ने अपने जीवन में विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए जिस मर्यादा को स्थापित किया वह बिना सीता के सहयोग के संभव नहीं था।

अतिथियों का स्वागत करते हुए महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने मिथिला एवं मैथिली के वर्तमान यथास्थिति की विस्तार से चर्चा की। बैजू ने कहा कि यह सम्मेलन हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने के साथ ही मिथिला और अयोध्या के जन-जन को एक बार फिर से सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधने में मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पंडित कमलाकांत झा ने जनक नंदिनी सीता की जन्मभूमि मिथिला को निराकार ब्रह्म को साकार करने वाली धरती बताते हुए इसे कुशल व्यवहार के माध्यम से सभ्यता एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का केंद्र बिंदु बताया। पहले दिन के कार्यक्रम में पुनौरा धाम के महंत कौशल किशोर दास प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य धर्मेंद्र नाथ मिश्र भास्कर ज्योति एवं भास्कर ज्योति को मिथिला रत्न सम्मान प्रदान किया गया वहीं मैथिली क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी, सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, प्रो काशीनाथ झा, प्रो दयानाथ झा, डॉ संजय कुमार झा, डॉ खुशबू झा सुरभि, प्रो उमेश चंद्र झा, डॉ वरुण कुमार आदि को मैथिली रत्न सम्मानोपाधि से अलंकृत किया गया। मौके पर विधायक सुनील कुमार पिंटू, श्वेता गुप्ता, रेखा गुप्ता, बैद्यनाथ प्रसाद, गायत्री देवी, पंकज मिश्रा, सुधीर चंद्र झा, सत्यप्रिय झा, सुधीर मिश्रा, विद्यापति झा, बीके मिश्रा, डॉ सुधांशु शेखर चौधरी, रंजीत मिश्रा, विनय कुमार मिश्रा एवं डॉ राजेश सुमन को जानकी सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

## दो बाइकों की भिडंत में डेंटर की मौत

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** पटना गया फोरलेन पर राजा बीघा और चंदाचक गांव के बीचो-बीच दो बाइकों के भिडंत में एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत मौके पर ही हो गई है। जिसकी पहचान बैजू मिस्त्री लवाईच धनरुआ निवासी के रूप में बताई जा रही हैं दरअसल मृतक चारपहिया वाहन का डेंटर मिस्त्री का दुकान चलाता है दुकान बंद कर वह अपने घर जा रहा था उसी दरमियान नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार मे जा रहे एक बाइक के ठोकर लगने से वह दूर तक फेंका गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### बिहार में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी

**फुलवारीशरीफ।** बिहार में ठंड का असर लगातार बना हुआ है। राजधानी पटना में सोमवार को सुबह धूप खिलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली, लेकिन देर शाम ठंड ने फिर बढ़त दिखाई।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/585, दिनांक** 19.12.2025, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : **'ई'-निविदा सं. एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/29/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल के नॉर्थ एवं मेन सेक्शन पर सर्ज प्रोटेक्शन डिवाइस सहित अर्थिंग सिस्टम का पुनर्वास। **निविदा मूल्य :** रु. 2,19,66,422.50, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,59,800/- **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 01.01.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 15.01.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 15.01.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहां उपलब्ध है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित किया जाना है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** कोई भी सिग्नल या टेलीकम कार्य जिसमें सिग्नल या टेलीकम केबलों की खुदाई, बिछाया जाना और परीक्षण शामिल है या कोई अन्य विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-314/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# हर पंचायत में बनेगा कन्या विवाह एवं महादलित भवन

## नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी का कई जगहों पर हुआ नागरिक अभिनंदन

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक अरण मांझी का लगातार विभिन्न पंचायत में नागरिक अभिनंदन किया जा रहा है। ऐसे में सोमवार को हसनपुरा, जगपुरा, दरियापुर, भैसवां एवं भैसवां मठ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा विधायक गांव-गांव में इन दोनों घूम घूम कर गांव की हर एक समस्या का भी जायजा भी लेते नजर आ रहे हैं और वितीय वर्ष में विभिन्न योजना का भी चयन किया जा रहा है। नागरिक अभिनंदन के



दौरान संबोधन में विधायक अरुण मांझी में कहा कि हम खुद हर गांव में घूम-घूम कर वहां की जन समस्या से रूबरू हो रहे हैं और हर पंचायत में जो भी समस्या होगी इस योजना में लेकर काम करवायें। विभिन्न जगहों पर घूम-घूम कर छठ घाट बनाने, पुलिया, सड़क बनाने का भी योजना से रूबरू हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि हम मसौढ़ी में विधायक बनकर राज करने नहीं बल्कि बेटा और भाई बनकर सेवा करने आए हैं और हम खुद हर समस्याओं का आकलन कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी जिला मिडिया सेल पटना, अशोक कुमार शर्मा, विजय कुमार यादव जिला परिषद प्रतिनिधि, चंदन कुमार, भुषण पासवान, पप्पू सरपंच, साधु मुखिया, शंकर दयाल सिंह, राम भरत सिंह आदि शामिल रहे।

# भूमि अभिलेखों में सुधार को लेकर अंचल कार्यालय में चल रहा राजस्व महाअभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन के अंचल कार्यालयों मे इन दिनों राजस्व महा-अभियान चल रहा है, जिसका लक्ष्य 31 दिसंबर तक भूमि अभिलेखों (जमाबंदी) में सुधार करना और भूमि संबंधी समस्याओं का समाधान करना है। दरअसल उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने फर्जीवाड़े पर प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं, और इस अभियान के तहत लोगों को घर तक पहुँचकर या अंचल कार्यालयों में कैंप लगाकर मदद की जा रही है, ताकि नामांतरण, बंटवारा और रिकॉर्ड में गलतियों जैसी समस्याओं का निवारण हो सके। मसौढ़ी अंचलधिकारी प्रभात रंजन एवं धनरूआ अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी से इस पूरे मामले में बात की गई तो उन्होंने बताया



कि भूमि अभिलेखों (जमाबंदी) की अशुद्धियों को दूर करना, जैसे नाम, पिता का नाम, खाता-खेसरा, रकबा में गलती सुधारना और बिना दाखिल-खारिज जमीन का ऑनलाइन करना। राजस्व महा-अभियान' भूमि रिकॉर्ड को ठीक करने और लोगों को उनके घर के पास या कार्यालय में भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान का एक बड़ा अवसर दे रहा है, जिसके लिए 31 दिसंबर की समय सीमा निर्धारित है। इस पूरे अभियान में अंचल अमीन एवं राजस्व कर्मचारी को लगाया गया है।

# बिहार विधानसभा में मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी बने सचेतक, मिली अहम जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक अरूण मांझी को जदयू ने महत्वपूर्ण दायित्व सौंपते हुए बिहार विधानसभा में सचेतक नियुक्त किया है। जिसको लेकर मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में समर्थकों में काफी खुशी की लहर हैं। सचेतक बनाए जाने पर विधायक अरूण मांझी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो भरोसा जताया है. उस पर वे खरा उतरने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करेंगें। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह

## जिम्मेदारियों पर उतरेंगे खरा : मांझी

जिम्मेवारी उनके लिए गौरव व प्रेरणा दोनों है. नियुक्ति की जानकारी मिलते ही पूरे मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की. विधायक अरूण मांझी ने बताया की सचेतक की भूमिका सदन में सरकार और पार्टी के लिए बेहद अहम मानी जाती है। उनका दायित्व विधायकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, पार्टी लाइन के अनुसार मतदान कराने और सदन की कार्यवाही के दौरान अनुशासन बनाए रखने का होता है। सचेतक को मोटे तौर पर राज्य मंत्री के समकक्ष दर्जा प्राप्त होता है, जिससे उनकी जिम्मेदारियां और प्रभाव दोनों बढ़ जाते हैं।

मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष अश्वनी उर्फ गोल्डी, कुमारी खुशबूरानी, लालमोहन सिंह, शिल्पी ठाकुर, चंद्रकला सिन्हा, अशोक सिंह, नागेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, वेद प्रकाश, ललन आजाद, मुखिया रानी कुमारी, सुषमा कुमारी आदि ने बधाई दी है।

# शोध के महत्व एवं उसके विभिन्न आयाम पर व्याख्यान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** साहित्य में शोध के लिए अनुसंधान योग्यता का होना अनिवार्य है, अनुसंधान रुझान की वजह से ही शोध की गुणवत्ता बढ़ती है, शोधार्थियों को पुराने और नए शोध कार्य- प्रणालियों एवं दृष्टिकोण से परिचित होना आवश्यक है। ये बातें प्रो आफताब अहमद आफ़ाकी ने कहीं। बतौर मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो आफ़ाकी ने अपने व्याख्यान में कहा कि शोध विषय चयन से लेकर संदर्भ- ग्रंथ सूची तक विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने पाठ संपादन की महत्ता एवं कार्य- प्रणाली पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। बता दें, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर उर्दू विभाग द्वारा सोमवार को 'शोध के महत्व एवं उसके विभिन्न आयाम' पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का आरंभ विभागाध्यक्ष डॉ गुलाम सरवर के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने प्रो आफ़ाकी की साहित्यिक रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उर्दू साहित्य का अमूल्य धरोहर बताया। इस व्याख्यान में प्रो मो आफताब अशरफ, डॉ मो शमशाद अख्तर, डॉ मो मोतिउर रहमान, डॉ नासरीन सुरैया, फरहत जबीं, शोधार्थी खुर्शीद आलम, मो मारूफ आलम, मुकद्दर अंसारी और प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## मो. इफ्तेकार अहमद उर्दू और डॉ राजकुमार साह वाणिज्य विभाग के नए विभागाध्यक्ष

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 के आलोक में उर्दू और वाणिज्य विभाग में नए विभागाध्यक्षों की नियुक्ति के आदेश दिए हैं। इस संबंध में कुलसचिव कार्यालय द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। मालूम हो कि, उर्दू विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो गुलाम सरवर के तीन वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के क्रम में मिल्लत कॉलेज, दरभंगा के प्रो मो इफ्तेकार अहमद को विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सह- निदेशक प्रो दिनेश प्रसाद गुप्ता के 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति होने के क्रम में एएनडी कॉलेज, शाहपुर पटौरी, समस्तीपुर के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ राजकुमार साह को विभागाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में औरंगाबाद की उपलब्धियां राज्य औसत से ऊपर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में औरंगाबाद जिला लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और कई प्रमुख योजनाओं में इसकी उपलब्धियां राज्य औसत से अधिक दर्ज की गई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना, मनरेगा और वृक्षारोपण जैसी योजनाओं की समीक्षा में जिले की प्रगति संतोषजनक पाई गई है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बताया कि लंबित मामलों में तेजी लाने और समयबद्ध निष्पादन के निर्देश भी दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक पूर्ण एवं सत्यापित आवासों की उपलब्धि में औरंगाबाद जिले का औसत 85.50 प्रतिशत रहा, जबकि राज्य का औसत 80.21 प्रतिशत है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में स्वीकृति, किस्त भुगतान और आवास पूर्णता के विभिन्न चरणों में भी जिले की प्रगति राज्य औसत से बेहतर रही। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास



योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 की समीक्षा में भी जिले की उपलब्धि राज्य औसत से अधिक पाई गई। विशेष रूप से वित्तीय वर्ष 2025-26 में दोनों योजनाओं के तहत 100 प्रतिशत स्वीकृति दर्ज की गई है। ग्रामीण विकास विभाग और मनरेगा में ग्राम पंचायतों में खेल मैदान योजनाओं की प्रगति की स्थिति भी बेहतर है. जिले की कुल 202 पंचायतों में से 120 पंचायतों में खेल मैदान योजनाएं स्वीकृत हैं। कुल 135 योजनाओं में से 116 पूरी हो चुकी हैं, जबकि 19 योजनाएं प्रगतिरत हैं। इस तरह जिले की कुल कार्य पूर्णता 85.92 प्रतिशत रही। मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक व्यक्ति-दिवस सृजन की उपलब्धि लक्ष्य के विरुद्ध 93.24 प्रतिशत रही। इसमें महिलाओं की भागीदारी 52.19 प्रतिशत और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की भागीदारी 24.39 प्रतिशत दर्ज की गई। 80 और 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मनरेगा श्रमिकों के आधार प्रमाणीकरण यानी ई-केवाईसी की स्थिति की समीक्षा में जिले का प्रतिशत 62.48 पाया गया, शेष श्रमिकों का ई-केवाईसी शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत मनरेगा अभिसरण से जुड़े आवासों में दिसंबर 2025 तक 48.69 प्रतिशत मस्टर रोल सृजन दर्ज किया गया है। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में सार्वजनिक और निजी वृक्षारोपण की प्रगति 69.88 प्रतिशत रही, जो राज्य औसत 54.96 प्रतिशत से काफी अधिक है।

# पात्र लोगों को मिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से दाउदनगर में 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह का स्वागत करते हुए कहा कि पदस्थापन के पश्चात यह उनका दाउदनगर में प्रथम आगमन है, जिससे उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल के चयन में यह प्रयास किया गया कि आयोजन जिला मुख्यालय से दूरस्थ क्षेत्र में हो, ताकि प्रशासन सीधे आमजनों के बीच पहुंच सके। इसी उद्देश्य से दाउदनगर प्रखंड का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का दायित्व केवल कार्यालय तक सीमित न रहकर जनता के द्वार तक पहुंचाना



है, ताकि आमजन को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान हेतु अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर आवेदन करें, जिनका निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागीय स्टॉलों का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा वहां उपस्थित आवेदकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, लेबर कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड एवं राशन कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही 04 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल प्रदान कर उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शिविर के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कुल 28 स्टॉल लगाए गए। इनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, निःशक्तता पेंशन योजना, बैंकिंग सेवाएँ, खाता खोलने की सुविधा, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, सात निश्चय-2 अंतर्गत नल-जल योजना, कौशल विकास योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना आदि शामिल रहीं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर दवा वितरण, नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण, रक्त जांच, आयुष्मान भारत कार्ड एवं यूडीआईडी कार्ड से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए हैं। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी, दाउदनगर नगर परिषद अध्यक्ष अंजली कुमारी, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, सिविल सर्जन लालसा सिन्हा, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर के पलटने से चालक समेत दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के गमहारी गांव स्थित ब्रह्म स्थान के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान थाना क्षेत्र के ही मुखतारपुर टोले सरेया गांव निवासी अनिल कुमार चंद्रवंशी एवं मिश्र करमा टोले बाबूलाल बिगहा निवासी शिवा कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि मृतक अनिल कई साल से सुंदरगंज बाजार स्थित इसरार अंसारी के घर पर रहकर मजदूरी करता था। इसरार अंसारी की गिट्टी, छड़, सीमेंट का दुकान है। रविवार की देर शाम अनिल ट्रैक्टर पर सीमेंट, छड़ और गिट्टी लेकर शिवा कुमार के साथ किसी गांव में पहुंचाने गया था। दोनों ने सीमेंट, छड़ व गिट्टी को ग्राहक के पास सुरक्षित पहुंचा दिया। इसके बाद दोनों ट्रैक्टर से वापस सुंदरगंज बाजार लौट रहे थे। जैसे ही दोनों थाना क्षेत्र के मौआर खैरा गांव होते हुए सुंदरगंज रोड में गमहारी गांव स्थित ब्रह्म स्थान के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के लिए गड्ढे खुदवाए गए थे, जिसकी भराई नही की गई थी। घना कोहरा होने के कारण अनिल को कुछ दिखाई नहीं दिया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके नीचे दबने से दोनों की मौत हो गयी। सूचना पर थानाध्यक्ष संजीत कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को बाहर निकाला। इसके बाद शव की पहचान कर घटना की सूचना परिजनों को दी।

# उत्तर कोयल परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण में हुई महत्वपूर्ण प्रगति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के तहत प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। परियोजना के अंतर्गत कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है, जिसमें से अब तक 36.2182 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष 5.0328 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। यह जानकारी जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की समीक्षा बैठक में सोमवार को दी। बैठक में बताया गया कि भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर, अम्बा, औरंगाबाद, मदनपुर और गया द्वारा की जा रही



है। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होते हुए गया जिले में प्रवेश करती है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत कुल नौ पैकेज, पैकेज तीन से पैकेज ग्यारह तक शामिल हैं, जिनकी कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर है। इसमें से लगभग 12 किलोमीटर गया जिले में तथा शेष 61.69 किलोमीटर औरंगाबाद जिले में स्थित है। परियोजना की नियमित और सतत समीक्षा मुख्य सचिव द्वारा की जा रही है। मुख्य सचिव द्वारा की गई उच्चस्तरीय समीक्षा के आलोक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के त्वरित और निर्बाध क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने अंचल अधिकारी नवीनगर, कुटुम्बा, मदनपुर, देव और रफीगंज तथा कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद, मदनपुर, अम्बा, नवीनगर और गया को निर्देशित किया कि परियोजना से संबंधित शेष भूमि के हस्तांतरण सहित सभी आवश्यक औपचारिकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद को सामाजिक प्रभाव आकलन के लिए निर्धारित राशि संबंधित संस्थान को अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि वैधानिक प्रक्रियाओं में किसी भी स्तर पर विलंब न हो और परियोजना का कार्य समयबद्ध रूप से आगे बढ़ सके। इस समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आपसी विवाद में चले ईंट-पत्थर, सात लोग जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** फ़ेसर थाना क्षेत्र के सिमरा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर ईंट-पत्थर चले, जिसमे एक पक्ष से सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में शिवपूजन राम, रामजी राम, बलिराम राम, पतिराम राम, मंजू कुमारी, संगीता कुमारी व विनेश राम शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि विनेश का बेटा गांव के ही एक व्यक्ति के दरवाजे पर शौच कर दिया था। इसके बाद उन लोगों द्वारा विवाद किया जाने लगा। विनेश द्वारा शौच साफ करने की भी बात कही गयी। इसके बाद दूसरे पक्ष वालों ने गांव वालों को इकट्ठा कर लिया और आवेश में आकर ईंट-पत्थर फेंककर मारना शुरू कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर ईंट-पत्थर चले। घटना के बाद सभी जख्मियों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। इस घटना में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल चिकित्सकों द्वारा सभी का इलाज किसा जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस घटना में दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग जख्मी हुए है लेकिन उनसे संपर्क न होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका। थानाध्यक्ष सह पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु ज्योति कुमारी ने बताया कि मारपीट की जानकारी मिली है। घटनास्थल पर पुलिस की टीम भी जांच पड़ताल करने गयी थी। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जबरन निर्माण कार्य को लेकर सीओ और किसानों के बीच झड़प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारत माला परियोजना के तहत निर्माणाधीन वाराणसी कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। यह निर्माण कार्य कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के चिरैयाटांड़ और चिंतावन बिगहा गांव के बधार में सोमवार को निर्माण कार्य शुरू है। इस पर किसानों ने भारी विरोध जताया है। किसानों का कहना है कि मुआवजा दिए बगैर सरकार प्रशासन की मदद से जबरन उनकी जमीनों पर कब्जा कर रही है। इस दौरान कार्यस्थल पर किसानों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच जमकर झड़प हुई। उन्होंने अंचल कार्यालय को भ्रष्टाचार का अखाड़ा बताया। मौके पर उपस्थित भारतीय किसान यूनियन के नेता राज कुमार सिंह ने बताया कि किसान पिछले डेढ़ वर्षों से मुआवजा से संबंधित कागजात बनवाने और मुआवजा लेने के लिए अंचल से लेकर जिला मुख्यालय तक चक्कर काट रहे हैं, परन्तु चिरैयाटांड और चिंतावन बिगहा के किसानों का न तो कागजात तैयार हो सका और ना ही किसी को मुआवजा राशि दी गई। जबरदस्ती प्रशासन के दम पर किसानों की जमीनों पर कब्जा कर लिया गया। उन्होंने बताया कि निरंकुश प्रशासन ने कुछ किसानों के पके हुए धान के फसल को भी रौंद दिया। किसान भीखराज सिंह ने कहा कि हमारे साथ न्याय नहीं होता है तो सीओ के खिलाफ अंचल कार्यालय पर आत्मदाह कर लेंगे। चिंतावन बिगहा के किसान मंगल पांडेय ने कहा कि अंचल कार्यालय में दलालों की पूजा किए बगैर किसी का काम नहीं होता। कागजात होने के बावजूद डेढ़ साल में कई किसानों का एलपीसी नहीं बन पाया है। वहीं कई किसान परिमार्जन करवाने के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने फोन पर बताया कि विगत पच्चीस अगस्त को पटना में किसानों की मुख्य सचिव साथ वार्ता हुई थी जिसमें किसानों की कई मांगों को माना भी गया था परन्तु धरातल पर अधिकारी उल्टा काम कर रहे हैं। हमलोग बहुत जल्द राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री से मिलने पटना जाएंगे। अगर अधिकारी नहीं सुधरे तो हम चक्का जाम और आंदोलन करेंगे।


